Sir, Mr. Yechury, while speaking, mentioned about mobilisation of international opinion. One feature which I have noticed after this attack is the overwhelming support, sympathy and expression of solidarity that we have received from the international community. Sir, more than 16 Heads of the States and Governments spoke to the hon. Prime Minister. Almost every Head of the State and Government sent message. A very large number of Foreign Ministers, almost everyday, since 27th November, have takled to me over telephone expressing their solidarity with us, extending their support, if we need, in this hour of difficulty. So, there is no lack of mobilisation of international support, because the message which we have conveyed and we

have conveyed very clearly... In my conversations as well as in the conversation with the Prime Minister is that this is not an India-Pakistan issue, this is a part of global terrorism. The terrorist activities are spreading, cutting across the territorial borders. Terrorists are no respecters of any geographical territory; it is an international phenomenon. Therefore, it has to be looked into from that perspective. And, the international community will have to fight against this terror.

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश): सर, अभी श्री अरुण शौरी जी ने और येचुरी जी ने भी यह दोहराया है कि भारत के चारों तरफ जितने देश बचे हैं - नेपाल, चीन, ये तो नहीं बोलते, वे लोग बोलते हैं, म्यांमार भी बोल देते हैं, नेपाल से लेकर बंगला देश होते हुए श्रीलंका तक जितने देश हैं, उनमें से कोई भी हमारा दोस्त नहीं है, बल्कि किसी न किसी तरह से वे terrorist activities को बढ़ावा दे रहे हैं। मैं उम्मीद करता था कि मंत्री जी उसका जवाब देते, लेकिन वे तो दूर-दूर के देशों की दोस्ती और उनकी शुभकामनाएं, जितने घाव लगे हैं, उनकी मातमपुर्सी की चर्चा कर रहे थे। मैं सोचता था कि वे बहुत विद्वान हैं और मैं उनकी इज़्ज़त भी करता हूं। मैं चाहता हूं कि वे इस बात को जरूर बताएं कि ये नज़दीक के लोग हमारे दोस्त क्यों नहीं रहे।

SHRI PRANAB MUKHERJEE: Janeshwarji, I have just started. I have completed only a few sentences. Please wait and have some patience. When I talk of the international opinion, it includes the international opinion coming from our neighbourhood also. The Foreign Ministers, the Heads of States, the Heads of Governments of every country, which you have referred to, have talked to us. I myself had discussions with the president of Sri Lanka, with the Foreign Minister of Nepal, with the Foreign Minister of Pakistan also, Therefore, please have some patience. And, I do not subscribe to the view that all our neighbouring countries are not friends of India. Each and every one of them is a close friend of India. If somebody believes that all of them are subscribing to terrorism, he may have that belief but I do not subscribe to the belief that every neighbouring country is indulging in terrorist activities against India. It is not that. Therefore, we shall have to keep in mind that when we are expressing our views on the floor of this House, we shall have to be a little careful. Mr. Chairman, Sir, this debate is being watched by the entire international community, including our neighbours, to see how, after this incident, the Members of Parliament, representing all cross-sections, are responding to a situation that is considered an attack on India's sovereignty. So, everybody is watching how India is going to respond to it; how the leaderships of the political establishments, represented in both the Houses, are going to react to it. Keeping that in view, I would most respectfully, as one of your ex-colleagues and — if I claim, I may not be wrong — perhaps, as the longest serving Member of this House, like to submit that we shall have to keep that in the back of our mind while making our observations. 'Yes', we may have different views and different perceptions. On more than one occasion and more often than not, they will manifest themselves. After all, what is democracy? Democracy is the co-existence of dissensions. Without dissensions, there cannot be proper democracy. There will be divergence. There will be dissensions. But, there will be also occasions when the two Houses, political parties and political establishments will stand united

and talk collectively. This is a menace on which we shall have to fight collectively. 'Yes', we can find fault. There is no harm in discussing and analysing it. But at the end of it, this menace has to be fought. There is no denying this fact. I was talking of the international dimension of the problem. It required detailed planning. I was not aware I don't know how many hon. colleagues sitting here were aware that Nariman House; a particular place known as Nariman House was the hub of Jewish activities. Somebody coming from outside had detailed information. Why was it fixed as a target? It is not that just some terrorists are coming and throwing grenades or suicide bombers are coming and just activating the explosives, killing their targets. The entire nature, as the hon. Home Minister has elaborately explained in his statement, was totally different. Its enormity, its ferocity, its dimension, the strength of its operations speaks of how much time, how much energy, how much training, how much planning was necessary for this oberation. The point which I am trying to drive at is, the needle of suspicion Points to Pakistan. Therefore, I sent my demarche to the Pakistani authorities. I spoke to the Foreign Minister. He was very much in India. He was my honoured guest. I had invited him to discuss how to improve Indo-Pak relationship, not only at the Governmental level but at people-to-people level. On 27th of last month both of us were to address a seminar at Chandigarh where participants, apart from the Government officials, included a cross-section of people representing the general public. He came for that and it was also a part of his unfinished bilateral visit because when he came in response to my visit in May 2008, he had to rush back and cut short his visit because of a bereavement in his family. So, he wanted to fulfil these two objectives. In between, these things happened. When it happened, on 28th I talked to him. I spoke to him over phone. Shri Janeshwar Mishraji was a senior Minister in the Government, surely, he knows and many of you know that we do not make these types of conversations casually. These conversations are recorded and they are called Speaking Notes in diplomatic language. I conveyed that diplomatic Speaking Note; every word of it was recorded and it was from the written text. I suggested three things to him. I suggested that we would expect Pakistan to act; to act to fulfil its own commitments, modes Not once, but twice, commitments made by the highest authorities in the Governments. On 6th January, 2004, in a joint statement issued by the then Prime Minister, Shri Atal Bihari Vajpayee and the then President, Shri Parvez Musharaff, the President committed that the territory of Pakistan would not be allowed to be used by terrorists. This was reiterated on 24th September, 2008, in a joint statement issued by the President Shri Asif Ali Zardari and the Prime Minister, Dr. Manmohan Singh — the same assurance — that the territory of Pakistan would not be allowed to be used by terrorists. What I said in the demarche was to call on Pakistan to fulfil this commitment. The banned organisation, Lashkar-e-Taiba, has been

declared as a banned organisation, but is operating under another name. Jamat-ud-Dawah. It is just the change of name, or, the change of sign -board. Persons are the same, leaders are the same and objectives are the same. Please take action against it. Please take action against those persons who have taken shelter in your country, who have violated Indian laws. Kindly hand them over to us. And, not merely words, please act. words are no consolation. Not only to Pakistan but also to every interlocutor with whom I have had conversation, I have pointed out Indian people's sense of outrage and their feeling of anger. Please recognise that. And, it is required that words must be followed by action. Merely flat denial is not going to help. It has to be acted upon. And you fulfil your own commitments. What you have asked us, we have given the names, not of one or two persons but of 42 persons. Meetings at the level of the Home Secretaries of India and Pakistan, at the level of the Foreign Secretaries have been held and four meetings of the joint anti-terror mechanism have also been held. This mechanism was established in November 2006. March 2007 onwards, in every meeting — four meetings have taken place — we give these names but the response which we get is a flat denial. That is why we had to point out and we pointed out that unless these issues are addressed, the business, as usual, cannot go on. This aspect has to be kept in view. Somebody might have come out with a thesis that it is not possible to defeat this country through open war; therefore, inflict thousand cuts. Let them die bleeding. Somebody may have this fancy idea but our people are not going to die bleeding. India is emerging and India will rise. India has emerged as a strong economic power, more than a trillion dollars ecohomy. Despite the worldwide melt down, in most of the ratings of our economic growth, the minimum growth which has been projected by the World Bank is more than six per cent, even in today's newspapers, it is 7.5 - 8 per cent, which is the ening of the world.

But that is a different story. The Finance Minister will be dealing with it at the appropriate time. The short point which I am trying to drive at is that if you want to cause harm to the others, if you create a Frankenstein a master, ultimately it is the lesson of history and civilisation, that the master destroys its creators. Umpteen examples could be cited. Therefore, I do appreciate the complexity of the internal arrangement of Pakistan. But I cannot help it. I cannot interfere in it. I cannot make any comment on it. It is for them to address that issue. We have to deal only with the incumbent Government. Now, whether the incumbent Government is in a position to deliver or not is not my look-out. I cannot look into it. With whom shall I have to interact? I have to interact with Foreign Minister, with President, with Prime Minister, with the established Government, not with somebody, the so-called real power behind the scene. That may be practical politics. But that is not the domain of diplomacy, and, in the international arena, I shall have to deal with establisted Government. Therefore, I shall have to convey to the Foreign Minister. Unfortunately, a canard was spread

3.00 P.M.

that I telephoned the Pakistan President. Later on, it was discovered that it was a hoax call. Most respectfully, I would like to submit, Sir, that only once in my life I had a discussion, not telephonic, but face-to-face, oral discussion, with the President when I visited Pakistan in May, 2008. I called on him because I knew his wife when she was the Prime Minister of Pakistan in the first half of the nineties. On several occasions I had interactions with her. I knew her for quite some time. In fact, I was very keen to go and pay homage when she was killed but because of the prevailing situation in Pakistan, I could not go there. Therefore, when the new democratic Government came, perhaps, India was the first country to send its Foreign Minister to have interaction with the newly elected Government. You have noticed that during the entire period, I have never commented a word, uttered a word, about the internal situation of Pakistan because when I was confronted by the foreign journalists, my response was 'I have great belief in the resilience of Pakistan's system, they will address their own problems. They will find a solution.' Therefore, when the democratic Government came to power, was in place, I went there, started discussions, began the 5th round of composite dialogue, invited Foreign Minister. But after that, Kabul happened. On the 7th of July, there was an attack on an Embassy in Kabul. As per international law, attack on an Embassy is the attack on sovereignty, attack on the country. In the height of war, as per Vienna Convention, Embassies and Missions ought to be honoured. Afgan investigations pointed out the involvement of some elements in Pakistan. When we drew the attention of the Pakistan's Prime Minister and Foreign Minister to that, we got the response, 'we don't believe that evidence, we will investigate ourselves and we will let you know.' We are still waiting for the outcome of their own investigation into the Kabul incident.If, after Kabul, Mumbai follows, can it be taken as business as usual, can these incidents be erased or kept aside? I told my interlocutors in the international community that these issues ought to be addressed; you persuade them, you prevail upon them and you help them overcome their internal problem if there be any. I have no comment on it. I would not like to make any comment on their internal situation, internal mechanism and method of functioning. It is for them to adress that. When there was the military government, we cooperated with them, but not at the dictats of somebody. That has been our practice. Whoever comes and gets recognised as the incumbent government, we recognise them. We are not to decide whether there will be a democratic government, whether there will be a military government or whether there will be an oligarchical government. It is for the people of the country to decide, not us. We recognised them. And, in our Foreign Policy, I must emphatically point out, that we do not believe in export of ideology. We believe that we cannot alter our neighbours. Neighbours are going to stay there and we have to live in peace with the neighbours. The question is whether we would live in peace or in perpetual tension. During the entire period that we have been in office, even earlier, our

efforts have been to live in peace. Therefore, there will be no lack of peace initiative. But, at the same time, these issues ought to be addressed; and addressed adequately.

A point has been raised that we should move international institutions like the United Nations Security Council. Yes, we have moved where it was found necessary that we should move. As per the Resolution of the UN Security Council, a committee was set up, it was the *Al Qaida* and *Taliban* sanctions committee. When we pointed out that evidence is available that the outfit in Pakistan, *Jamat-ud-Dawah*, was an extension of Lashkar-e-Toiba under a different name, and asked them to take action against them, I am happy to inform the House, they have taken action against them; it has been put in the banned list. I read the speech of the representative of Pakistan in the UN Security Council. He said that if the UN Security Council bans it, we shall ban it in Pakistan. We said, 'fine, you ban it'. What we suggeshed in the demarche was — don't do it at our request; do it on your own, but please do it. You carry out inveshigations under your own law but please make efforts to do it seriously. Don't repeat what you did after the attack on Parliament. The same persons were arrested; the same organisations were declared banned when international pressure mounted. And we have seen what happened after that.

Somebody has been put under house arrest. What does house arrest meen in a criminal case? We understand that somebody is on bail given by the court or if somebody is in judicial custody or police custody. But these persons were openly making speeches and statements, indulging in anti-Indian activities. Therefore, we demanded dismantling of the infrastructure, training camps and logistic facilities, which were being made available to these terrorist outfits.We are not lacking in cooperation. On October 21st, we initiated cross LOC trade between our two countries. We opened the bus routes starting from Lahore, and till today, there have been umpteen instances where we have extended our hand of co-operation. But, if somebody takes the hand and tries to twist it and expect that I will accept it without protest, I am afraid, that is too much. It cannot be allowed. The time has come when words must be followed by action and that is the simple request which we are making. Surely, we would not like to make Kashmir an international issue. We told our international interlocutors that this is an issue to be dealt with as per Shimla Agreement, as per Lahore Agreement. It will have to be resolved bilaterally, however difficult, however strenuous, however time consuming it may be. There is no scope of any third-party intervention and we stick to that. Therefore, we would not like to internationalise it. It is as simple as that. Whatever arrangements, gaps in the security apparatus and other areas are; I am not the competent to respond. The Home Minister and the Prime Minister are the competent persons. They will respond and reply. But, from the international point of view, certain facts have to be shared. Another point, which we have very respectfully pointed out to the Pakistani authorities, is that you are saying that the Government is not responsible. I have never claimed, I have, never accused that Pakistan Government is

responsible. Very carefully, I have used the words 'elements in Pakistan'. If they come from Pakistan, if the controller operates from Pakistan, if the satellite phone available on the ship records the conversation with the persons located in Pakistan, what does it mean? These things cannot be completely ignored. That is simply not possible. This is the short point which we have conveyed very clearly, unmistakably and we expect that they will act. And, if they do not act, then, it cannot be expected that there will be business as usual. There will be some sort of a situation which we do not want because we strongly believe that our development is linked together. But, there must be arrangements in place within the system prevailing in Pakistan to control these elements. And, they themselves are suffering because of it. Therefore, instead of shielding them or protecting them, please take action against them. They have suggested a high-level delegation. What would be the impact of the high-level delegation? What will it mean? There is no dearth of talks. There is no dearth of mechanisms. Joint anti terror mechanism is there; Framework of Composite Dialogue is there; eight subjects have been identified, and where we want, we can have talks; we have had talks. Till now the Indus, Water, Treaty Pact is working well. Despite open declaration of word, nobody violated the conditions of that Treaty. But in the area of taking concerted actions, strong actions against terrorism, I am afraid that, there is something lacking which is to be addressed. This is the message we have conveyed clearly to them and to all other international interlocutors with whom we have had discussions. Surely, we are in touch with everybody, and we are are strongly against internationalising, or making any effort to internationalise, India-Pakistan relationship, or Kashmir issue. Those are not issues under discussion at all.

These attacks as a part of global terrorism have to be addressed but it has to be addressed with patience, with courage and with conviction. There is no need to unnecessarily become too strong in formulations, in our approaches. I do not believe in it. If somebody suggests that there should be an eye for an eye, I do not subscribe to that because Gandhiji once said, in that case, the whole world will be blind. I believe in that. Many years ago, Moses, perhaps, brought out this philosophy of "An eye for an eye, and, a tooth for a tooth" but today the civilization has made more advancement. We would like to resolve the issues coolly, and, we do hope that good sense will prevail.

I remember having read the article of Mr. Zardari, I appreciated it. I felt the anguish of the man who lost his wife in the senseless terrorist attack, and, the letter which she wrote to the then President was really revealing. It was published by a publishing house of London. I quoted a few lines from that book in the other House. I would not like to quote it again. But the message is that a complex system had been created in Pakistan, and, she said that everything is a circle within a circle, there was no straight line. Perhaps time has come when there should be straight lines. Sir, it would help them, and, it would help us. Thank you, Mr. Chairman, Sir.

श्री जनेश्वर मिश्र: शुक्रिया, चेयरमैन साहब। मैं इस समय उस पार्टी में हूँ, जो पार्टी सरकार का समर्थन करती है और मैं बड़े संकट में था कि क्या मुझे कुछ समर्थन में बोलना पड़ेगा, लेकिन मुझे खुशी हुई कि जो लोग विरोध में थे, उन लोगों ने भी कह दिया कि हम आपके साथ हैं। यह एक बार और हुआ था। पार्लियामेंट पर हमला हो गया, कुछ छोटी-छोटी बन्दूक की गोलियाँ लगी थीं। अटल बिहारी वाजपेयी साहब उधर बैठते थे, प्रणब मुखर्जी जी और मनमोहन सिंह जी इधर बैठते थे। अटल जी आए और उन्होंने कहा कि आर-पार की लड़ाई होगी। अगर ये शब्द याद होंगे हमारे भाजपा के मित्रों को और कांग्रेस के मित्रों को, तो ये शब्द निकले थे। इधर से कांग्रेस के लोगों ने और पूरे सदन ने उनको आश्वासन दिया था कि हुजूर लड़ें, हम लोग आपके साथ हैं। प्रणब जी चले गए। अबकी बार इनकी पार्टी को भी सारे ऑपोजीशन ने उसी तरह से कहा कि हुजूर आतंकवाद को समाप्त करें, हम आपके साथ हैं। सभापति महोदय, यह आतंकवाद कोई ऐसा खेल नहीं है कि यह राजनीति से समाप्त हो जाएगा। राजनीतिकर्मी तो सभ्य होता है, चाहे जिस पार्टी, जिस किसी सोच का हो। आतंकवादी असभ्य होता है, बुजदिल होता है और भगोड़ा होता है। उसके तीन चेहरे होते हैं। केवल हिन्दुस्तान में आजादी की लड़ाई के दौरान कुछ हथियारबंद लोग निकले थे, जो मकसद बना कर निकलते थे कि फलाँ को मारना है। जनरल डायर को मारना था तो एक नौजवान लक्ष्य बनाकर निकला और जा कर मार दिया।

यह मुम्बई में जो कुछ भी हुआ है, उसके कारण हम लोग भी इतने तनाव में हैं, सरकार भी बोल रही है और देश भी थोड़ा गर्म है। मुम्बई में जो लड़के मारने आए थे, वहां पर जो लोग मर गए, क्या वे उन्हीं को मारने आए थे? वे किसको मारने आए थे? जो लोग मरे हैं, उनको मारने आए थे? उन्होंने हमला किया, उसमें हिन्दू भी था, मुसलमान भी था और ईसाई भी था, जैसा भाई लोगों ने बताया, लेकिन क्या वे उनको मारने आए थे? उनका मक़सद किसी को मारना नहीं होता, उनका मक़सद एक आतंक पैदा करना होता है और आतंक मनुष्य की स्वाभाविक कमजोरी है। कमजोर आदमी जब अपने से मज़बूत के साथ लड़ना चाहता है तो छिप करके लड़ता है और मज़बूत मन का आदमी अपने से मज़बूत से या कमज़ोर से लड़ना चाहता है तो खुल कर लड़ता है, लेकिन ये छिप कर लड़ने वाले लोग हैं। यह कहा जा सकता है कि कुछ राष्ट्र उनकी मदद कर रहे हैं। सब पड़ोसी राष्ट्र कर रहे हैं।

विदेश मंत्री जी ने सफाई में कहा कि वहां के फलाँ मिनिस्टर से, फलाँ राष्ट्रपति से जो संदेश मिले हैं और जो बात-चीत हुई है, वे हमारे बहुत नज़दीक के दोस्त हैं, लेकिन फिर भी उन सभी देशों से आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है, उनके द्वारा उन्हें शरण दी जा रही है। जितने देश हमारे इर्द-गिर्द पड़ोस में बसे हुए हैं, श्रीलंका से लेकर म्यांमार तक, चूंकि शायद हम कमजोर हैं, इसलिए हमारा कोई साथ नहीं देना चाहता है। यह नोट करना पड़ेगा कि कमजोर पड़ोसी या कोई देश दूसरे देश का तभी मददगार होता है, जब वह जान जाता है कि इसमें थोड़ा दम है। इस समय हम लोग बिना दम के हैं। हमको खुद नहीं मालूम है कि हम अभी बाहर निकल कर जा रहे हैं, कोई हमको बम मार कर भाग जाएगा। हम सुरक्षित नहीं हैं और यह हालात बहुत दिनों से चल रहे हैं, करीब 25 साल से यह चल रहा है। दुनिया भर के उन लोगों के मन में, जो अल्पसंख्यक थे, कहीं न कहीं किसी कोने में यह भाव आया और कि भारत का अल्पसंख्यक असुरक्षित है। जब बाबरी मस्जिद गिराई गई थी, उससे पहले हिन्दुस्तान में आतंकवाद नहीं था, ऐसी घटनाएं उसके बाद शुरू हुईं। कुछ पंजाब वालों ने शुरू किया, लेकिन बाद में दोस्त बन गए, कुछ असम वगैरह में भी होता है, मिज़ोरम में होता है। यहां वाला आतंकवाद है, जिसका पाकिस्तान में एक सैंट्रल ऑफिस रहता है, बाकियों का बहुत दूर-दूर से चलता है और पता नहीं वे किधर से कब मार दें। आजकल यह सब समुद्री रास्तों से बहुत हो रहा है। आपके नवल फ्रंट को ठीक करने के लिए रक्षा मंत्री जी को कइयों के माध्यम से सलाह दी गई हैं, क्योंकि ये आतंकवादी समुद्र के रास्ते आ गए। ये कभी किसी रास्ते आते हैं, कभी किसी रास्ते आते हैं। थोड़े दिनों तक हममें भी मुम्बई की घटना का राष्ट्रीय उन्माद रहेगा। यह हमारी राष्ट्रीयता नहीं बोल रही है, यह राष्ट्रीय

उन्माद बोल रहा है और थोड़े दिनों के बाद यह ठंडा पड़ जाएगा। बेहतर होता कि भारत की सरकार और हम सब भारत के लोग इस राष्ट्रीयता का, जो उन्माद के रूप में आई है, थोड़ा बहुत अपने देश के लिए फायदा उठा लेते। फायदा उठाना इसलिए भी जरूरी है कि हमसे भी ज्यादा पाकिस्तान बिगड़ा हुआ है। हम यह सलाह तो कभी नहीं देंगे लड़ाई लड़ी जाए या दोनों देशों में जंग छेड़ दी जाए।

सभापति महोदय, हम लोग अपनी ही मैनेजमेंट में फंस जाते हैं। हमारे बगल में पाटिल साहब बैठे हुए हैं, बहुत पहले उस सदन में हम भी थे, तब से हमारे इनके संबंध हैं। जब पिछली मर्तबा स्टेशन पर बम फटे थे, तब यह गृह मंत्री थे, तो हमने इनको सलाह दी थी कि क्यों नहीं आप इस्तीफा दे देते और अगर उस समय वे इस्तीफा दे देते तो आज ये देश के बहुत बड़े नेता होते।

उस समय इन्होंने नहीं दिया। अब की बार जिस दिन घटना हो रही थी या घटना हो गई थी, उस दिन भी दिये होते तो आपका कद बहुत ऊँचा हो जाता, कद को जल्दी नापा नहीं जाता, लेकिन 5-7 दिन बाद आपने इस्तीफा दिया तो लगा कि जबरदस्ती आपको हटने के लिए कहा जा रहा है। जिन्दगी में आदमी कभी-कभी मौका खो देता है।

सरकार के अंदरुनी इंतजाम के बारे में मैं कुछ नहीं कहूँगा। हमारे गाँव में एक बहुत रईस था। वह अपने दरवाजे पर एक चौकीदार रखता था। वह मूँछ रखे हुए रहता और भाला-वगैरह ले कर खड़ा रहता था। एक दिन चौकीदार अपनी रिश्तेदारी में जाने लगा तो उनका जो मुनीम था, जो उनके घर का हिसाब-किताब रखता था, बही-खाते रखता था, उसे कहा कि चौकीदार तो चला गया है, तुम ही दो दिन भाला लेकर वहाँ खड़े हो जाओ। इस समय पाटिल साहब के हटने के बाद इस सरकार के खजाने के जो मंत्री थे, जब वह होम मिनिस्टर बने तो हमें अपने गाँव के उन्हीं ठाकुर साहब और उनके चौकीदार की बात याद आ गई। अब यह बेचारे कितना हिसाब-किताब कर पाएँगे मैं नहीं जानता, लेकिन उनकी थोड़ी-सी याद आ गई। चिदम्बरम साहब जब फाइनांस मिनिस्टर थे, तो उन पर हमारे मित्र अमर सिंह जी बहुत बोलते थे। अब देखना है कि होम मिनिस्टर रो रहे हैं, तो इन लोगों के क्या रिश्ते बनते हैं। ये लड़ाइयाँ चलती रहती हैं। सिर्फ मिनिस्ट्री बदल देने से काम नहीं चलेगा, इंतजाम बदलना पड़ेगा। आपके जितने ये पुलिस के बड़े अफसर हैं, चाहे वे डी0जी0 हों या उसके ऊपर के हों, ये एक भी आतंकवादी को कभी नहीं पकड़ सकते हैं और न ही वे मौके पर जा सकते हैं। वे लड़ने वाले नहीं होते हैं। इनकी ट्रेनिंग के बारे में, इनकी नौकरी के बारे में सोचना पड़ेगा।

मुम्बई स्टेशन पर 55 लोग एक प्लेटफॉर्म पर मारे गए। इस स्टेशन को पहले विक्टोरिया टर्मिनल कहा जाता था, आज कल छत्रपति शिवाजी टर्मिनल कहा जाता है। उस स्टेशन पर 55 लोग एक प्लेटफॉर्म पर लाइन में खड़े थे और दो लोगों ने जाकर उन्हें गोलियों से भून दिया। वहाँ डिब्बों में पुलिस थी, जी0आर0पी0 और आर0पी0एफ0 दोनों थीं। एक क्लोज़ सर्किट टी0वी0 होता है, जो हर प्लेटफॉर्म पर लगा रहता है, लेकिन 13 नम्बर प्लेटफॉर्म का आम तौर से कटा हुआ रहता है। वहाँ वह कभी नहीं चलता है, क्योंकि उस प्लेटफॉर्म से सिर्फ दूर-दूर की गाड़ियाँ जाती हैं, जैसे- चेन्नई की गाड़ी जाएगी, बिहार की गाड़ी जाएगी। उन गाड़ियों में गरीब आदमी बैठता है और ये दोनों सिपाही वहाँ पर वसूली का काम करते हैं ....**(व्यवधान)**.... दोनों वहाँ वसूली का काम करते हैं। एक पैसेंजर से 50-100 रुपए लेकर ऊपर का बर्थ दिला दिया, बगल की सीट की बर्थ दिला दिया। वे जेनरल डिब्बे में यही करते रह जाते हैं। इसके लिए वह क्लोज़ सर्किट काटी गई रहती है। वहीं पर गोलियाँ चली हैं। हम कितने बेईमान हैं, उस बेईमानी का आतंकवादी फायदा उठाएगा कि नहीं? क्या दुनिया में आतंकवाद भ्रष्टाचार के पेट से पैदा होता है कि नहीं, इसे इस संसद को नहीं, इस दुनिया को सोचना पड़ेगा, हम कितने भ्रष्ट हैं। यह पुलिस का सिपाही भ्रष्ट नहीं होता है। वह जो रुपया लेता है, उसे वह बड़े अफसर को पहुँचाता है। उसका बड़ा अफसर अपने बड़े अफसर को पहुँचाता है। पुलिस का सिपाही मेहनत करना जानता है। उसका डी0आई0जी0 और डी0जी0 मेहनत करना नहीं जानता। उसके दरवाजे पर आठ लोग उसकी सेवा में मुस्तकिल रहते हैं। बड़े-बड़े अफसरों की सेवा में 8-6 इस तरह के दरजे बने हुए हैं। हम रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित कैसे रहेंगे? जैसा कि हमारे दोस्त येचुरी साहब ने कहा था कि कायदन हमारी सुरक्षा के लिए एक लाख पर 250 से ज्यादा सिपाही होने चाहिए।

आज 125 हैं और ये सिपाही भी क्या हैं? आम तौर पर हमने गांवों में देखा है कि सिपाही कोई बंदूक नहीं रखता, एक डंडा या बेंत रखता है। अब बेंत या डंडे से लड़ने का जमाना निकल गया है। ये जो आतंकवादी पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आ रहे हैं, ये बढ़िया हथियार लेकर आ रहे हैं। बेंत और छड़ी से तो हमारे भा0ज0पा0 के मित्र लोग अपने बच्चों को ट्रेनिंग दिया करते थे। ये लोग लाठी लेकर चला करते थे। वे हाफ पेंट पहनकर आते थे और पार्कों में खेलते थे। लाठी का जमाना बहुत पहले गुजर चुका है। अब बड़े-बड़े हथियार आ रहे हैं, लेकिन हमारे सिपाहियों को बेंत दिया गया है। किसी-किसी बड़े थाने पर सिपाही पीठ पर बंदूक लादकर चलता है, लेकिन उसके भोजन का इंतजाम कहीं नहीं होता है। आज इनकी भर्ती कई बुनियाद पर क्यों होती है? क्यों नहीं पुलिस डिपार्टमेंट में सभी की भर्ती सिपाही के रूप में की जाए और उसके तजुर्बे और मेहनत के आधार पर उसको ऊपर का ओहदा दिया जाए। आज वह रिटायरमेंट तक सिपाही ही रह जाता है। उसकी हालत पर अभी कुछ मित्रों ने कहा है कि उनके रहने के लिए बस्ती नहीं है। सिर्फ इतना ही नहीं उनके बच्चों की पढ़ाई का इंतज़ाम नहीं है। वे बड़ी बदहाली में रहते हैं। वह बड़े साहब की सब्जी जुटाता रहता है, वह अपनी हिफाज़त क्या करेगा? सभापति महोदय, एक तो हमें इस विषय में सोचना पड़ेगा।

दूसरी बात क्या हम इतनी ज़लालत में आ गए हैं कि एक मामूली मार खाने से, मैं इसे मामूली मार ही मानता हूं क्योंकि किसी आतंकवादी के हमले से हिंदुस्तान गुलाम नहीं होता। इससे केवल हमारे चेहरे तमतमाएंगे और हम गुस्सा करेंगे। सभापति महोदय, अगर कोई हमको सड़क पर गाली देता है तो वह हमारे साथ अभद्रता करता है और हमको गुस्सा आता है। इसी तरह हमको गुस्सा दिलाया गया है। क्या हम इतने कमजोर हो गए हैं कि अब स्वतंत्र राष्ट्र नहीं रहेंगे? हो सकता है 15-20 दिन या एक महीना नहीं बोल पाएंगे, लेकिन हम यह तो नहीं कर सकते कि अमेरिका की तरह बोल दें कि जिस किसी ने यह हरकत की है, हम उसको नष्ट कर देंगे, जो कोई रुकावट बनेगा हम उसको नष्ट कर देंगे। आपकी इतनी ताकत भी नहीं है कि पूरा अफगानिस्तान खत्म कर दो, लेकिन अगर आप साफ कहते हो कि वे पाकिस्तान में रहते हैं, वे पाकिस्तान की जानकारी में रहते हैं, उनकी आइडेंटिटी है क्योंकि हमने सुना है कि वहां दो-चार लोग गिरफ्तार हुए हैं और ये दो-चार लोग वैसे ही हैं जैसे कि महाराष्ट्र की सरकार ने राज ठाकरे को मेहमान के तौर पर गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी कोई गिरफ्तारी नहीं कही जा सकती, लेकिन हमें उनको सख्ती से कह देना है कि सख्ती से निपटो या हमें सौंप दो और नहीं ... और नहीं के बाद बहुत देर नहीं लगानी चाहिए, कह देना चाहिए कि तुम या दुनिया जो चाहे तय करे, हम पाकिस्तान से कोई राजनीतिक संबंध नहीं रखेंगे और अपना राजदूत वापिस करेंगे। अगर हिम्मत है तो इतनी मांग कर लो। इसमें कोई झगड़ा भी नहीं हो रहा है। सभापति महोदय, कहीं-न-कहीं दबाव बनाना पड़ता है। आज भारत के दबाव का मतलब दुनिया के नक्शे पर होता है, लेकिन खाली कहना कि हुज़ूर हमको मारा जा रहा है, जरा देख लीजिएगा, ऐसा कहने से काम नहीं चलता है। यह बात तो गरीब आदमी गांव में बोला करता है। आप एक तरफ बोलते हो कि मजबूत राष्ट्र हो, आप ने वह आतंकवादी पैदा किया जो लक्ष्य बनाकर मारा करता था ये तो बुज़दिल किस्म के आतंकवादी हैं। आतंकवादी हमारे यहां भी हुए हैं जो लक्ष्य बनाकर चलते थे, ये तो बड़े गंदे किस्म के लोग हैं। नाथूराम गौड़से ने महात्मा गांधी को मारने का लक्ष्य बनाया था। आज उसका नाम लेने का मन नहीं करता, लेकिन मजबूत आतंकवादी था। हिंदू ज्यादा तादाद में हैं, गांधी जी ने पाकिस्तान के पक्ष में कुछ बयान दिया था, एक दिमाग पागल हो गया और पागल होकर वह मुंबई से चला और आकर गांधी जी को मार दिया। यह लक्ष्य मजबूत होता है और खतरनाक होता है। खतरनाक तो कमजोर लक्ष्य वाला भी होता है, लेकिन दोनों में फर्क करना पड़ता है और फर्क यह करना पड़ता है कि आज से 50-60 साल पहले हम और पाकिस्तान एक ही घर में थे। वह हमारा भाई था। उसके भी बच्चे हैं, लेकिन उनके दिमाग में हमारे खिलाफ, देश के खिलाफ, भारत के खिलाफ आज जहर भरा जा रहा है।

भाई-भाई जब अलग होते हैं तो बच्चों के दिमाग में यह जहर भरा जाता है, खास तौर से छोटा भाई अपने बच्चों को बड़े भाई का दुश्मन बनाकर के छोड़ता है। जहर भरा जाता है कि सारी सम्पत्ति लूट ली, सब ले गया,

बाप की कमाई रख ली, हमको कुछ नहीं दिया। यह घरों के बंटवारे में हुआ करता है। पाकिस्तान छोटा भाई है, भारत बड़ा भाई है, हमें जल्दी हथियार या डंडा उठाने की तबियत नहीं करेगी, क्योंकि हम इंसान भी हैं, दया भी करना जानते हैं। लेकिन थोड़ा कड़ा होने की जरू रत है क्योंकि उसकी ओर से बार-बार यह हरकत होती है। सभापति महोदय, अंत में मैं यह भी कह देना चाहता हूँ कि उसका रास्ता यह नहीं होगा कि हम वर्तमान आतंकवाद से छुट्टी पाएं। किसी जमाने में जिन्ना और उनके पुरखों ने जो सपना देखा कि एक अलग से देश बन जायेगा, भारत तोड़ दिया जायेगा, क्यों नहीं मनमोहन सिंह और उनके बच्चे यह सपना देखा करें कि जो देश किसी जमाने में तोड़ा गया था, वह लाइन मिटायी जा सकती है, दुनिया के बहुत से देशों की मिटायी गई है और उसके लिए हिन्दुस्तान के अल्पसंख्यक लोगों का दिल जीतना पड़ेगा। सभापति महोदय, जब मुम्बई का कार्यक्रम समाप्त हो गया तो उसके बाद दो नारे लगे थे, हम टेलिविजन पर देख रहे थे, 'भारत माता की जय', 'वन्दे मातरम्'। ये बुरे नारे नहीं हैं। मैं यह नहीं कहता, मैं इनका सम्मान करता हूँ, लेकिन क्या इन नारों से कुछ लोगों को चोट नहीं लगती है? यह नारा लगाने की जरूरत थी? कई चीजें बहुत अच्छी होती हैं, जैसे राम का नाम बहुत अच्छा है, लेकिन मंदिर तोड़ते समय जब लोगों ने 'जय श्री राम' का नारा लगाया तो लगा कि हम बड़े दुष्ट हैं, मंदिर-मस्जिद तोड़ता है। जब 'जय श्री राम' का नारा लोगों ने लगाया था तो मुझे लगा था। राम बहुत ही महान थे। बहुत सी महान चीजों को कुछ ऐसे लोगों के मुँह से कहलवा कर के कुछ लोगों के मन में चिढ़ पैदा करवाई जाती है। वोट के फायदे के लिए यह हरकत की जा सकती है सभापति महोदय, लेकिन इसका बहुत योगदान नहीं होता। आखिर पाकिस्तान हमारा छोटा भाई है, वह गर्दिश की हालत में है, हम भी बहुत अच्छी हालत में नहीं हैं। उसको समझा-बुझा करके मिलाना चाहिए, कोई भी एजेंसी मिलाये। सरकारी एजेंसी नहीं मिलाया करती, इसके लिए जनता की एजेंसियां होती हैं और उनको मिलाने के लिए थोड़ा सा अपनी आँख का जो लाल रंग है उसको ढीला करना पड़ेगा, बार-बार तेवर दिखाना नहीं पड़ेगा, क्योंकि तेवर दिखाने वाले लोग और भी बुजदिल होते हैं।

सभापति महोदय, अभी जब मुम्बई का यह कांड हुआ है, तो इधर मुम्बई में एक नाम बहुत चला था राज ठाकरे का, लगता था कि मुम्बई में तूफान पैदा कर देगा। राज ठाकरे और बाल ठाकरे घरों में छिप गए। हमारे घर में एक बिल्ली थी, वह बड़ा तंग करती थी, बड़ा उधम करती थी। जब बेटी की शादी हुई, बारात आई तो खूब बड़े-बड़े बाजे बजने लगे, तब वह बिल्ली एक कोने में जाकर छिप गई। बड़ा बाजा बहुत काम करता है, उसका पता ही नहीं लगा कि वह कहाँ है। लेकिन वह कुछ लोगों को देखकर अपनी लाल आँख दिखाता था। लाल आँख से मुल्क और सरहद टूटने और बंटने का खतरा होता है। अपने से कमजोर को बार-बार लाल आँख दिखाओगे, हाथ उठाओगे तो हो सकता है कि उससे सरहद टूट जाये, खतरा आ जाये, घर टूट जाये और जो लोग भी दिखाते हैं, उन मित्रों से कहना चाहता हूँ कि इसका कोई मतलब नहीं कि पाकिस्तान में कौन सा संगठन बैन हुआ, कब हुआ कब नहीं हुआ, ये बैन तो पॉलिटिकल डिसिजन्स हुआ करते हैं। इंदिरा जी के जमाने में इमर्जेन्सी में आर0एस0एस0 बैन्ड था। श्री शरद यादव और आर0एस0एस0 के सभी लोग जेल में दोस्त की तरह रहते थे। साथ खाना खाते थे, गप लड़ाते थे। मैं कट्टरवाद पर कह रहा हूं, अपने बच्चों को कट्टरवादी मत बनाइए। कुछ लोग बना रहे हैं और उसको अपनी दौलत समझते हैं। अगर आपके बच्चे आपकी दौलत हैं तो दूसरों के बच्चे भी कट्टरवादी हो रहे हैं, वे उनकी दौलत बनेंगे। इसलिए यह मत करना, बच्चों को अच्छी बात सिखाओ। सभापति महोदय, हमने सदन में एक दिन ऐसे ही कह दिया था कि यहां कोई एक मुस्लिम नौजवानों का संगठन है, उसका नाम मैं नहीं लूंगा, ये और आर0एस0एस0 वगैरह सब एक ही हैं, बड़ा हल्ला मचा था। हमने माफी भी मांगी भाइयों से कि तुम बुरा क्यों मान रहे हो, कहो तो माफी मांग लें, लेकिन दिमाग जब कट्टरपंथी हो जाता है, चाहे डंडा लेकर हो, चाहे बंदूक लेकर हो, उसको बैन भी कर दीजिए, तो भी वह सुधर नहीं पाता है। तो मैं अपने लोगों से कहूंगा, बहुसंख्यक समाज के लोगों से भी कहूंगा कि नौजवानों को कट्टरपंथी बनाओगे तो यह सरहद पक्की हो जाएगी और अल्पसंख्यक समाज के लोगों से भी कि नौजवानों

को कट्टरपंथी मत बनाना, क्योंकि आखिर हम लोगों का जो सपना था, हमारे नेता डा0 लोहिया का जो सपना था, हमारे नेता राम गोपाल का सपना, शरद यादव का सपना, हर आदमी जो कम्युन्लिज्म के खिलाफ है, उसका सपना हुआ करता है कि यह जो नकली किस्म की दीवार अमृतसर के आसपास बनी है, इसको खत्म किया जाए और हम लोग एक बनकर रहें। इसमें कहीं न कहीं कट्टरपंथी रुकावट डालते हैं या ये लड़के रुकावट डालेंगे, पागल बनाए गए हैं। मंत्री लोग चले गए, लेकिन मैं इतना कहूंगा कि ऐसा एक कदम उठाना चाहिए कि सरकार का दुनिया पर दबाव दिखाई दे। चाहे पाकिस्तान से अपना राजदूत वापिस बुलाएं, चाहे कुछ करें, थोड़ा समय दें। समय नहीं देना था तो जब यह हो रहा था उसी समय कोई कार्रवाई लाहोर पर भी कर देते तो आपको कोई अपराधी नहीं कहता। मुम्बई के समय ही कोई कार्रवाई कर दिए होते, कश्मीर जाने की जरूरत नहीं थी, उसी दिन कर दिए होते तो कोई बुरा नहीं कहता, लेकिन अब वह नहीं हो पाएगा। मामला घंटे-घंटे में चूक जाया करता है और जब चूक जाता है तो कोई साथ नहीं देता।

इसलिए, सभापति महोदय, मैं यह कहकर खत्म करुंगा कि बहुत धीरज की जरूरत है। मुल्क राष्ट्रीय उन्माद में है, लेकिन यह उन्माद घबराहट में है। जब हमारे जैसा आदमी बोलता है कि पार्लियामेंट के बाहर जाऊंगा तो पता नहीं कौन मार दे, तो पूरे देश के आदमी की रूह कांप रही है। हम लोग चूंकि राजनीति करते हैं, स्वाभिमानी हैं, लेकिन जब यह सरकार कहती है कि दुनियाभर में हमें माहौल तैयार करके तब कदम उठाना है और माहौल के नाम पर बड़े मालिक से पूछने लगती है कि क्या करें, कुछ मदद करोगे, तो अरुण शौरी हमको ठीक लगने लगता है। हम जो कुछ भी बोल रहे हैं, हमको कभी-कभी डर लगता है कि हमारी भाषा से इन लोगों को ताकत न मिल जाए। इसलिए हम आपके साथ हैं। क्योंकि इन लोगों की ताकत का मतलब है हिन्दुस्तान के तीस करोड़ मुसलमानों के दिल में दहशत पैदा करना। इसलिए हम सोशलिस्ट कोई भी ऐसी हरकत नहीं करना चाहते या जो भी कोई प्रगतिशील लोग हैं, वे इन लोगों को ताकत नहीं देना चाहते। फिर हम आपके पीछे खड़े हैं, आपका समर्थन कर रहे हैं, आप जो भी कदम उठाइए। थोड़ा सा भारत का गौरव गिरा है। हम बड़ा मकान बनाकर भी रखें और पता लगे कि इस मकान में रहने वालों को जो भी आता है, दो जूते मारकर चला जाता है, तो हमारे बड़े मकान की कोई शान नहीं रहती है। हम बड़े देश हैं, इससे थोड़ा गौरव हमारा गिरा है और रोज गिरता है। हम तो आतंकवादियों से भी कहते हैं कि तुम दिल्ली के आसपास जहां कहीं भी कोई घटना कर देते हो, तो हम प्रगतिशील लोगों के वोट दो सैंकड़ा और घट जाते हैं और भाजपा के वोट दो सैंकड़ा बढ़ जाते हैं। जब कभी यह घटना होती है तो दुनिया के सामने मत जाइए कहने के लिए, फरियाद करने के लिए, जो आता है चांटा मारने, उसको वहीं जैसे का तैसे दांव मारकर गिरा दीजिए। मैं खत्म कर रहा हूं। सभापति जी, मैं अब समाप्त कर रहा हूं। क्या आप घंटी नहीं रखते हैं?

श्री सभापति: मैं घंटी बजाना नहीं चाहता हूं।

श्री जनेश्वर मिश्र: सभापति जी, मैं इस राय का हूं कि यह इतनी बड़ी घटना हो गई है कि यदि इसका माकूल जवाब भारत ने नहीं दिया तो हमारी जगहंसाई होगी, लोग हम पर हंसेंगे, हमारा मज़ाक उड़ाएंगे, कहेंगे कि यह बिना रीढ़ का देश है, इसको कोई भी ठोककर आ सकता है। इससे हमारे स्वाभिमान को चोट लगती है। इसलिए आप एक मज़बूत कदम उठाइए। जैसे हमने सलाह दी कि आप राजदूत को वापस ले लें, यह मामूली घटना नहीं होगी, कोई और कदम उठाइए, और नहीं तो जहां लश्कर वगैरह का सेंटर है, आप पाकिस्तान से कह दो कि महीने, दो महीने में यदि तुम उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं करते हो, तो वह जगह हमें बता दो, हम उसे अपने निशाने पर लेकर उस जगह को उठाकर ले आएंगे, तुम बुरा मत मानना। बुरा मान भी जाए, तो उसके बाद भी वह जगह उड़ा देनी चाहिए और उस जगह को खत्म कर देना चाहिए, जहां इस तरह से बच्चों को ट्रेनिंग दी जाती है।

सभापति जी, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और यहां उपस्थित विपक्ष के सभी लोगों को भी धन्यवाद देता हूं कि सभी लोगों ने लगभग एक स्वर से सरकार को कह दिया है, पहले भी हम लोगों ने कहा

था, इस सदन के माध्यम से कहा था। यह इस सदन की परंपरा रही है कि यदि मुल्क के ऊपर कोई खतरा आता है, तो सदन के सभी लोग थोड़ी-थोड़ी खामियां गिनाते हैं और उनका कोई मतलब नहीं होता है, यह कहते हैं कि सभी लोग आपके साथ हैं। हम आपसे एक निवेदन जरूर करेंगे कि ये जो आपके अफसर हैं, ये भ्रष्टाचार के मामले में बहुत आगे बढ़ चुके हैं। पहले तो हम समझते थे कि केवल पोलिटिकल लोग ही भ्रष्ट होते हैं, लेकिन इससे ज्यादा ये परमानेंट लोग भ्रष्ट हैं और ये हम सबको *ad-hoc* workers समझते हैं। ये समझते हैं कि हम लोग थोड़े दिनों के लिए पावर में आए हैं, बाद में चले जाएंगे। इसलिए यह सरकार *ad-hoc* workers की तरह काम न करे, अपने अफसरों को कसे - IG, DIG, उससे भी बड़े अफसर, कमिश्नर, हाई-कमिश्नर, और भी बड़े अफसरों को कसे, क्योंकि इस समय भ्रष्टाचार के मूल में वही हैं और इस ताने- बाने को तोड़ना जरूरी हो गया है। यदि पोलिटिकल फोर्सेज़ इस ताने-बाने को तोड़ देती हैं, तो फिर आतंकवाद डर के मारे नहीं आएगा, क्योंकि हिंदुस्तान के गरीब आदमी का बेटा भी उसका मुकाबला करने के लिए उठकर सड़क पर आ जाएगा।

सभापति जी, अभी मनोहर जोशी जी, आपसे बात कर रहे थे, ये भी हमारे बुज़ुर्ग हैं, मैं इनसे एक ही निवेदन करूंगा कि आप और आपके नेता जो मुंबई में रहते हैं, वे हिंदुस्तान के हर मुसलमान को पाकिस्तानी न समझें, ज्यादातर मुसलमान हिंदुस्तानी हैं। जब ये लोग भिवंडी वगैरह का नाम लेने लगते हैं, तो हम डर जाते हैं कि भिवंडी में सब ऐसे नहीं हैं। मैं यह निवेदन करूंगा कि आप यह भाव रखें कि वे भी हमारे भाई हैं, जहां हम पैदा हुए, वहीं वे पैदा हुए, हम लोग साथ खेले हैं। इस समय हिंदुस्तान के हर नागरिक को, जो बहुसंख्यक वर्ग का है, इसे अपना धर्म मानना पड़ेगा कि अल्पसंख्यक वर्ग का आदमी हमारा छोटा भाई है। अगर इससे हम जरा भी विचलित हुए, तब आपके भीतर जो उन्माद काम करेगा, वह तो करेगा ही, लेकिन फिर हम लोग भी बच नहीं पाएंगे, यह देश बच नहीं पाएगा। यह अपील करते हुए, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री सतीश चन्द्र मिश्र (उत्तर प्रदेश): मान्यवर, मुंबई पर जो आतंकवादी हमला हुआ है, इसको हम मानते हैं कि यह मुंबई पर नहीं, बल्कि यह भारतवर्ष के ऊपर हमला है और वहां पर कुछ खास लोगों के ऊपर ही नहीं बल्कि सभी लोगों के ऊपर हमला है, चाहे वे जिस जाति के हों या जिस धर्म के हों। इस मुद्दे पर आज आपने Question Hour को suspend करके इसको लेने का निर्णय लिया है, इसके लिए हम आपके शुक्रगुजार हैं और हमारी पार्टी भी इस बात के लिए grateful है।

मान्यवर, सबसे पहले तो मैं कहना चाहूंगा कि जहां तक आतंकवाद की बात है, आतंकवादियों की बात है, वे किसी जाति व धर्म के नहीं होते हैं। वे चाहे हिन्दू हों या मुसलमान हों, वे सब भारतवर्ष के नागरिक हैं। मैं इस बात से भी इत्तफाक नहीं रखता हूँ, जैसा अभी हमारे जनेश्वर मिश्र जी, मैं इनकी बहुत respect करता हूँ, उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान में ज्यादातर मुसलमान जो हैं, वे भारतवर्ष के हैं। मैं मानता हूँ कि हिन्दुस्तान के सभी मुसलमान भारतवर्ष के हैं, कोई भी ऐसा व्यक्ति जो भारतवर्ष में रह रहा हो, वह भारतवर्ष का नागरिक है, मैं इतना ही मानता हूँ।

श्री जनेश्वर मिश्र: मान्यवर, वह शब्द गलती से निकल गया होगा।

श्री सतीश चन्द्र मिश्र: मान्यवर, यह slip of tongue की बात होगी। मैं चाहूंगा कि उनके स्टेटमेंट में भी इसको correct कर लिया जाए। मान्यवर, यह शुरुआत कोई मुंबई से नहीं हुई है। हम लोगों को यह भी देखना चाहिए, आज के रोज हम लोग इसको एक emergency समझ करके इस बात की चर्चा कर रहे हैं, शायद इस पर इसके पहले चर्चा की जाती तो मुंबई में जो अभी हादसा हुआ है, उसमें हम लोग कुछ deterrent action ले सकते थे, लेकिन इससे पहले के हादसों को हम लोगों ने शायद हल्का-फुल्का हादसा समझा और यह समझा कि यह कुछ आतंकवादी लोग हैं जो कि अपना कार्य कर चुके, इसके बाद दोबारा इस तरह की कार्रवाई नहीं होगी। प्रधान मंत्री जी ने जिस तरीके से all parties meeting बुलाई और उसमें discussions हुए। उसके बाद आज संसद का पहला दिवस है, जिसमें कार्य हो रहा है। पहले दिवस में ही इस पर चर्चा उठी।

माननीय होम मिनिस्टर साहब यहां नहीं हैं, लेकिन उन्होंने अपना स्टेटमेंट दिया और उन्होंने अपने स्टेटमेंट में क्या-क्या चीजें पिछले दस रोज के अंदर, जब से उन्होंने चार्ज लिया है, बताया कि कैसे इसको बदला जाए और यह एडमिट करते हुए कि पहले खामियां थीं, पर अब हम उनको ठीक करना चाहते हैं। इन चीजों पर भी थोड़ा सोचने का विषय है कि अब हम लोगों को जागने की जरूरत क्यों पड़ी, इसके पहले हम लोग क्यों नही जागे और इतनी देरी क्यों हुई। हमारे जो नागरिक हैं, हमारे जो भाई-बहन हैं, इस हादसे में जिनकी जानें गईं हैं, शायद हम उनको बचा सकते थे और हमारे जो पुलिसकर्मी हैं, जिनको हम लोग शहीद के ऊपर का भी कोई दर्जा दें तो कम होगा, जिस तरीके से उन्होंने इन आतंकवादियों का मुकाबला किया, उनकी जानें भी शायद हम बचा सकते थे। आज स्टेटमेंट में terrorism पर जो बात कही गई, उसको मैंने पढ़ा था, उसमें कहा कि हमने tough stand लिया है और हमारे माननीय फॉरेन मिनिस्टर साहब ने भी कहा कि हम लोगों ने पाकिस्तान के ऊपर दबाव बनाया है। पर उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान सरकार को हम जिम्मेदार नहीं मानते हैं, पाकिस्तान में जो रहने वाले लोग हैं, उनको जिम्मेदार मानते हैं। मैं इस बात से पूरी तरह से इत्तफाक नहीं रख पा रहा हूँ, क्योंकि अगर पाकिस्तान जिम्मेदार नहीं हैं तो कौन है। एक तरफ आपकी नेवी है, जो हमारे बॉर्डर secure कर रही है, उनकी बात कर रहे हैं कि वह ठीक से vigilance नहीं कर पायी और उन दस आतंकवादियों की entry नेवल कोस्ट से मुंबई में हो गई। इस तरीके से अगर पाकिस्तान में terrorist training कैंप बने हुए हैं और वहां से वे निकल कर चलते हैं और लैण्ड से या sea से आते हैं तो इसमें यह मान लेना गलत होगा कि पाकिस्तान को नहीं मालूम कि ये लोग पाकिस्तान की तरफ से जा रहे हैं और इसको जाने देने का रास्ता उन्होंने नहीं दिया है या उन्होंने उन्हें रोकने की कोशिश की है। इस बात पर अगर गौर किया जाएगा तो यह साफ जाहिर होता है कि इसमें पाकिस्तान को यह कह कर पूरी तरह से क्लीन चीट दे देना कि पाकिस्तान गवर्नमेंट इसमें गलती पर नहीं है, सिर्फ वहां रहने वाले लोग गलती पर हैं, इस पर इत्तफाक नहीं किया जा सकता है। क्योंकि अगर वे अपनी boundaries को विजिल करते, वे अपनी नेवी को विजिल करते, वे अपने sea shore को विजिल करते, तो जो लोग sea से आए हैं या जो लोग other land से आते हैं, तो उनके ऊपर चैकिंग हो सकती थी। हम लोग कह रहे हैं कि हम लोगों ने प्रैशर बना दिया, दबाव हो गया है, इंटरनैशनल दबाव हो गया है और हम इस बात से बहुत खुश हैं कि हमारा इंटरनैशनल दबाव इस समय पाकिस्तान के ऊपर इस हद तक पड़ गया है कि अब उन्होंने वहां पर एक्शन शुरू कर दिया है, लेकिन क्या एक्शन शुरू किया है? उन्होंने एक्शन यह शुरू किया है कि किसी एक को नज़रबंद कर दिया है, बाकी दो-तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और इससे शायद हम संतुष्ट हो गए हैं। मैं कहता हूं कि अगर इससे संतुष्ट होना है, तो जिसको आज नज़रबंद करके टी.वी. में highlight किया जाता है, अज़हर महमूद और कहा जा रहा है कि यह टेररिस्ट है, जो पूरा का पूरा मास्टरमाइंड है हर चीज़ के पीछे, तो आज वह तो वहां पर नज़रबंद है, लेकिन पहले तो वह हमारे यहां गिरफ्त में था। यही एन.डी.ए. की सरकार है, चूंकि यह बात अरुण शौरी जी ने कही थी, इसलिए मैं कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि आज मैंने इंटरनैट पर देखा और यह काम हुआ, यह अच्छा काम हुआ कि वह नज़रबंद हो गया, और उसके साथ कुछ और लोग भी हैं, लेकिन मैं जानना चाहूंगा कि उसको तो यहां पर हम लोगों ने गिरफ्तार कर रखा था, हमारी कस्टडी में था और यहां से उसको बाइज़्ज़त ले जाकर हमने वहां पर उनको हैंडओवर किया और उसको वहां पर दे दिया कि आप अब वहां से रहकर अपनी टेररिस्ट एक्टिविटी करो - तो इस पर भी हमें ध्यान देने की जरूरत है। अगर हम मकोका की बात करते हैं, हम लॉ की, कानून की बात कर रहे हैं, हम कह रहे हैं कि Macoca कानून जो टेररिस्ट पकड़ा गया है, उसके ऊपर नहीं लगाया गया है। आज वह कस्टडी में है, लेकिन कल उसको कौन ले जाकर बाइज़्ज़त हैंडओवर कर देगा, यह अभी हम लोगों को मालूम नहीं है, लेकिन इन चीज़ों को और पिछले वाकये को देखते हुए और यह देखते हुए कि एक ऐसे व्यक्ति को जिसको कि हमने वहां पहुंचा दिया और पहुंचाने के बाद पिछले वर्षों में उसने हज़ारों लोगों की जान लेने का काम किया, जिसने आज पूरे देश में आतंक फैला रखा है, तो ऐसी कार्रवाई दोबारा नहीं होनी चाहिए। यह देखना चाहिए कि अगर हमारे पास कोई व्यक्ति पकड़ में है तो इस तरह का कार्य आगे हमको मजबूरन न करना पड़े, जिसमें कि हमें बाद में अपना सिर झुकाना पड़े और इतनी जानें गंवानी पड़ें।

महोदय, चूंकि डिसकशन में यह आया है कि मुम्बई के साथ-साथ जो बाकी स्टेट्स में भी बम धमाके हुए हैं, उसकी चर्चा भी रखी जाएगी, तो मैं आपके सामने उत्तर प्रदेश में 13 मई, 2007 के बाद के वाकये, रखना चाहूंगा क्योंकि पहले के वाकये पहले डिसकस हो चुके हैं, आपके सामने आ ही चुके हैं। 22 जुलाई, 2007 को जनपद गोरखपुर में, तीन विभिन्न जगहों पर धमाके हुए और उसमें 6 लोग घायल हुए।

[उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) पीठासीन हुए]

इन धमाकों के लिए जिम्मेदार हूजी और इंडियन मुजाहिदीन के दो आतंकवादी उत्तर प्रदेश सरकार ने गिरफ्तार किए और इस घटना का सफल अनावरण कर दिया गया। दिनांक 23 नवंबर, 2007 को उत्तर प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी और फैज़ाबाद की कचहरियों में एक साथ बम धमाके हुए, जिसमें 13 व्यक्तियों की जान गई और सौ से अधिक घायल हुए। आतंकवाद निरोधक दस्ते, यानी कि ए.टी.एस.- एंटी टेररिस्ट स्क्वैड, जो उत्तर प्रदेश में पिछली सरकार ने बनाया था, उसके द्वारा इन सभी घटनाओं की विवेचना तत्काल प्रारंभ करते हुए इस घटना के लिए जिम्मेदार हूजी तथा इंडियन मुजाहिदीन के पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। इससे न केवल इन तीनों घटनाओं का सफल अनावरण हुआ, बल्कि देश के विभिन्न भागों में उक्त संगठनों द्वारा किए गए अन्य धमाकों का भी पर्दाफाश हुआ। इसके बाद जो तीसरी घटना हुई थी, दिनांक 31 दिसम्बर, 2007 को और 1 जनवरी, 2008 की रात को सी.आर.पी.एफ. के कैम्प में - जो सेंट्रल रिज़र्व पुलिस का कैम्प है ग्रुप सेंटर, रामपुर में - वहां एक फिदायीन हमला हुआ, जिसमें सी.आर.पी.एफ. के 7 जवानों समेत 8 व्यक्तियों की मृत्यु हुई और 5 व्यक्ति घायल हुए। इस घटना का भी, जो उत्तर प्रदेश का आतंक निरोधक दस्ता है, उसने एक महीने के अंदर सफलतापूर्वक अनावरण करते हुए घटना से संबंधित सभी 6 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया, जिनमें लश्करे-तैयबा से संबंधित दो पाकिस्तानी आतंकवादी भी थे। उक्त आतंकवादियों की गिरफ्तारी से पूर्व बंगलौर में हुए आई.आई.एस.सी. में फिदायीन हमले का भी अनावरण, जब इनको गिरफ्तार किया गया, इनके द्वारा हुआ। विगत एक वर्ष में आतंकवाद के साथ-साथ जाली नोट भेजने का काम भी पाकिस्तान के द्वारा बड़ी तेज़ी के साथ किया जा रहा है और उन्होंने इस तरह की मुद्रा नेपाल के बॉर्डर से, और जगहों से भेजने का काम उत्तर प्रदेश में किया और बाकी प्रदेशों में भी किया। लेकिन जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है, विगत वर्ष में जाली भारतीय मुद्रा के कारोबारियों पर संगठित रूप से कार्यवाही करते हुए उत्तर प्रदेश की विभिन्न एजेंसियों ने करोड़ों रुपए की जाली मुद्रा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जुलाई 2008 में नेपाल सीमा पर जनपद सिद्धार्थ नगर की भारतीय स्टेट बैंक की डुमरियागंज शाखा में उत्तर प्रदेश की एसटीएफ द्वारा संगठित रूप से संचालित इस गतिविधि का पर्दाफाश करते हुए करोड़ों रुपए के जाली नोट बरामद किए गए। उत्तर प्रदेश की विभिन्न एजेंसियों ने इस गतिविधि से जुड़े हुए दर्जनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर काफी हद तक इस गतिविधि पर अंकुश लगाया। उत्तर प्रदेश में हुई इस कार्यवाही के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा इस दिशा में नए दिशा निर्देश भी जारी किए गए और अन्य प्रांतों की विभिन्न शाखाओं में जाली नोट बरामद हुए हैं। उत्तर प्रदेश में अभी तक जितनी भी आतंकवादी घटनाएं हुई हैं, जिनका जिक्र अभी मैंने किया और उससे पहले भी हो चुकी हैं - जितनी भी आतंकवादी घटनाएं हुई हैं, उनमें या तो विदेश से आतंकवादी आए हैं या विदेशों में बैठकर कुछ लोगों ने उस घटना को अंजाम देने का काम किया है। पर यह बड़ी दुखद स्थिति है कि आतंकवादी अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से उत्तर प्रदेश में और देश के अन्य प्रदेशों में आ रहे हैं, जैसे अभी मुम्बई में भी आए, और हम इनको रोकने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की देखरेख का दायित्व प्रदेश सरकारों का नहीं होता है, केन्द्र सरकार का है और विदेशों में स्थित इन आतंकवादी संगठनों के बारे में जो इनफॉर्मेशन मिलती है, वह इनफॉर्मेशन रॉ देता है, आईबी देता है या अन्य जो भी संस्थाएं हैं जो इनकी केन्द्रीय एजेंसियां हैं, उन्हीं के द्वारा वह इनफॉर्मेशन दी जा सकती है। प्रदेश की खुफिया एजेंसी सिर्फ प्रदेश की सीमा के अंदर विभिन्न गतिविधियों की सूचना संकलन करने का कार्य कर सकती है और करती है। केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा जो सूचना संलग्न की जाती है, वह सही और सटीक न होने की वजह से ज्यादातर ऐसी घटनाएं हुई हैं, लेकिन अफसोस यह है कि जब भी कोई आतंकवादी

4.00 P.M.

घटना घटित होती है तो तुरंत सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से एक स्टेटमेंट आ जाता है और कहा जाता है कि इस घटना के बारे में तो हमने पहले से सूचना दे दी थी और उस पर कार्यवाही नहीं की गयी। उदाहरणस्वरूप उत्तर प्रदेश में जो तीन कोर्ट्स में आतंकवादियों ने वारदात की थी, जहां जहां उन्होंने ये विस्फोट किए थे, उसके बाद तुरंत एक स्टेटमेंट, माननीय स्टेट होम मिनिस्टर साहब यहां मौजूद हैं, उन्होंने एक बयान टीवी में दिया था और कहा था कि जो भी वहां हुआ, उसमें प्रदेश की सरकार ने लापरवाही बरती क्योंकि हमने तो सेंटर से इनको इनफॉर्मेशन दे दी थी कि इस तरह की कोई घटना हो सकती है। इनकी बात सुनने के बाद हमने कागज़ निकलवाए और देखे कि आखिर इसके लिए कौन जिम्मेदार है कि इतनी बड़ी सूचना मिलने के बाद भी, कि अदालतों में इस तरह की एक वारदात हो सकती है, इस पर एक्शन नहीं हुआ। जब हमने देखा तो पाया कि जब वारदात हुई, उसके चार-पांच महीने पहले की दो लाइन की एक सूचना थी कि आप लोग सावधान रहिएगा, किसी भी पब्लिक प्लेस में कोई घटना हो सकती है। इस तरह की सूचना को, घटना हो जाने के बाद आकर यह कह दिया जाए कि इस तरह की घटना की सूचना पहले ही दे दी गयी थी। यह एक गंभीर बात है, इसको देखने की जरूरत है कि या तो आपके पास सूचना नहीं है और आप इस बात को बाद में टेलीविज़न पर आकर प्रदेश सरकार पर मिथ्या आरोप लगाते हुए, उस पर दोषारोपण करने के लिए पब्लिक को गुमराह करने के लिए इस प्रकार का बयान दे रहे हैं, अगर पॉलिटिकल रीज़न से दे रहे हैं, तब तो बात दूसरी है। लेकिन पॉलिटिकल रीज़न्स हमारे विचार से आतंकवाद के बीच में नहीं आने चाहिए। इसके खिलाफ हम लोगों को मिलकर, सबको एकजुट होकर लड़ना चाहिए, इस संबंध में किसी पर दोषारोपण नहीं होना चाहिए। इसमें अगर आपके पास सूचनाएं नहीं आती हैं, अगर आप सूचनाएं नहीं दे पाते हैं तो आप इसको मान लीजिए कि हमारा falure हो गया। उसके बाद इस पर विचार करना चाहिए कि हम इसको कैसे इम्प्रूव करें, न कि इस बात को सोचिए कि हमने आपको एक सूचना दे दी थी, इस तरह की vague सूचना दे दी थी और इस सूचना पर आपने कार्य नहीं किया। इस तरह की चीज़ को हम लोगों को avoid करना चाहिए। जहां तक मुम्बई की बात आती है, मुम्बई में अब की बार बताया जा रहा है कि बिल्कुल स्पेसेफिक इनफॉर्मेशन दे दी गयी थी। टीवी में सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से स्टेटमेंट आ रहा था कि 17 नवम्बर को मुम्बई सरकार को बता दिया गया था कि इस तरह का हमला होटल में या उसके आसपास होने वाला है। लेकिन उसके तुरंत बाद एक स्टेटमेंट महाराष्ट्र सरकार की तरफ से आ गया कि यह गलत है, इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली थी।

अगर स्पेसिफिक सूचना आपके पास थी, अगर स्पेसिफिक गंभीर सूचना आपके पास रहती है और ऐसी सूचना जिसमें आप देख रहे हैं कि हजारों लोगों की जान जा सकती है, सैकड़ों लोगों की जान जा सकती है, दस-बीस लोगों की जान जा सकती है और नुकसान हो सकता है, तो ऐसी सूचना को सिर्फ एक बार बता देना ही उनके लिए काफी है या एक चिट्ठी-पत्री के द्वारा लिखकर के बता देना काफी है। जैसे कि हमारे यहां उत्तर प्रदेश में चार महीने पहले एक चिट्ठी आई थी कि पब्लिक प्लेस पर कहीं इस तरह का हादसा हो सकता है, क्या यही सूचना काफी है ? अगर आपके पास इसके बाद कोई ऐसी सूचना थी कि इस तरह का मुम्बई में हमला हो सकता है या इस तरह से आतंकी आ सकते हैं, तो इसको गंभीरता से लेते हुए सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से जो भी अधिकारी या एजेंसी आप नियुक्त करें या सोचे कि जो व्यक्ति सही होगा, उसके द्वारा उस पर फॉलो-अप एक्शन भी तो होना चाहिए। उसका अगर फॉलो-अप एक्शन नहीं होगा, उसको आप पिन-पाइंटिडली कन्सर्न्ड अधिकारियों से, जो रेस्पॉन्सेबल लोग स्टेट गवर्नमेंट के हैं, उनसे फॉलो-अप नहीं करेंगे, उनसे यह पता नहीं लगाएंगे कि उन्होंने उसमें क्या एक्शन लिया, क्या एक्शन नहीं लिया और जो नये इन-पुट्स आपके पास आ रहे हैं, उनको उन्हें नहीं देते हैं, तो इस तरह की सूचनाओं का कोई मतलब नहीं रह जाता है। आज यह घटना हुई है, कल फिर इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं और इन घटनाओं को हम लोग रोक नहीं पाएंगे। इसलिए सबसे पहले हमारी सेंट्रल गवर्नमेंट को इस बारे में गम्भीरतापूर्वक सोचना पड़ेगा कि कैसे इंटेलिजेंस एजेंसी को

मजबूत करना है और मजबूत करने के साथ-साथ उनको इस तरह का बनाना है जिसमें कि उसे जो भी इन्फोरमेशन मिलती है, उसकी स्पेसिफिक इन्फोरमेशन देना शुरू करें, न कि एक वेग इन्फोरमेशन पास करें और फिर बाद में यह कहना शुरू कर दें कि इसमें स्टेट गवर्नमेंट का फाल्ट है। इसके बारे में आप स्टेट गवर्नमेंट के ऊपर इल्जाम लगाएं या हम सेंट्रल गवर्नमेंट के ऊपर इल्जाम लगाएं, अल्टीमेटली जो सफर करता है, वह आम-आदमी है। जो आम पब्लिक है, वह इसमें सफर करती है - चाहे उत्तर प्रदेश हो, चाहे वह मुम्बई हो या चाहे वह देश का कोई भी प्रदेश हो, उसमें आम आदमी सफर करता है।

इस बार इस विषय को गंभीरता से लिया गया है, इसका हम स्वागत करते हैं। इस बार आपने इस विषय को गंभीरता से लिया है। इसके साथ-साथ हम मीडिया का भी धन्यवाद करते हैं। उनके बारे में यह कहना कि उनको कितना दिखाना चाहिए, कितना नहीं दिखाना चाहिए, वह अलग विषय है। अब की बार अगर मीडिया ने इस घटना को लेकर पब्लिक ओपिनियन को 24 घंटे के बाद लगातार दिखाना शुरू न किया होता और हम लोगों का एक्सपोजर न किया होता, पब्लिक की जो नाराजगी हम लोगों के प्रति है, नेताओं के प्रति, पार्टीज के प्रति, उसको सामने उजागर न किया होता, जो उनके मन की भडास है, जो उन्होंने मीडिया के सामने निकाली है, मीडिया ने उसको खूब दिखाया है। शायद उसी का असर है, जिसके लिए मैं मीडिया को धन्यवाद देता हूं क्योंकि शायद उसी का असर है कि आज हम सब लोग मिलकर के इसको बहुत सीरियसली ले रहे हैं और इस बात को गंभीरता से देख रहे हैं।

मान्यवर, जहां तक कानून की बात है कि आप कोई नया कानून बना दें, आप कोई नया एंटी टेरेरिस्ट एक्ट बना दें या मकोका की तरह कोई एक्ट बनाएं, हम लोग इस पक्ष के हैं कि नया एक्ट बनाने से कुछ नहीं होगा, जो एक्जिस्टिंग लॉ हैं, उनको हमें सुदृढ़ करना चाहिए, उनको हमें मजबूत करना चाहिए, उनको मजबूत करके और उसमें इसको किस तरह से इन्वाल्व किया जाए, इस बारे में हमें सोचना चाहिए।

जहां तक केन्द्र सरकार ने एनएसजी को इम्प्रूव करने की बात कही है, एनएसजी के और सेंटर्स खोलने की बात कही है, मान्यवर, इसके बारे में बोलने के लिए मैं थोड़ा आपसे समय चाहूंगा। जैसे आप और पार्टियों को समय दे रहे हैं, उसी हिसाब से हमारी पार्टी को भी समय दे दीजिए, वर्ना हम अपनी बातें बहुत जल्दी खत्म करने की कोशिश करेंगे, हम किसी बात को रिपीट नहीं करेंगे। मान्यवर, अगर आप इशारा करेंगे, तो हम अपनी पूरी बात नहीं कह पाएंगे।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): आप बोलिए। आपकी पार्टी का समय 19 मिनट का था, वह खत्म हो गया।

श्री सतीश चन्द्र मिश्र: मान्यवर, उत्तर प्रदेश का अकेले सवाल नहीं है, हालांकि उत्तर प्रदेश में 20 करोड़ लोग रहते हैं। हमारे यहां की जो समस्याएं हैं, वैसी ही समस्याएं पूरे देश की समस्याएं हैं, इनको हल करने के लिए हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूं कि हम लोगों ने उत्तर प्रदेश में यह सब देखते हुए वर्ष 2007 में एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाइड बनाया है। एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाइड में हम लोगों ने अपने एसटीएफ को भी मजबूत किया है। हमने एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाइड को ट्रेनिंग देने का काम किया है, जिससे कि वे इस तरह की घटनाओं से, आंतकियों से निपट सकें। इसके रिजल्ट भी आए हैं, जिनको मैंने आपके सामने रखा है। जो तीनों हमले हुए, तीनों में इन्हीं की मदद से हम लोग इन आतंकियों को पकड़ सके, जिन्होंने वहां पर हमला करने की कोशिश की थी।

इसके साथ ही साथ जब मुम्बई का कांड हुआ, मुम्बई में terrorist attack हुआ तो उसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार के पास सीमित संसाधन होते हुए भी, हमने अपने यहां एक निर्णय लिया है, जिसको बताना जरूरी है। वह यह है कि आतंकवादी घटनाओं से निपटने के लिए हमने अलग से दो हजार कमांडोज़ अपने उत्तर प्रदेश में तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसमें अलग से कमांडोज़ ट्रेनिंग स्कूल्ज़ की स्थापना भी की

जाएगी। जिनका कार्य सिर्फ terrorist एक्टिविटीज़ को देखने के लिए तथा इनसे निपटने के लिए किया जाएगा। इसके साथ-साथ सामान्य कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण तथा आतंरिक सुरक्षा की आवश्यकताओं को देखते हुए आपस में coordination रहे तथा सामान्य पुलिस को ड्यूटीज़ और इनकी ड्यूटीज़ में भी कोई डायवर्जन न हो। प्रदेश सरकार ने मुम्बई कांड के बाद एक महत्वपूर्ण निर्णय और भी लिया है, जिसके अंतर्गत 1 लाख, 58 हजार पुलिस कर्मियों के पद सृजित करने और उनकी भर्ती करने का निर्णय लिया है। हम लोग अपनी कानून व्यवस्था को और मज़बूत करने के लिए 1 लाख 58 हजार पुलिस कर्मी भर्ती कर रहे हैं। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जब हम दो हजार कमांडोज़ और डेढ़ लाख पुलिस कर्मियों को तैयार कर रहे हैं, उनको ट्रेनिंग दे रहे हैं, तो हम सभी जानते हैं कि यह व्यवस्था करने के लिए हमें उनके लिए सुविधाएं भी चाहिए और उनकी तनख्वाहें तथा घर इत्यादि सभी चीजें चाहिए। इसका खर्च कई हजार करोड़ रुपए में आएगा। जैसा कि केन्द्र सरकार कह रही है कि हम और NSG बनाएंगे तथा उनको ट्रेनिंग देंगे, तो इसके साथ-साथ में ...**(व्यवधान)**... मान्यवर, बस दो मिनट। इसके बावजूद भी यह स्टेट सब्जेक्ट है। आप खुद कह रहे हैं कि आप अपने तंत्र को मज़बूत करिए। अगर आप कह रहे हैं कि प्रदेश सरकार तंत्र को मज़बूत करें, तो आपको इसके लिए एक स्पेशल इकनोमिक पैकेज अलग से देना चाहिए, ताकि सभी स्टेट्स इसको improve कर सकें।...**(व्यवधान)**...मान्यवर, जस्ट वन मिनट। इन चीजों को सुदृढ़ बनाने के लिए तथा जो हम अपने पुलिस विभाग को मज़बूत करना चाहते हैं, सुविधाएं देना चाहते हैं, तो इनके लिए अलग से एक इकनोमिक पैकेज देना चाहिए। हालांकि मैं जानता हूं कि हम उत्तर प्रदेश के लिए इकनोमिक पैकेज़ मांगते हुए थक गए हैं, हम पिछले डेढ़ साल से अस्सी हजार करोड़ रुपया मांग रहे हैं, उसमें से एक नया पैसा भी हमें नहीं मिला है। अभी प्रेजेंट स्थिति को देखते हुए, जो आप खुद चर्चा में लेकर आए हैं, और स्टेटमेंट में कहा है कि आप मज़बूत करिए, तो इसके लिए हमें इकनोमिक पैकेज़ देना चाहिए।

मान्यवर, जहां तक एक सैन्ट्रल एजेंसी की बात है कि एक सैन्ट्रल इंवेस्टिगेशन एजेंसी बना दी जाए, यह आखिरी विषय है, आप बात कर रहे हैं कि एक सैंट्रल इंवेस्टिगेशन एजेंसी पूरे कंट्री के लिए बना दी है। इसके बारे में हमारा यह कहना है कि हमको इसे बहुत consciously देखना होगा। अगर आप CBI की तरह की संस्था को, जिसको कि हमारे पीछे बैठे हमारे साथी मान्यवर अमर सिंह जी, June, 2007 तक कहते रहे हैं कि यह CBI नहीं है, यह सैंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन नहीं है, यह कांग्रेस ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन है। अगर आप CBI जैसी संस्था को यह पावर देना चाहते हैं, तो हम लोगों को इसमें रिजर्वेशन है, क्योंकि ऐसी संस्था जो खाली पॉलिटिकल एक्टिविटीज के लिए बनाई गई हो कि कैसे किस पॉलिटिकल ग्रुप को दबाना है, किस पॉलिटिकल ग्रुप को उठाना है, किसको ठीक करना है, किस में summersault लेना है, किस में यू टर्न ले लेना है। अचानक हम आपको सपोर्ट करने लगें तो आप यू टर्न ले लें और अगर हम सपोर्ट नहीं कर रहे हैं, तो जो सीधी लाइन है उसको भी टेढ़ी कर दें, तो अगर वे ऐसी एजेंसी को बनाना चाहते हैं, तो इसपर हम लोगों का रिजर्वेशन है। इसलिए जब तक हम इसको नहीं देखेंगे, तो हम लोग इसके बारे में कुछ नही कह सकते हैं क्योंकि हमने CBI का उदाहरण आपके सामने रख दिया गया है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Your party was allotted 19 minutes. You have taken 25 minutes...*(Interruptions)*...And, there are a number of other speakers to speak on this. What can I do? In this way, we will have to sit till 10 o' clock. So, kindly conclude.

SHRI SATISH CHANDRA MISRA: Okay, Sir. In any case, I am concluding. Since you have less time for me on this important issue...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You can take two more minutes and conclude.

SHRI SATISH CHANDRA MISRA: Sir, I wanted to very much more.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): What can I do?

SHRI SATISH CHANDRA MISRA: But, since you feel that I should not speak further on this issue, I would only say that so far as the issue of internal security scenario is concerned, whatever strong actions the Government is going to take, we support them. But we need action. We do not need assurances only. The people of this country are, now, fed up of assurances being given by us, either inside the House or outside the House. There has to be some strong action. And, we need some action in concrete form. And, whatever action they will take for this purpose, we are all united, we will be supporting them to save our country from terrorism.

श्री अमर सिंह: सर, इन्होंने मेरा नाम लिया है, मैं एक मिनट से ज्यादा नहीं लूँगा। हमारे मित्र सतीश चन्द्र मिश्र जी ने मेरा नाम उद्धृत किया है। मैं एक मिनट में इतना ही कह देना चाहूँगा, इनको बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ कि वे पुलिस बल की नियुक्ति के ऊपर जो विचार कर रहे हैं, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, लेकिन मैं इनको कहना चाहूँगा कि उत्तर प्रदेश में हमारे मुलायम सिंह जी ने 18 हजार पुलिसकर्मी नियुक्त किए थे, जिनको उन्होंने निकाल दिया। अब अदालत ने उनको बहाल कर दिया है, तो शायद वे उनको दोबारा रख लेंगे। दूसरी बात यह है कि ... **(व्यवधान)** ...

श्री सतीश चन्द्र मिश्र: मान्यवर, यह मैटर कोर्ट में pending है।

श्री अमर सिंह: अदालत का फैसला आ गया है। दूसरा, वे सीबीआई के somersault की बात कर रहे हैं ... **(व्यवधान)** ...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): श्री शरद यादव। ... **(व्यवधान)** ...

श्री अमर सिंह: वे सीबीआई के somersault की बात कर रहे हैं, इसका उनको स्वयं अनुभव है। राष्ट्रपति के चुनाव में सीबीआई का जो somersault हुआ था, उसका इनको खुद अनुभव है और वे अपने अनुभव का लाभ दे रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): श्री शरद यादव जी।

श्री शरद यादव (बिहार): सर, लोगों ने विस्तारपूर्वक अपनी राय और सारी चीजों को रखने का जो काम किया है, मैं उनको नहीं दोहराऊँगा। कुछ बातें, जो छूट गई हैं, मैं आपके समक्ष और सदन में उनके बारे में अपनी राय रखूँगा। ...**(व्यवधान)**... असम पर चर्चा अवश्य होगी। यह चेयरमैन साहब ने भी कहा है और मिनिस्टर साहब ने और प्रधान मंत्री जी ने भी उस पर assurance दिया है और मैं मानता हूँ कि असम का मामला कोई मुम्बई से कम नहीं है। मैं आपकी भावनाओं के साथ स्वयं को सम्बद्ध करता हूँ।

अरुण शौरी जी ने जिन बातों पर चर्चा शुरू की थी, उन्होंने विस्तार से कई चीजों की जानकारियाँ दीं। बाकी वक्ताओं ने सब बातें रखीं। लोगों ने सब बातों पर हर तरह से चीजों को रखने का काम किया। मैं आपसे इतना ही निवेदन करना चाहता हूँ कि हम जिस मामले पर बहस कर रहे हैं, हम सोच रहे हैं कि मुम्बई के बाद इस पर विराम होगा, यह हमारी गलतफहमी है। देश को लम्बे समय के लिए तैयार करना चाहिए। यह एक ऐसी कठिन लड़ाई है, इस लड़ाई में आपने सब तरह के तंत्र को दुरुस्त करने का जो सुझाव दिया है, मैं यह मानता हूँ कि वह सारे देश ने देखा है कि सरकार का जो सूचना तंत्र है, जो पीछे बैठ कर सूचनाएँ इकट्ठा करता है, सबने देखा है कि वह किस तरह से बिखरा हुआ है, किस तरह से बिगड़ा हुआ है। उसे कैसे consolidate करेंगे, कैसे दुरुस्त करेंगे, सरकार ने इच्छा जाहिर की है। होम मिनिस्टर साहब का बयान आया है कि हम अब

आगे इसको दुरुस्त करने का काम करेंगे। हम भी सरकार में थे, तो हमारे जमाने में भी घटनाएँ हुई थीं, कमीशंस बैठे थे और वक्तागण बोल चुके कि उन कमीशंस का कोई नतीजा नहीं निकलता है। मैं यह निवेदन करूँगा कि यह जो हिन्दुस्तान में मुम्बई का हादसा है, इससे एक बात जरूर हुई कि देश भर में इस पर बहुत व्यापक तौर पर चर्चा हुई, खास कर जो विजुअल मीडिया है, प्रिंट मीडिया है, उसने इस बार इसको काफी विस्तार से फैलाया है, लेकिन साथ-साथ उन्होंने राजनीतिक लोगों को single out किया। मैं मानता हूँ कि कुछ जगह जब मैं देख रहा था, मैं चुनाव के दौरे पर था, तो मुझे तकलीफ होती थी कि उन्होंने सबको एक लाठी से हाँक दिया।

कभी-कभी मुझे लगता है कि यह आजादी हमारी आजादी को खा जाएगी। हमारे जैसे आदमी के हाथ में तो कुछ भी नहीं है। जो लोग विरोधी पक्ष में बैठे हैं, उनके हाथ में क्या है? हां, हम यह जरूर कह सकते हैं कि ऐसा करो, ऐसा करो या वैसा करो, करने के अधिकार तो सारे के सारे सरकार के हाथ में ही हैं। भारत सरकार का मतलब है भारत, लेकिन उन्होंने तो एक ही लाठी से और मैं यह भी मानता हूं कि हिन्दुस्तान में इस विकट परिस्थिति से निपटने का यदि कोई एक कारगर हथियार है तो वह राजनीतिक पार्टियां या राजनीतिक लोग हैं। देश भर में जितनी तरह की विसंगतियां हैं, जितने बड़े पैमाने पर अंतर्द्वन्द्व हैं, भारतीय समाज, जिसके बारे में कहते हैं कि वह समवेत है, मेरी राय में वह समवेत नहीं है, वह मजबूर है। भारतीय समाज खंड-खंड है, क्योंकि उसमें कई तरह के खाने हैं। मुम्बई वाला मामला इसलिए बहुत ज्यादा फैला कि वह हमला बहुत बड़ी जगह पर हुआ था। भीतरी हिस्सों में, जहां खतरा है ऐसे देश के कई हिस्से हैं, जैसे बनारस है, गोरखपुर है, जयपुर है, दिल्ली है, गोहाटी है, यहां सब सड़क पर चलने वाले लोग भरे हैं, पता नहीं वहां कब किसकी सांस बंद हो। सांस किसी की भी बंद हो, वह ठीक नहीं होती। मुझे अफसोस है कि वहां भी जो लोग थे, वे इंसान थे। लेकिन हमला उन पर हो गया जो इस देश को चला रहे हैं और इसलिए एक लाभ यह हुआ कि उसके चलते इस बात पर विस्तार से पूरे देश भर में व्यापक प्रतिक्रिया हुई और चारों तरफ लोग मोमबत्ती लेकर निकल गए।

उपसभाध्यक्ष जी, फिर मैं यह कहता हूं, मेरी फिर से यह विनती है कि हिन्दुस्तान में जो राजनीतिक तंत्र है, राजनीतिक पार्टियां अथवा राजनैतिक संगठन हैं जो इसके लिए अकेले एकाउंटेबल हैं। राजनैतिक लोगों को छोड़ करके इस देश में कोई भी, चाहे वह ज्यूडीशियरी हो, चाहे वह ब्यूरोक्रेसी हो या कोई भी हो, कोई जिम्मेदार नहीं है, कोई एकाउंटेबल नहीं है। इस समस्या के बढ़ने का कारण भी यही है कि होम मिनिस्टर तो इस्तीफा देगा, लेकिन जो सूचना तंत्र था, जिसको खबर देने का अधिकार था, वह जिम्मेवार नहीं होगा। डिफेंस मिनिस्टर, जो चले गए, उनका एक सबसे बड़ा अफसर है, वह बयान देता है कि हमारे पास सूचना तो थी, लेकिन वह सूचना पक्की नहीं थी, तब क्या उनको फुट से, गज से नाप-तौल कर सूचना दी जाती? यानी एक तरह से सबने एक-दूसरे पर दोषारोपण किया है।

पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि ट्रेज़री बैंक से डॉ. कर्ण सिंह जी ने एक बात बहुत बढ़िया कही, मुझे लगता है कि शायद आप भी सोच रहे होंगे कि जो अफसर हैं, हमारी पुरानी पार्टी में हमेशा शिक्षा दी जाती थी, जनेश्वर जी हम लोगों के नेता होते थे, दंगा बंद करने के लिए सबसे ज्यादा मांग हम लोग करते थे कि जहां भी दंगा होगा, वहां का जो कलेक्टर है, जो एस.पी. है, उसको बरखास्त कर दिया जाना चाहिए तो हिन्दुस्तान में दंगे के मामले का समाधान जल्दी होगा। वह कहीं-कहीं पर तो इम्प्लिमेंट हो गया और अब जिस दौर में दंगा कम हुआ है, तो उसका कारण एक ही हिस्सा है। हम लोग जो यहां पर बैठे हैं, वे एकाउंटेबल हैं और हमारी एकाउंटेबिलिटी इतनी ज्यादा तक़लीफदेह हो गई कि 24 घंटे यह कहा गया कि हमारा कोई दोष नहीं है। हम 35 बरस से हिन्दुस्तान की पार्लियामेंट में हैं। जो लोग यह कह रहे हैं, जो लोग इस बात का प्रचार कर रहे हैं, वे बहुत सुख में हैं। इसमें बहुत तरह की चीज़ें हैं, जो मैं कहना नहीं चाहता हूं, लेकिन इस देश में एक राजनैतिक हिस्सा है, जिसका इस्तेमाल किए बगैर इस समस्या से निपटा नहीं जा सकता है। यह पुलिस से, प्रशासन से और तंत्र से गरीब देश है।

बहुत से लोग कह रहे थे कि पुलिस बुलवा दो, यह इंतजाम कर दो, वह इंतजाम कर दो, वे यह भी कह रहे थे कि राजनीतिक लोगों की स्वीकृति कई लोगों को फालतू में मिली हुई है। जिन्हें कोई भी मारने वाला नहीं है, चूहा भी नहीं काटेगा, उनको भी मिली हुई है और यह मैं भी मानता हूं। इसे देखना चाहिए, इसमें सुधार करना चाहिए। एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अभी चेन्नई में जो क्रिकेट हो रहा है, उसमें 7000 पुलिस के आदमी डिप्लॉई किए गए हैं। सात हजार।

कभी विचार करने का काम हो कि इस क्रिकेट से जो एक गेम है, खेल है, यह बाजार का ऐसा हथियार हो जाएगा कि सब लोगों की सेक्योरिटी पर चर्चा होगी, हल्ला बोल होगा? लेकिन वहाँ सात हजार ही नहीं और ज्यादा आदमी लगे होंगे। वह सेक्योरिटी क्यों फालतू लगाई जा रही है? कई राजनीतिक लोगों पर फालतू सेक्योरिटी लगी हुई है, उसे दूर करो, उसे हटाओ। लेकिन, ये जो तमाशे हो रहे हैं, यह जरूरी है कि मुम्बई हमलों के बाद प्रेस्टीज बना कर के क्रिकेट का मैच वहाँ करवाया जाए और उसमें पूरी-की-पूरी तमिलनाडु की पुलिस को प्रशासन को पूरी तरह से खड़ा किया जाए? वे डरे हुए हैं। हर सरकार क्रिकेट वालों से डरती है। इस पर हमको छोड़ कर कोई बोलने को तैयार नहीं है। बाजार में सामान बेचने वालों का दिन-भर तमाशा बना हुआ है। खेल होते हैं। दुनिया में इतने-सारे खेल हैं, उनमें आप बड़ी मुश्किल से इस बार बंदूक चला कर एक मैडल लेकर आए हैं। 60 वर्षों में आप एक ठीकरा नहीं ले पाए। जो असली खेल है, जैसे कूदना, दौड़ लगाना, जिम्नास्टिक, उनमें आप कहीं नहीं दिखते, सिर्फ गेंद फेंकना और लाना। उसमें हार गए तो इतिहास है और नहीं हारे तो भी इतिहास है। चौबीस घंटे गोल का इतिहास है, दिन-भर गोल चलाने का इतिहास है या रन बनाने का इतिहास है। दिन-भर बकवास चल रहा है। इसके लिए आप हजारों लोगों को सेक्योरिटी में लगाए हुए हैं। उस पर चर्चा करने के लिए कोई तैयार नहीं है। आप कहते हैं कि हम पुलिस तंत्र को बढ़ाएँगे। आप कहाँ से बढ़ाएँगे? कह रहे हैं कि वहाँ 9/11 हो गया, लेकिन इसके बाद नहीं हुआ। भई, अमेरिका के समाज को देखो, उसके दिल को देखो। 45 वर्षों बाद, वहाँ पहले मार्टिन लूथर किंग को मारा गया, आज जो बराक ओबामा है, उसकी तारीफ नहीं है कि वह वहाँ का राष्ट्रपति चुना गया। बड़ी बात यह है कि वहाँ के जो वाइट लोग हैं, उनके दिल के बड़प्पन को देखो कि उन्होंने वहाँ 45 वर्षों में काले और गोरे का भेद मिटा दिया। यहाँ हजारों वर्षों की जाति-व्यवस्था पर चर्चा करने को कोई तैयार नहीं है। 90 फीसदी आदमी जो है, वह इंसान यह महसूस ही नहीं करता है कि वह इस देश का नागरिक है। मैं इस बहस को यहाँ खड़ा करना चाहता हूँ कि मुम्बई का जो हमला है, उस हमले में सेक्योरिटी लैप्स हुआ। उस पर सब लोगों ने बोला कि वह ठीक होना चाहिए, दुरुस्त होना चाहिए। मैं भी मानता हूँ, लेकिन जो मछुआरे हैं यदि हमने उनको हिन्दुस्तान का नागरिक माना होता तथा हिन्दुस्तान का जो गौरव है, देश का जो सुख है और देश का जो दुख है, उसमें उनको शरीक किया होता तो उनके पास जो सूचना है, वह सूचना ये सर मार के मर जाएँ तब भी इनके पास नहीं मिलेगी। वह सूचना आप ले सकते थे। लेकिन आपने एक बार भी और यह सदन भी, इसकी बहस भी ऐसी बाँझ हो गई कि जो सबसे बड़ा मामला है, वहाँ का जो मछुआरा है, जो वहाँ लाखों की संख्या में है, वह हर नाव को पहचानता है, कौन-सी नाव कहाँ से निकल रही है, इसको वह जानता है। कौन बाहर की नाव है, उसको भी वह पहचानता है। उसने उसको तो उतरते हुए देखा है, लेकिन उसके दिल में हिम्मत नहीं है। वह जानता है कि अगर मैंने थाने में फोन किया तो थानेदार मुझे बिठा लेगा। वह जानता है कि थानेदार उसको इंसान नहीं मानता। आप हिन्दुस्तान के 80 फीसदी लोगों को इंसान नहीं मानोगे तो सोचोगे कि इतनी बड़ी समस्या है। यहाँ अकेले एक समस्या नहीं है, कितनी ही समस्याएँ हैं। क्या उनसे आप निपट सकते हो? यह दिल्ली है। यहाँ बम ब्लास्ट हुआ। वह बम ब्लास्ट कहाँ हुआ? वह डस्टबिन में हुआ। सदन में सब लोग बैठे हुए हैं। अपने दिल पर हाथ रख कर महसूस करें कि कभी हमने किसी सड़क पर झाड़ू वाले को कभी महसूस किया हो, उससे कभी एक दिन भी बात की हो। मैं 7-तुगलक रोड पर रहता हूँ। मेरे यहाँ झाड़ू लगाने वाली महिला आती है, झाड़ू

लगाने वाला व्यक्ति भी आता है। मैं महसूस करता हूँ कि जैसा मैं इस देश का नागरिक हूँ, वह भी वैसा ही एक नागरिक है। क्या हम कभी उससे बात करते हैं? मैं अपनी कहना नहीं चाहता। मैं तो उन्हें चाय और खाना भी देता हूँ। उनके सुख-दुख पूछता हूँ। हरेक आदमी के मन में इसका विस्तार होना चाहिए। हमारा दिल चौड़ा होना चाहिए। हम अमेरिका का मुकाबला तो करना चाहते हैं, लेकिन अमेरिका में 45 वर्षों में वहाँ का जो वाइट है, जोकि पहले किसी काले को अपने बगल में भी नहीं बिठाता था, उसने वाइट हाउस में एक ब्लैक को बिठा दिया। तुम इस देश के झाड़ू लगाने वाले सबसे नीची जाति के किसी आदमी को कभी महसूस करते हो, कभी उसे इंसान मानते हो? हमारे जैस लोग चुनाव के चलते यहाँ आते हैं। 60 वर्ष में जो भारत की सरकार है, उसमें एक शूद्र और अति शूद्र दो बड़े खाने हैं। जो पिछड़ी जाति के लोग हैं, किसान हैं, उनका एक आदमी भी 60 सालों में भारत सरकार के मंत्रालय का एक सेक्रेट्री नहीं बना। महसूस कैसे करें वे लोग? यहाँ दिल्ली में जो बम ब्लास्ट हुआ, उसकी खबर यदि हमने झाड़ू वाले को देश का नागरिक माना होता और उसने यह महसूस किया होता कि यह मेरा देश है..।

यह सड़क मेरी है और अगर इस सड़क पर कोई गड़बड़ी हो रही है तो वह उसकी सूचना देता, लेकिन वह ऐसा महसूस ही नहीं करता क्योंकि उससे कोई बात ही नहीं करता। हम सब जानते हैं कि सड़क पर झाड़ू लगाने वाली मुंह पर पर्दा रखती है। उसे मालूम है कि अगर उसका चेहरा दिख गया तो जो सफेदपोश है, उसकी नीयत दो मिनट में खराब हो जाएगी। वह यह अच्छी तरह जानती है। उपसभाध्यक्ष जी, इसी तरह से रेलवे में कुली है। आपकी इंटैलीजेंस फेल हो जाएगी, लेकिन कुली को मालूम है कि कौन कहां जा रहा है और कहां क्या हो रहा है। इसलिए उसको मोबिलाइज करो। यदि आप जानते हो कि समुद्र के रास्ते से तबाही हो सकती है तो सबसे पहले मल्लाह को, उसकी यूनियन वालों को इनवॉल्व करो। उसकी यूनियन में कोई गड़बड़ आदमी है तो कोई सीधा रास्ता निकालो।

श्री प्रकाश जावडेकर: उनकी यूनियन ने बतलाया था।

श्री शरद यादव: उपसभाध्यक्ष जी मैं जानना चाहूंगा कि मेरा कितना समय बाकी है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You have four minutes more left, but you can take six or seven minutes.

श्री शरद यादव: महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस दिशा में काम किया जाए। दूसरी बात, अच्छा हुआ इस बार काफी हल्ला मचा, मगर मैं एक बात बताना चाहूंगा कि अगर इस देश की जनता किसी के पीछे है तो भले ही वे अच्छे हैं, बुरे हैं - राजनीतिक लोगों के साथ है। उन्हें मालूम होता है कि कौन मोहल्ला में कहां कौन है - कहां दलित है, कहां आदिवासी है, कहां क्या समस्या है। अगर यह कोई जानता है तो वह राजनीतिक पार्टियों के लोग जानते हैं। महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बात पूरे सदन से और सरकार से कहना चाहता हूं कि राजनीतिक पार्टियों के सिर पर भी यह जिम्मेदारी सौंपो कि वह हर मीटिंग में 5 मिनट अपने कैडर को, भारतीय जनता पार्टी अपने कैडर को आगाह करे कि हर मोहल्ले में, हर जगह सतर्क रहो। फिर चाहे वह इस तरफ की पार्टी हो, चाहे बीच की पार्टी हो और चाहे हमारी पार्टी हो - सभी लोग इसमें हिस्सा लो, इसमें इनवॉल्व हो। अब मोहल्ला-मोहल्ला, गांव-गांव को कोई नहीं जानता, ये जो देशभर में आज लोग बोल रहे हैं, वह एक अलग हिस्सा है। वे अलग बैठते हैं, अलग चलते हैं, अलग रहते हैं, इस बार उन पर हमला हुआ। पहले हमला सड़क पर होता था, लेकिन इस बार उन पर हमला हो गया जिन्होंने मकान भी अलग बनाए हैं, अपनी भाषा भी अलग बनायी है। अब आज की यह बहस बांझ क्यों हो गयी है? मुझे एक पत्रकार मिला, कहा इस में कोई असर पैदा नहीं हो रहा है। मैं निवेदन करूं, मैं कोई बड़ी बात नहीं कहना चाहता, आप इस बहस को मुझे से शुरू करवा देते, इसका impact होता। आपने उन लोगों से शुरू करा दिया, हालांकि वे बात सही कह रहे हैं, बात बिल्कुल ठीक कह रहे हैं, लेकिन वह लोगों के दिल को नहीं छू रही है। दुनिया ट्रांसलेशन

से नहीं चलती। आज चीन पर कोई निगाह नहीं उठा सकता। उसने अंग्रेजी से देश नहीं बनाया। यह जो खबर का सूचना तंत्र है, उसमें आपका पूरा दफ्तर अंग्रेजी में कागज इधर से उधर दौड़ाता है। उसका भी रास्ता निकालो। मैं किसी भाषा के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि यदि इस देश में कोई खबर लेनी है, सूचना लेनी है, तो फिर आपको इस भाषा के सवाल पर भी आज नहीं तो कल सोचना पड़ेगा। यह देश भाषा के बगैर इकट्ठा नहीं हो सकता क्योंकि भाषा का भी एक बड़ा भारी बैरियर है। जो अफसर बैठा है और जिसके बारे में लोग बोल रहे थे, जनेश्वर मिश्र जी ने कहा वह करप्ट है, करप्ट नहीं वह इतना ज्यादा निश्चिंत है, इतना आराम में है कि आप शिवराज वी0 पाटिल जी को तो दिनभर ठोंकते हो, लेकिन वह आदमी इतने मजे में है कि अभी दिनभर यहां सुनेगा, बैठेगा, कुछ फाइल्स इधर-उधर करेगा और शाम को फिर उसे एक कप चाय नहीं पिलाना। फिर करप्शन के बारे में तो आपको मालूम होना चाहिए कि आप साउथ दिल्ली में सर्वे करो लो कि वहां पॉलिटिकल लोगों के कितने मकान हैं, ब्यूरोक्रेट्स के कितने मकान हैं, व्यापारियों के कितने मकान हैं। यहां आपको हर टाइप के लोगों के ज्यादा मकान मिलेंगे, लेकिन पॉलिटिकल लोगों के कम मकान मिलेंगे और वह सबसे ज्यादा अकाउंटेबल है। महोदय, पॉलिटिकल सिस्टम अकाउंटेबल है, इसलिए यह अच्छा है। आप दो-चार लोगों का और इस्तीफा करा दोगे, लेकिन जिम्मेदारी सरकार की है। सरकार को जिम्मेदारी महसूस करनी चाहिए, वह उसे accept करनी चाहिए। महोदय, पहला होम मिनिस्टर हट जाता है और दूसरा होम मिनिस्टर कहता है कि गलती हो गयी। मैं उसमें नहीं जाना चाहता। हमारे देश का चरित्र ही ऐसा है कि मैं इस्तीफा मांगता भी रहूं तो उसे कोई सुनने वाला नहीं है। इसलिए मैं उस पर नहीं जाता। मैं एक बात यह कहना चाहता हूं कि ये पॉलिटिकल पार्टियां ही हैं जिनको इस बारे में मन बनाना पड़ेगा, अपने मन को तैयार करना पड़ेगा, अपना लक्ष्य बनाना पड़ेगा, इसका रास्ता बनाना पड़ेगा। मैं यहां पूरे सदन की सारी पार्टियों को संबोधित कर के कहना चाहता हूं कि उन्हें सम-लक्ष्य के लिए लगना पड़ेगा कि आतंकवाद एक युद्ध है, इससे लड़ना है क्योंकि इससे देश खतरे में है।

जहाँ तक पाकिस्तान के साथ युद्ध का सवाल है, मैं तो मुतमईन हूँ। इधर से या उधर से लोगों ने कहा कि मारो मारो मारो। हालत आपकी मारने की नहीं है, उस पर मैं विस्तार से नहीं जाऊँगा, मैं जाना भी नहीं चाहता। लेकिन अंत में एक बात मैं कहना चाहता हूँ कि नेशनल सेक्योरिटी एडवाइजर, यह एक नई चीज़ निकाली है। सारी सूचनाएँ एक आदमी के हाथ में थीं। आपने एक ऐसी पोस्ट बनाई है जो किसी कांस्टीट्यूशन में है ही नहीं। खास कर जब मैं सेक्योरिटी एडवाइजर का बयान पढ़ता हूँ तो हैरान हो जाता हूँ। उनका बयान वह समझते हैं या फिर लोग उल्टा समझते हैं। पहले होम मिनिस्टर सब चीज़ का जिम्मेदार होता था। हर चीज़ उसके पास होती थी, आई0बी0 उसके पास होती थी, रॉ उसके पास होता था, सी0बी0आई0 उसके पास होती थी, आपने क्यों बाइफर्केशन किया? जो घर-मंत्री है, उसके हाथ में सारे अधिकार थे और होम मिनिस्टर को देश भर देखता है। आप सरदार पटेल के नाम से देखते हैं। सरदार पटेल के पास ये सारी चीजें थीं। आज का जो होम मिनिस्टर है, उसके हाथ-पाँव आपने तोड़ कर रखे हैं। आपने आई0बी0 किसके पास रखी है? रॉ का बुरा हाल है। आई0बी0 का हाल और उसके कर्मचारियों की संख्या लोगों ने बताई। लेकिन खास कर के मैं आपको बताऊँ कि यह सूचना का जो तंत्र है और जो जिम्मेदारी है, अकाउंटेबिलिटी है, इसे एक जगह इकट्ठी करो। आप या तो होम मिनिस्ट्री ही बंद कर दो, उसको लंगड़ा-लूला बना कर क्यों रखना चाहते हो? यदि यह मानते हो कि होम मिनिस्टर बन के कोई आदमी नेता बन जाएगा, यह खतरा तुमको है, तो फिर इस पोस्ट को ही एबोलिश कर दो। प्राइम मिनिस्टर को एकाउंटेबल कर दो। कोई एक जगह रखो। आई0बी0 कहीं है, सी0बी0आई0 कहीं है, रॉ कहीं है और ऊपर से एक सेक्योरिटी एडवाइजर वाह जी, कहाँ से निकाल कर लाए यह सेक्योरिटी एडवाइजर सेक्योरिटी एडवाइजर भी एक कांस्टीट्यूशनल पोस्ट नहीं है। हाँ, पिछली सरकार में बृजेश मिश्र

बहुत तेज आदमी थे। तब नहीं लगा कि सेक्योरिटी एडवाइजर कोई काम नहीं कर रहा है। लेकिन जब से यह नारायणन आए हैं, माफ करना, मगर मैं कहना चाहता हूँ कि ये गजब इंसान हैं। नेपाल के मामले में मैं उनसे मिला और प्रधान मंत्री के साथ उनके साथ बैठक की लेकिन उन्होंने फॉलो नहीं किया। उपसभाध्यक्ष जी, जब तक यह सरकार इन अफसरों को ठीक नहीं करेगी, जिन-जिन अफसरों के कारण यह लैप्स हुई है, उनको अलग नहीं करेगी तब तक यह चीज़ ठीक नहीं होगी। आप हमेशा के लिए यह नियम बना दो कि अगर किसी ने जिम्मेदारी से काम नहीं किया, कोई कोताही की तो उसे यहाँ से जाना पड़ेगा। होम मिनिस्टर ने अभी बयान दिया। मिनिस्ट्री में तीन तीन स्टेट मिनिस्टर बनाते हैं। मैं सरकार में रहा हूँ मुझे मालूम है कि स्टेट मिनिस्टर्स की क्या दुर्गति है। यानी इतने बड़े देश में स्टेट मिनिस्टर के हाथ में कोई पावर नहीं है। ये यहाँ बैठे हैं, ये बोलेंगे नहीं। लेकिन शिवराज जी यहाँ बैठे हैं, इनको कुछ नहीं देंगे। इनको ऐसी फालतू चीज दे देंगे कि पूछो मत। यानि हमने इस देश में स्टेट मिनिस्ट्री को ऐसा नाश करके रख दिया है कि वे किसी कर्म के नहीं हैं। उन बेचारों के हाथ में कुछ नहीं है, उन्होंने कहा होगा कि बयान देने दो, इसलिए बयान दे दिया। लेकिन उनके हाथ में कोई काम नहीं होता। मुळो माफ करेंगे, चाहे मैं मिनिस्टर रहा हूँ, चाहे कोई और रहा हो, स्टेट मिनिस्टर को कुछ नहीं दिया। इतना बड़ा देश है, कुछ बांटकर रखना चाहिए। इसलिए मैंने चार बातें कहीं। नम्बर एक, इस देश की पूरी जनता को गोलबंद किये बगैर आप इस खतरनाक चीज से नहीं निपट सकते। मैं कहना नहीं चाहता, लेकिन जो परिस्थिति है, उसमें आप युद्ध नहीं कर सकते। हमने जो न्यूक्लियर वेपन बनाये हैं, उनको तकिया के नीचे रखकर सोओ। पाकिस्तान भी सोये और तुम भी सोओ। दुनिया तुम्हें लड़ने नहीं देगी, दुनिया बरबाद नहीं करने देगी। पहले हम उनको ट्रेडिशनल वार में मार देते थे, उनको हल्ला करके नीचे निकाल देते थे, अब वह स्थिति हमारे हाथ में नहीं है। मुझे गलत नहीं समझा जाए, क्योंकि उस समय हमारा वेपन बनाना जरू री था, क्योंकि अगर हम नहीं बनाते तो पाकिस्तान बना लेता। चीन के पास है इसलिए हमको बनाना पड़ा। उसके बनने के बाद सुरक्षा भी है, लेकिन उस सुरक्षा के चलते हमारे हाथ-पांव भी बंध गये। इसलिए देश के भीतर की जो जनता है, जब तक उसे मजबूत नहीं करेंगे और उनके साथ interaction नहीं करेंगे, उनको महसूस नहीं करायेंगे कि यह देश उनका है, तब तक हम इस समस्या से नहीं निपट सकते। जायसवाल जी, आप खबर लेकर आइये और इस पार्लियामेंट में बयान दीजिए कि मिलिट्री के लोग टी0वी0 पर कैसे बयान दे सकते हैं। किस तरह से बयान देंगे। इस सदन में इस बयान का कोई मतलब नहीं है, आप जिम्मेदारी फिक्स करके पहले उनको भी चैक करने का काम कीजिए, इससे देखिए आगे आने वाले लोग सतर्क रहते हैं या नहीं। आप उनको एकाउंटेबल बनाइए। सदन को पहला काम करना चाहिए कि आतंकवाद के मामले में लोग एकाउंटेबल हों। नया कानून बनाने के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि आपने बहुत कानून बनाए, उनसे कुछ नहीं होता। एक 'मीसा' कानून था, उसमें हम लोग साढ़े चार साल बंद रहे, उससे कुछ नहीं होता है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): शरद जी, कन्कलूड कीजिए।

श्री शरद यादव: आप चाहे उसी तरह का बना लीजिए, लेकिन उससे राज्य सरकारों के अधिकारों और उनकी गर्दन को दबाने का काम अगर आप काम करेंगे ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): शरद जी, कन्कलूड कीजिए।

श्री शरद यादव : तो यह ठीक नहीं है, सोचकर बनाइए। इसलिए मैं अंत में कहना चाहता हूं कि अफसरों को ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0जे0 कुरियन): शरद जी, आप चेयर को देखते भी नहीं हैं।

श्री शरद यादव: मंत्री जी आ गए हैं। अंत में हम इतना ही कहना चाहते हैं कि एक तो लोगों को गोलबंद करके आप मीटिंग बुलाइए और हर मीटिंग में पांच मिनट इस सवाल पर लोग बोलें। उनकी बात का असर

पड़ेगा। यह जो सिनेमा में खा रहे हैं, पी रहे हैं, नाच रहे हैं, वे वहां पर अच्छा काम करें, लेकिन उनकी बात को कोई सुनने वाला नहीं है, शहर के कुछ लोगों को छोड़कर, जो उनकी बात मानेंगे, लेकिन राजनीतिक लोगों को मजबूत करें। दूसरी बात, एक काम करिए कि अफसरों की तरफ से इतना लैप्स हुआ है, उनको बर्खास्त करके सदन में आइए, नहीं तो आप कुछ करने वाले नहीं हैं। बहुत-बहुत शुक्रिया।

डा0 (श्रीमती) नजमा ए0 हेपतुल्ला (राजस्थान): सर, मुझसे पहले शरद यादव जी बहुत अच्छा बोले, दो मिश्र जी बोले। श्री सतीश चन्द्र मिश्र जी, आप जाइए मत, मैं आपकी तारीफ कर रही हूं, आपकी भी तारीफ कर रही हूं।

सुबह हमारी पार्टी की तरफ से यह डिबेट initiate की हमारे श्री अरुण शौरी जी ने। उन्होंने इतने विस्तार से बोला उस सिलसिले में, उस बारे में मैं समझती हूं कि शायद हमारे मंत्री जी के पास भी इतनी इत्तिला नहीं थी, जितनी कि श्री अरुण शौरी जी ने दी। आपका स्टेटमेंट हम लोगों को मिला नहीं था, लेकिन उसकी absence में भी श्री अरुण शौरी जी ने उन सब बातों का जवाब पहले से तैयार करके रखा था, शायद उनको इल्म था कि क्या स्टेटमेंट आने वाला है, पुराने experience की बात कर रही हूं।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं यहां पर एक अजीब से अहसास के साथ खड़ी हुई हूं। मेरा एक अहसास है दुख का, उन लोगों के लिए जो कि इस आतंकवादी हमले में मारे गए, चाहे व हमारे सुरक्षा कर्मी हों, चाहे innocent लोग हों, चाहे भारत के हों या भारत के बाहर के हों, किसी भी धर्म या प्रदेश के रहने वाले हों, औरत हों या मर्द हों और एक दूसरा अहसास है गुस्से का, आक्रोश का उन आतंकवादियों के खिलाफ, मैं सरकार के लिए क्या आक्रोश करूं, वह तो यहां सबने पेश कर ही दिया। मैं तो उन आतंकवादियों की तरफ अपना आक्रोश बताती हूं कि जो हमारे मज़हब का नाम लेकर आतंकवाद फैलाते हैं। मिश्र जी, कोई हमें terrorist नहीं कहता। Terrorist बनाने के लिए वे जो हमारे जैसे नाम लेकर आते हैं, किसी का नाम युसूफ होता है, मोहम्मद होता है, अहमद होता है, कसाब होता है, वे हमें terrorist के खांचे में खड़ा करते हैं। यहां, इस हाऊस में कोई हम लोगों को, इस देश के लोगों को, इस देश के मुसलमानों को terrorist नहीं मानता। यह अहसास मुझे एक मुसलमान के तौर पर है। हमने कभी भी terrorism को मज़हब के दायरे में नहीं रखा। हमारे BJP के लीडर्स ने, इस हाऊस में भी, उस हाऊस में भी और पब्लिक में भी, कभी यह नहीं कहा कि यह मुस्लिम terrorism है, सिख terrorism है या हिन्दू terrorism है। मगर अफसोस की बात है कि इसी सैशन के पहले वाले भाग में, छुट्टी से पहले, हिन्दू terrorism का नारा लगा। उपसभाध्यक्ष महोदय, terrorism एक सोच है, एक गलत सोच है, जिसका मज़हब से कोई ताल्लुक नहीं है। मेरे पास श्री अहलुवालिया जी बैठे हैं, आपको याद होगा कि एक ज़माने में जब पंजाब में आतंकवाद फैल रहा था, तो हर सरदार को, हर पगड़ी वाले को एयरपोर्ट पर अपनी पगड़ी की तलाशी देनी पड़ती थी, मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है कि पुलिस वाले उनकी पगड़ी में पेंसिल डालकर देखते थे कि कहीं वह बम लेकर तो नहीं जा रहे हैं। इसी तरह आज लोग मुसलमानों पर शक करते हैं। इनका कोई कुसूर नहीं था, ये innocent हैं, मगर ये उन terrorists के शिकार हैं, जो इनका नाम लेकर, हमारे मज़हब का नाम लेकर आतंक फैलाते हैं, यही बात इस देश में अब मुसलमानों के लिए है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जहां मुल्क इस अटैक पर गम है, वहीं मैं यह कहना चाहती हूं कि यह मुंबई पर अटैक नहीं था, बार-बार यह कहना कि यह अटैक मुंबई पर था, यह ठीक नहीं है। यह देश पर अटैक था, क्योंकि मुंबई, इस देश की इकनॉमिक पावर है, जहां से पैसा आता है और पहली बार ऐसा हुआ, जिसके बारे में सारे टेलीविजन चैनलों ने बताया, लेकिन मुझे टेलीविजन चैनल वालों से यह बात कहनी है कि जहां उन्होंने जान पर खेलकर होटल ताज के बारे में बताया, होटल ओबेरॉय के बारे में बताया, लेकिन विक्टोरिया टर्मिनस यानी छत्रपति शिवाजी रेलवे स्टेशन पर कुछ गरीब लोग भी थे, वहां ज्यादा लोग मारे गए, वहां एक ही हमले में काफी लोग मारे गए, जिन्हें सिर्फ दो लोगों ने मारा, खुलेआम मारा, उनके बचने का तो सवाल ही नहीं था,

लेकिन एक भी टेलीविजन चैनल ने उसको कवर नहीं किया, यह मुझे उनसे शिकायत है। क्या गरीब की जान, जान नहीं होती? क्या सिर्फ जो बड़े होटलों में जाते हैं, उन्हीं की जान कीमती होती है?

उपसभाध्यक्ष महोदय, 2 दिनों के बाद 13 दिसंबर को हम लोग पार्लियामेंट के बाहर फिर से एक ceremony करेंगे, जहां पार्लियामेंट पर आतंकवादी हमला हुआ था। मुझे मालूम नहीं है कि आप में से कितने लोग उस दिन यहां मौजूद थे, मगर मैं और जसवन्त सिंह जी उस 30 किलोग्राम RDX से सिर्फ 30 मीटर की दूरी पर थे। अगर कुछ होता, तो सभी जाते। अगर वे आतंकवादी अंदर आ जाते, तो क्या होता? मैंने bi-laterally, multilaterally, internationally हर जगह terrorism के खिलाफ बोला है, मुझे तो वे मार ही देते, वे मुझे इसलिए नहीं छोड़ते कि मैं मुसलमान हूं, मेरा नाम नज़मा हेपतुल्ला है, वे मुझे इसलिए मार देते क्योंकि मैं एक हिंदुस्तानी हूं और मुझे इस बात पर फख़्र है कि मैं एक मुसलमान हूं, मुझे इस बात पर भी फख़्र है कि मैं एक हिंदुस्तानी हूं। मैं मिश्र जी से कहूंगी कि आपने अखंड भारत की बात कही, आप शायद भूल गए कि भारत अखंड ही है, भारत अखंड ही होता, यदि पार्टिशन नहीं होता, भारत अखंड ही रहता, अगर एक मुसलमान - मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की बात उस वक्त 1947 में मान ली गई होती। आज उनको सब भूल गए हैं, कोई याद तक नहीं करता, उन्होंने भी अखंड भारत का नारा दिया था। उन्होंने अपनी कौम से लानत सुनी, गालियां सुनीं, मगर वे अपनी बात पर अड़े रहे, आज सब उन्हें भूल गए हैं, उनका नाम कभी-कभी आता है, इलेक्शन के समय पर कहीं फोटो-वोटो छप जाती है, मगर अपने पीछे जो वे छोड़ गए हैं, उसे किसी ने याद नहीं किया।

उपसभाध्यक्ष जी, यह 13 दिसंबर की बात है। मैं अपने कमरे में बैठी थी, यहां के मार्शल ने आकर दरवाजा बंद किया, क्योंकि मेरा दरवाजा हमेशा खुला रहता था। मार्शल ने आकर कहा कि आतंकवादी आ गए हैं और मुझे कुछ ऐसी आवाज़ आई जैसे कोई पटाखे वगैरह चले हों। मैं समझी कि शायद कोई क्रिकेट का मैच हुआ है, कोई विकेट वगैरह गिरा होगा, तो यहां पटाखे चले हैं। मार्शल मणि ने आकर कहा कि आतंकवादी आ गए हैं, बोल्ट लगा दीजिए, फिर कहा कि चेयरमैन साहब आपको अपने कमरे में बुला रहे हैं, जसवन्त सिंह जी भी वहां आए। हम लोग अपने टी.वी. पर उन आतंकवादियों के हमले को देख रहे थे। जो मेरा पर्सनल सिक्योरिटी का आदमी था, जो काली वर्दी पहनता है, जिसके पास खाली एक वॉकी-टॉकी होती है, उसका नाम था जे.पी. यादव। वह 17 साल से मेरे साथ था, उस आदमी को 12 नम्बर गेट पर गोली मार दी गई। मैं जब कभी भी उस 12 नम्बर गेट से चढ़ती हूँ तो मुझे उसकी याद आती है। एक मातबर सिंह नेगी था, उसके पास कोई हथियार नहीं था, जिसने यह दरवाजा बंद किया था और आज भी आप देखेंगे तो वह कांच से गोली निकल कर चेयरमेन साहब के कमरे तक आई थी। हम लोगों ने आतंकवाद को नजदीक से देखा है, टेलिविजन पर नहीं देखा है।

सर, 9/11 की बात होती है, जब यह घटना घटी थी, मैं उस समय Burkina Faso में थी IPU conference के लिए। मेरी लड़की twin tower के 37वें मंजिल पर काम करती थी, यह तो उनकी तकदीर थी कि वह उस दिन एक छोटी सी बात पर पांच-दस मिनट लेट हो गई, वह यह कि उनकी स्कर्ट पर इस्तिरी नहीं हुई थी, इसलिए वह वापस अपने घर गई और जब ऊपर आई तो एक बिल्डिंग पर attack हो चुकी थी और दूसरी बिल्डिंग पर attack होते हुए उसने अपनी आंखों से देखी। चार घंटे तक मुझे पता नहीं था कि मेरी लड़की जिंदा है या नहीं है, क्योंकि कोई कनेक्शन नहीं था।

सर, मैं अभी की बात बताती हूँ। मैं पाकिस्तान में गई थी, जब उनकी डेमोक्रेसी declare हुई और डेमोक्रेसी के लिए दोबारा से election हुआ। पिल-डॉट एक organisation है, जिन्होंने यू.एन. के साथ मिल कर अफगानिस्तान और पाकिस्तान के parliamentarians के लिए एक conference की थी कि डेमोक्रेसी में पार्लियामेंट कैसे चलती है। तीन महीने पहले मैं उसी मैरिएट होटल में थी, जिस मैरिएट होटल पर हमला हुआ और पूरा मैरिएट होटल ढह गया।

सर, मैंने अपनी आंखों से देखा है कि terrorism क्या होता है। मगर मुझे इस बात की खुशी है कि सिर्फ मैं अकेली नहीं, बल्कि इस हिन्दुस्तान के उन लोगों द्वारा जो मजहबी रहनुमा हैं, जो इस देश के आम बाशिंदे मुसलमान हैं, उन्होंने एक जबान होकर यह कहा कि हम सरकार के साथ हैं और terrorism के खिलाफ हैं। मुझे मुंबई के उन मौलवियों की बात से खुशी हुई, जिन्होंने कहा कि ये आतंकवादी मुसलमान नहीं हैं, हम अपने कब्रिस्तान में इनको दफन नहीं करने देंगे।

सर, हमारे देश में यह spirit है, हमें कोई आतंकवादी नहीं समझता है। आप बार-बार जो यह secularism, communalism की बात करते हैं, मैं आपको हाथ जोड़ती हूँ कि ये बातें करना छोड़ दीजिए, ये बातें मत कीजिए। जब आप ऐसा बोलते हैं तो आप हमें अलग कटघरे में खड़ा कर देते हैं। इस देश में हमारा भी उतना ही हक है, जितना कि आपका है। मैं उस बात को फिर से दोहराती हूँ, जो बात मौलाना आजाद ने सन् 1939 में कही थी, जब वे कांग्रेस के प्रेसीडेण्ट चुने गए थे। उन्होंने कहा था कि मुझे इस बात पर फख्र है कि इस्लाम की चौदह सौ साल की तारीख मेरा हिस्सा है, मगर मुझे इस बात पर भी फख्र है कि मैं हिन्दुस्तानी हूँ और इस अजीम हिन्दुस्तान को बनाने में मेरा भी हिस्सा है और मैं अपने इस हक से दस्तबरदार होने को तैयार नहीं हूँ। आज मैं भी यही कहती हूँ, भारत का हर मुसलमान यही कहता है कि हम हिन्दुस्तानी हैं और यह हमारा हक है कि अगर इस देश में कोई खुशी हो तो हमें उसे बांटनी है, अगर इस देश पर कोई आपत्ति आए तो उसे हमें बर्दाश्त करना है, उसे सहना है और उसका मुकाबला करना है। हिन्दुस्तान टूट नहीं सकता है, क्योंकि हिन्दुस्तान की spirit बहुत मजबूत है। हमारे होम मिनिस्टर जी ने भी जिक्र किया और इशारा किया कि हमारे पड़ोसी देशों का हाथ है। अरे, शर्माने की क्या बात है, है तो है, बोलिए, खुल कर बोलिए, सीना तान कर बोलिए कि जिस दिन से पाकिस्तान बना है, उसने कभी हिन्दुस्तान के लिए दोस्ती का हाथ नहीं बढ़ाया। कारगिल के समय में भी P.M. यहां आए थे और पीछे से छुरा भोंक रहे थे, चढ़ रहे थे। यही अभी हुआ कि बात हो रही थी और पीछे से छुरे भोंक रहे थे। आप उन पर क्यों यकीन करते हैं। मैं प्रणब जी की बड़ी इज्जत करती हूँ, वे इस हाउस के लीडर रहे हैं। सन् 1980 में जब मैं नई-नई आई थी तो मैं उनसे बहुत डरती थी, अब तो उनकी बहुत ज्यादा इज्जत भी करती हूँ कि जिस तरीके से समझदारी के साथ हर डिपार्टमेंट को handle किया है। मगर सर, वे तो यहां नहीं हैं, वे आवास पर सुन रहे होंगे या आप उन्हें बता दीजिएगा, कोई न कोई बता देंगे, हमारे नारायणसामी जी बता देंगे। सर, आप जो यह मीठी-मीठी बात करते हैं, इससे काम नहीं चलेगा, कुछ मजबूत कदम उठाना ही पड़ेगा, उनको एहसास दिलाना ही पड़ेगा।

वे बार-बार यह कहते रहते, हमारा हाथ नहीं है, हमारा हाथ नहीं है। इसका मतलब यह कि भारत सरकार, आपकी सूचना की एजेंसियां, आपकी इंटेलिजेंस एजेंसियां क्या गलत बोल रही हैं? हम इतने नालायक हैं? होम मिनिस्टर साहब यहां नहीं हैं, अभी तो थे, शायद कहीं चले गए ! सर, मैंने चेयरमैन साहब को मुम्बई के हादसे के बाद 3 दिसंबर को एक चिट्ठी लिखी थी। चेयरमैन साहब यहां मौजूद नहीं हैं, मैंने इस चिट्ठी में राज्य सभा में जो सवाल किए गए - मैं लोक सभा की बात नहीं कर रही हूं - लोक सभा की बात लोक सभा वाले करेंगे, मैंने सिर्फ राज्य सभा की बात की। तो राज्य सभा में 6 सवाल पूछे गए थे, हमारे मनोहर जोशी जी ने भी सवाल पूछा था, उन्होंने अपने साथी के साथ मिलकर सवाल पूछा था। मेरी फोन पर भी बात हुई थी। अब होम मिनिस्टर साहब नहीं हैं, तो मैं किससे सवाल करूं सर, क्योंकि यह बात तो उन्हीं को बतानी है कि हर सवाल का जवाब, जो सवाल इससे जुड़ा हुआ था कि क्या पानी के रास्ते, specifically क्या मुम्बई के रास्ते आतंकवाद का हमला हो सकता है? उन्होंने एक बार भी नहीं कहा था कि नहीं। उन्होंने हर बार यह कहा था कि हां, हमला हो सकता है। हमारी जानकारी में है, ऐसी खबर आई है, हम अपने oil installations के ऊपर ध्यान दे रहे हैं। यहां सवाल पूछे गए, किसी का कोई जवाब नहीं आया। ये Unstarred Questions थे, वे आराम से जवाब दे सकते थे क्योंकि कोई सप्लीमेंटरी उनसे पूछने वाला नहीं था कि जिसका उनको डर हो। वे जवाब

तो दे सकते थे पार्लियामेंट को ! अब वे कृपया यहां आएं, तो मैं उनसे पूछूं कि सर, जब आप जवाब नहीं दे पा रहे थे, क्योंकि उसमें सीक्रेट था, आतंकवादियों को पता लग जाता, मगर अब तो बता दीजिए कि क्या हुआ था? आपको क्या खबर थी, जिसके बारे में आपने लिखा कि हम आपके साथ knowledge share नहीं कर सकते? आप नहीं बता सकते क्या? मैंने चेयरमैन साहब का इसी तरफ ध्यान दिलाया था कि देखिए, इस तरह से उलटे-पुलटे जवाब आते हैं, इतने सीरियस मसले के ऊपर !

सर, मेरे पास कागज़ तो बहुत हैं बोलने के लिए, मैं इन कागज़ों पर बोलना चाहूं, तो मुझे लगता कि आपको दो-चार बार घंटी बजानी पड़ेगी, एक बार नहीं, मगर सिर्फ इतना कहूंगी कि आज बहुत खुशी हुई, हमारे साथी अरुण शौरी ने भी शुरू में ही अपनी बात में यह कहा कि यह खुशी की बात है कि सिक्योरिटी काउंसिल ने "दावा" जो एक ऑर्गेनाइज़ेशन है पाकिस्तान की, उसको बैन कर दिया है, मगर हमारे विदेश मंत्री जी भी यहां नहीं हैं, वैसे भी राज्य सभा से तो सब सौतेला बर्ताव ही करते हैं। सीरियसनेस नहीं समझते कि ये लोग जो बोल रहे हैं, इसमें कोई सीरियसनेस है। इसलिए कोई नहीं है। नारायणसामी जी, क्या आप कुछ लिख रहे हैं? Are you writing down something? You are not writing. I think you should write down something. I expect you to write down the question I am asking.

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वी. नारायणसामी) : आपके प्वाइंट्स मैं लिख रहा हूं।

DR. (SHRIMATI) NAJMA A. HEPTULLA: Please. आप प्वाइंट्स लिख लीजिए।

आप आज नहीं तो कल, नहीं तो परसों, नहीं तो अखबार में तो उसका जवाब आ ही जाएगा, गवर्नमेंट की तरफ से नहीं आएगा, तो प्राइवेट तरीके से आ जाएगा कि इन्होंने जो बैन लगाया है, "दावा" पर, वह बैन तो सिर्फ लगेगा पाकिस्तान की टेरिटरी में, मगर पी.ओ.के. के बारे में क्या है? क्योंकि इन पर आप यहां बैन लगाते हैं, तो वे भागकर पी.ओ.के. में चले जाते हैं, पाकिस्तान ऑक्युपाइड टेरिटरी में, वहां से आतंकवाद फैलाते हैं। एक जगह है FATA (Federally Administered Tribal Area). वह area तो पाकिस्तान का है, पर वहां पाकिस्तान की रिट नहीं चलती। मैं तो समझती हूं कि वैसे पाकिस्तान सरकार की रिट तो पाकिस्तान की टेरिटरी में भी नहीं चलती है, क्योंकि अगर चल रही होती, तो वे कुछ न कुछ अंकुश लगाते। गलती उन्हीं की है। किसी ने यहां Frankenstein की बात की, मुझे लगता है कि शायद सी.पी.आई.(एम.) के लीडर बात कर रहे थे, पाकिस्तान ने ही यह Frankenstein बनाया है, अफगानिस्तान को हथियार भेजने का पाकिस्तान को conduit बनाया, वे अपने ही fauls में मर रहे हैं। मगर वे मरे, यह उनकी जिम्मेदारी है, हमने तो कुछ नहीं किया है। हमारे यहां क्यों innocent लोगों को मार रहे हैं? सर, मैं अन्य बातों की तरफ इशारा नहीं करूंगी, मैं संक्षेप में आपको बताना चाहती हूं कि मेरे पास उस आदमी की एक चिट्ठी है, जो आदमी तीन दिन ओबेरॉय होटल-ट्रायडेंट में, गोली से ज़ख्मी हालत में था। उसने अपना बयान भी दिया है। शायद हमारे फॉर्मर होम मिनिस्टर साहब को मालूम होगा, उसका नाम अपूर्व पारिख है। उसका आंखों देखा हाल है कि पहले आंतकवादी आए, उन्होंने उस रेस्टोरेंट के अंदर गोलियां चलायीं। उसके बाद जो मर गए थे, उन्हें छोड़कर जो बच गए थे, उनको लेकर वे 18वीं मंजिल पर गए। उनको एक कमरे में बंद करके उन सबको उन्होंने गोलियां मारीं। एक गोली उसके कान के पास से निकल गयी, दूसरी गोली उसके हिप में लगी। वह गिर गया। उसके ऊपर दो लाशें गिरीं। दूसरे लोग भी वहां ज़ख्मी हुए। यह मैं उसकी आंखों देखी बात कह रही हूं, कोई टेलीविज़न कैमरे की बात नहीं कर रही। उस आदमी ने कहा कि उन्होंने गोली मारने के बाद ऊपर से फिर उन लोगों को गोलियां मारीं। आप सोचिए कि कितनी नफरत उनको सिखायी गयी होगी कि मरे हुए लोगों पर भी उन्होंने गोलियां चलायीं और वे हंस रहे थे। उनके जाने के बाद जो दो-तीन लोग जिंदा बच गए थे, ज़ख्मी थे, वे लोग वैसे ही पड़े रहे। उसके थोड़ी देर बाद वे लोग फिर आए और कैमरा लाकर उन लोगों ने उनकी फ्लैश से फोटोग्राफ्स लीं। कितने आराम से थे? इस बीच में मार रहे हैं, दुबारा

5.00 P.M.

गोली मार रहे हैं और उनके फोटोग्राफ्स ले रहे हैं। उसने कहा है कि उसने चार आवाज़ें सुनीं। दो, जो उन लोगों को ले गए थे और दो, जो बाद में आए थे। सर, मैं यह पूछना चाहती हूं कि अगर सिर्फ दस लोग ही आए थे, जिनमें से एक मारा गया, एक कसाब नाम का आतंकवादी पकड़ा गया जो हमारी जेल में है, तो बाकी आठ बच जाते हैं। उन आठ में से कितने ओबेरॉय में थे, कितने ताज में थे और कितने उस Jewish Centre के अंदर थे? कुल कितने लोग थे? हर फ्लोर से फायरिंग हो रही थी, यह टेलीविज़न वाले बता रहे थे। कृपया हाउस को अब तो कॉफीडेंस में ले लीजिए कि कितने लोग आए थे? क्या केवल दस ही आए थे? बड़े अफसोस की बात है कि दस लोग आए और उन्होंने ऐसा आतंक फैलाया कि वे एक ही वक्त में दसवें माले पर भी हैं, अट्ठारहवें माले पर भी हैं, चौथे माले पर भी हैं, पहले माले पर भी हैं। ऐसे कैसे आतंकवादी थे जो उड़कर जा रहे थे? सर, आप सोचो कि जो आदमी वेजीटेरियन हो - पारिख तो गुजराती है, वेजीटेरियन है, वह घंटों उन लाशों के नीचे डर के मारे दबा हुआ पड़ा था। कोई आदमी वेजीटेरियन हो या चाहे नॉन वेजीटेरियन भी हो, दूसरी ज़ख्मी लाश का खून उसके मुंह में, उसकी आंख में, उसके कानों में जा रहा था। यह सोचकर भी मेरा दिल इतना दुखी होता है कि क्या हालत उस आदमी की होगी? क्या हालत उस शख्स की होगी? क्या वह जिंदगी भर उस बात को भूल पाएगा? दूसरी बात बताना चाहती हूं। उसी ट्रायडेंट में सयैदना बुरहानुद्दीन, जो बोहरों के पीर हैं, उनके भाई शब्बीर नूरुद्दीन रेस्टोरेंट में अपने किसी दोस्त के साथ किसी कॉन्फ्रेंस के लिए गए। आतंकवादियों ने गोली मारी। इत्तेफाक से वे किसी खम्बे के पीछे थे। उनके दिल में गोली नहीं लगी, सर में गोली नहीं लगी, उनके हाथ में गोली लगी। मैं सैल्यूट करती हूं, हमारे कमांडोज़ को, मैं सैल्यूट करती हूं, उस होटल के कर्मचारियों को, जिन्होंने उस हालात में भी उनको बाहर निकालकर अस्पताल में भेजा और सारी रात उनके हाथ का ऑपरेशन हुआ। उनके जिस हाथ में गोली लगी, वह सीधा हाथ था, पता नहीं ठीक होगा या नहीं होगा। एक और किस्सा बताना चाहती हूं। एक American couple जिन्हें मैं पर्सनली जानती हूं - जयंती जी, सुनिए, शायद आपको अच्छा नहीं लग रहा है लेकिन सुन लीजिए क्योंकि सुप्रिया को इस बारे में मालूम है, मैंने परेशान होकर सुप्रिया को फोन किया था कि वह मुम्बई में है तो शायद कुछ कर सकेगी। वे चार लोग, जो ताज में फंसे थे, वह American couple और उनके दो छोटे-छोटे बच्चे तीन दिन तक - मैं रूम नम्बर भी बता देती हूं, वे दूसरे माले पर थे, शायद 282 नम्बर था, वह दो बच्चे तीन दिन से भूखे, उनके मां-बाप अपने कान से गोलियों की आवाज सुन रहे थे, मैं उन सेक्योरिटी फोर्सेज़ को सैल्यूट करती हूं कि जिन्होंने उनको जिंदा बाहर निकाला। मैं समझती हूं कि आप घंटी बजाने के लिए इम्पेशेंट हो रहे हैं, मेरी भी यही हालत होती थी जब मैं वहां बैठती थी । सर, मामला आम बजट का नहीं है, मामला आम डिसकशन का नहीं है, यह मामला एक ऐसी चीज़ का है जिससे आज पूरा हिन्दुस्तानी जुड़ा है। मैं तो बहुत कम बोलती हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I did not say anything. ...*(Interruptions)*... Madam, I did not say anything.

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : थैंक्यु सर। आपके चेहरे से लग रहा था। ....**(व्यवधान)**....

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): You can understand, Madam.

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला : सर, मुझे मालूम है क्योंकि मैं वहां बैठ चुकी हूं। मुझे पता है कि कितनी टेंशन में इन्सान रहता है, ब्लड प्रेशर बढ़ता है, शुगर बढ़ती है, मुळो पता है, इसको मैं समझ सकती हूं। सर, खुदा न करे कि कभी देश पर ऐसी आपत्ति आए कि हमको दोबारा यह डिसकस करना पड़े और मुझे उस पर बोलना पड़े। यह मैं नहीं चाहती हूं। सर, मैं एक बात कहना चाहती हूं कि जो हमारी सेक्योरिटी फोर्सेज हैं, उनको सेक्योरिटी फोर्सेज ही रहने दीजिए। मिश्र जी, चले गए, छोटे वाले मिश्र जी चले गए, उन्होंने यहां बात

सीबीआई की कही थी। मैं बात सीबीआई की नहीं कहूंगी, मैं अपनी बात भी सीबीआई के सिलसिले में नहीं कहूंगी, लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगी कि जिस तरह से सीबीआई के बारे में allegation किया गया है, इल्जाम लगाया गया है कि वह गलत काम करते थे। आप तो लगाते थे ना, आप बैठे हैं, आपका ही नाम लेकर उन्होंने कहा था। सर, इसी तरह से आतंकवादियों से लड़ने वाली हमारी कई फोर्सेज हैं, जो मुम्बई में हैं, जो यहां भी हैं, जो और बनायी जाएंगी, आप जहां उन्हें टीथ दें, होम मिनिस्टर साहब यहां नहीं हैं, मैं उनकी एबसेंस में बोल रही हूं, अगर आप उन्हें टीथ देना चाहते हैं, होम मिनिस्टर साहब आ गए। आप आइए, तशरीफ लाइए। सॉरी मैं आपकी बहुत इज्ज़त करती हूं और आप पर मुझे थोड़ी-बहुत दया भी आती है कि आपको सब कुछ सुनना पड़ता है। अभी शरद जी ने कहा है, मुझे पता नहीं है क्योंकि मैं तो कभी मंत्री नहीं रही हूं।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल: मैडम, आप हमारी पैरवी कर रही हैं।

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला: जी, ठीक है। मैं तो मंत्री नहीं रही हूं, इसलिए मुझे मालूम नहीं है कि कैबिनेट मिनिस्टर का क्या हक होता है और स्टेट मिनिस्टर, डिप्टी मिनिस्टर का क्या हक होता है। मैं तो यहां रही, जहां पर पूरे कंट्रोल में थी, इसलिए मुझे वही मालूम है। बहरहाल आपको सुनना पड़ता है। आप यहां नहीं थे, तो मैंने क्वेश्चन्स के बारे में कहा था, जो सिर्फ आपसे ताल्लुक रखते थे। आपने उनके बारे में एक लफ्ज का भी उल्लेख अपनी स्टेटमेंट में नहीं किया है। आपने यह भी नहीं बताया कि कितने आतंकवादी आए थे, अब तो पता लग गया होगा कि कितने आतंकवादी आए थे। आपने खुद ही हाउस में एडमिट किया है कि आपको खबर थी कि जिस रास्ते को स्मगलर यूज़ करते थे, हमारे मुम्बई के रहने वाले हमारे सामने Minister of Power बैठे हैं, मेरी मुम्बई के बहुत से लोग यहां पर बैठे हैं, जो जानते हैं कि स्मगलर कौन सा रास्ता यूज करते थे। जब आपको उनके उस रूट के इस्तेमाल करने के बारे में पता था, तो आपने हाउस को क्यों नहीं बताया। अब तो जो होना था, वह हो गया, अब तो आप बता दीजिए। अब कौन-सी छिपाने की बात है।

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल: जो चीज़ें छूट गई होंगी, वे रिप्लाई में आ जाएगीं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): I just wanted to say that there are twelve speakers from this group and the time allotted is one hour and thirty minutes.

SHRI MANOHAR JOSHI: I will try to conclude as early as possible. The number of terrorists was ten. Out of them, nine were shot dead, while one was captured alive. His name is Amir Kasab. Madam, this is a matter where we must be proud of our policemen and commandoes on the one side, while, on the other side, it is really surprising that with so much staff at our disposal and the number of terrorists being very small, how it took such a long time to overpower them. The terrorists had come on a suicide mission without caring for their lives. This was a sort of Jehad for them, and, therefore, fighting nine terrorists took three days for our Forces. There are mistakes on the part of the State Government as well as the Central Government, which we must try to know. I will only mention these mistakes since there is shortage of time. On the part of the Central Government, it was complete failure of intelligence agencies- RAW, IB, CBI. All agencies failed. Then, there is no law to combat terrorism. It has been mentioned a number of times in both the Houses that the Government is coming forward with a new law. But, it has taken a long time. As a result, we have not passed any law for combating terrorism yet, nor has the Government brought it before the House. Thirdly, the NSG works only in Delhi. It should also work in big cities like Mumbai. The fourth point is that it took about eight precious hours for NSG to come to Mumbai from Delhi.

Madam, Vice-Chairman, the State Government had also made a number of mistakes. I am not going to mention all of them. The Chief Minister of the State of Maharashtra said, "the people of Mumbai should remain in their houses, and, they should not come out on the streets and the business should be stopped." This is really surprising, and, a number of people objected to it also. The Deputy Chief Minister said, "in such big cities, such small incidents sometimes do take place." This shows the manner in which the Government had taken up the issue. Therefore, it should be strongly objected and they should be informed about it.

Madam, since the Chief Minister of the State, the Deputy Chief Minister of the State and the Union Home Minister have resigned, I would not like to comment any further. It seems, there was no sufficient vigilance on the seacoast. In the Governors' Conference, the Prime Minister himself has admitted that the intelligence network has failed to eradicate and prevent terrorist attacks. I do not think that it requires any further comments because this is what the Prime Minister himself said about the insufficient intelligence network. Madam, countries like America, Russia, China, and, Israel, in particular, have combated terrorism with such force that there have been no further attacks on them. Only after one attack, such measures were adopted that further attacks have not been carried out.

According to me, our Government should take a lesson from this and take such measures that further attacks do not take place. Only holding meetings, giving condolences, passing Resolutions in the Parliament are not enough. The Minister of State for Home Affairs is present here. This is my special request to him also. The Government should take such measures that the terrorists do not dare further to attack this country again. Unfortunately, there is no fear in the minds of terrorists — a number of speakers before me also mentioned this point - - and, that the terrorists think that any part of the country can be attacked, and, further attacks can be carried out. My desire and request to the Government would be that if you really want to stop terrorism, the best way is to attack the training camps of the terrorists in Pakistan. If you can do that, I am sure that further attacks will not take place.

The South Asian Chief of the American Intelligence and Detection Agency, Walter Anderson said, "terrorist attack is proof enough of the miserable failure of the intelligence and security forces". We are all one on the issue. At this hour of the day, we all must be united. But, at the same time, I expect the Government's view along with action, not by words only. **(Time-bell rings.)** The country has listened to enough words, and, therefore, it is necessary that the Government takes strict action.

For want of time, I would like to give only one illustration. Dr. P.S. Pasricha, the Director-General of the Police, Maharashtra, wrote a letter to the Police Commissioner, Mumbai on 18/07/2006. I have got a xerox copy of the letter. In this letter, he had given a clear-cut idea to the Police Commissioner that a LeT-type module attack may take place on any of the following targets in the near future, and, the targets included hotels like Taj also. I have got the actual message which was sent by him to the Police Commissioner, but, unfortunately, the Police Commissioner did not take proper steps, and, therefore, we had to face all this.

And, therefore, the *Mumbaikars* are questioning the Government. The Chief Minister said, there were twenty terrorists. The first question is: what is the exact number of terrorists? Unfortunately, not even once, during those three days, the Government or any of their representatives came on television and told what the exact position was. It was absolutely necessary that the Government should have made their stand clear from time to time. Therefore, lots of rumours spread in the Mumbai city. The second question the Mumbaikars would like to ask is — the control room of the terrorists was in Taj and Oberoi — when did they make bookings for this, a week before the attack or a month before. Mr. Arun Shourie made it clear that the terrorists had maps with them. They had knowledge of every room of the hotel. But, unfortunately, the police had no knowledge of this. Therefore, this was not organised properly. Another question which the Mumbaikars are making today is ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Joshiji, you are requested to conclude now.

SHRI MANOHAR JOSHI: The Mumbaikars are asking the question, they knew every thing in Nariman House, in Oberoi and also in hotel Taj. But steps were not taken. Why? Another thing which I would like to bring to the notice of the Government is that they must today say why Afzal is not being hanged. The Supreme Court has given clear-cut verdict that if we are so soft, other terrorists will not care for this Government. Therefore, it is entirely the responsibility of the Government and the Government should be held responsible and necessary action needs to be taken against the Government. Only resigning and taking moral responsibility is not enough in this case. The Government should be brave enough and must act fast and destroy the camps which are being found in Pakistan instead of giving long speeches and passing Resolutions. That is the only way. Thank you, Madam.

SHRI Y.P. TRIVEDI (Maharashtra): Madam Vice-Chairman and friends, I had left hotel Taj only an hour before the massacre took place. Had I stayed there a little longer, I would have not been here. But, in the entire episode, both in Taj as well as in Oberoi, I lost about 14 of my very close friends in that massacre. According to me, this was not just a terrorist operation; this was something like commando operation, straightaway taken from one of the Hollywood scripts. It was unbelievable, the precision, the preparation, the type of understanding which they had among themselves was so unique. So much has been stated and people have made passionate speeches. I agree with a part of it. I also want to disagree with a few of them. About the lapses which were there have been enumerated at great length. One of the things which was not mentioned is, when the commando force came to the airport, they had to be transported to the city by the BST bus. There was not even proper vehicle arrangement to bring them from the airport to the city. But, I am not going into that. Brave officers like Salaskar, Kamte and Karkare lost their lives. At the same time, so many constables also lost their lives. I am coming to the main part which, according to me, is of some importance. We are all happy at the UN Resolution that Lashkar-e-Toiba and the Jamaat are considered as terrorist organisations. But, I personally believe that we should not get elated over such incidents because Urdu is a language where there are so many synonyms. One need not go into the thesaurus of Urdu literature in order to find out equivalent names. There may be other names. It is not the name which is important. It is the people who did it, the elements who are responsible for the purpose of this terror must be punished. Instead of saying that the LeT is banned or it is considered as a terrorist organisation, what the United Nations Security Council should have done is that it should have compelled Pakistan to open 1,000 schools of modern education in that area, so that the people therein would have learned that there is something beyond Islam. Every time one terrorist was in a quandary and was hesitating to act — there was a recorded conversation in which one of the

terrorists said that the other person was getting scary — immediately some verses from the *Koran* were read out to him. These are the people whose minds are confined only to the teachings of Islam. They don't know that there is world beyond Islam. Islam is important, but there is world beyond Islam. I believe that there are two ways of tackling this menace. When there is a disease, either you find out how the disease is originated and try to strike there, or, allow the disease to come and then try to fight the disease. We have discussed how to fight the disease at great length, or when the terror strikes, what we should do. But where the terror is originated, how it is to be tackled, we have not applied our mind to that. It is educating those people and provide them enough for their livelihood, so that they may be able to think like an ordinary citizen.

We must appreciate one thing that in 1947 when the country was bifurcated, we in India accepted the position of partition and accepted Pakistan as well. But the elements in Pakistan would not accept the existence of India. Because the fact is that if Hindus and Muslims can live together harmoniously and build a secular, democratic, and progressive state, it might tantamount to negation of Pakistan. Where was the need of Pakistan if Hindus and Muslims could live together and build a united country, so progressive, so secular, and so democratic? These are the elements we have to tackle. It is not the Pakistan Government, but the elements, which are important, and these elements can be tackled only in a systematic way. Now it has been stated by my friend, Mr. Arun Shourie, that we should think in terms of creating problems in Baluchistan or in the North West Frontier Province. I strongly disagree with that proposition. As a responsible nation, we should not do it. If the divisive forces within Pakistan want to do it, let them do it. But we, as a responsible nation, should adhere to certain principles. We cannot think in terms of getting inside their Government and doing something which should not be done by a civilised nation under the United Nations regulations.

One thing, which I want to emphasise here, is that so much has been stated about the steps which should be taken in order to see that terrorism is mitigated and it does not happen again and again. One of the things which was suggested was police reforms. My friend, Julius Ribeiro, was telling me, time and again, that police reforms had been on the anvil for such a long time, but the Government was not taking up cudgels in order to implement them. One of the main things is the transfer of the police officials. This is something which is the prerogative of the Home Minister. If this is taken away, even then the Police Department will be able to act in a more independent manner. This is what is of absolute necessity, according to me.

The second thing is that in the entire episode, what has been found out is that there was lethargy, there was complacency, and there was a lot of corruption. These are the things which have to be eliminated at all costs.

A mention was made about the fast track court. What I am trying to point out is that it is not merely the fast track court, which will solve the problem. The problem is of procedure. The procedure is coming in the way of our judicial process. What is required is the total reformation of the judicial process. Trial of 1993 blasts went on for more than ten years. There was only one Judge who was hearing from dayto- day. In spite of that, it took ten years because they are involved in too much procedure. **(Time-bell).** I think, we should go to the substantive law and see that procedures, even though they are important, should hamper the proper implementation of the judicial system. I have many more things to say, but, I will abide by the Chair.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Your party has one more speaker listed.

SHRI Y.P. TRIVEDI: Then, I will conclude. What I am suggesting is this. What you have to look at is not merely curing or tackling terrorism or that there should be a unified agency which should cover intelligence aspects or that there should be a unified force which should fight the terrorists, what is important is that we must look at the origin of terrorism, as to how it has originated. And, it has to be stopped at that stage. Those elements, which are responsible, somehow, have to be curbed and have to be controlled. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Shrimati Shobhana Bhartia. Not here. Mr. Raja.

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Thank you, Madam. The House has been debating a very challenging and complex issue as to how to fight and combat terrorism and how to defeat terrorism. My party joins the entire House and the entire nation to express our firm resolve to fight and defeat terrorism. And, it is imperative that the country sends a message which is united and which is firm to the outside world that India has the capacity to isolate and fight these terrorist forces.

Madam, this issue of terrorism should not be seen through communal prism because it is a very complex issue. I must recollect that Masood Azhar, leader of Lashkar-e-Toiba was arrested by a Muslim officer, S.M. Nasim, in Ghaziabad. But, it so happened that he was released by Jaswant Singhji when he was the Foreign Minister. So, it is a complex issue and we should address it properly. India is a matured nation. It is a strong nation. Our response must be very reasonable. Our response must be very mature and rational one.

Madam, I would like to make my party's position very clear with regard to certain steps proposed to be taken by the Government. Firstly, with regard to strengthening the legal framework to fight the terrorists, I must say, we do not agree to bring back any draconian laws. Laws are necessary for pre-emption of the terrorist forces. If that is so, I think, the existing laws can be strengthened. If there is any provision which needs to be strengthened, we can examine

it with all genuineness. And, I think, once we see the Bill and how they are going to strengthening the laws or the legal framework, then, my party will be able to give its opinion. As far as setting up of a national investigation agency — whether you call it national investigation agency or federal investigation agency — is concerned, I am of the opinion that it should not undermine the present federal character of our polity, federal character of our governance and the State Governments will have to be taken into confidence. The State Governments will have to be associated in any effort to combat terrorism. We will have to see how this national investigation agency is being proposed or being contemplated, then, only we can give our considered view. It should not undermine the powers of the States. We are willing to examine. It is a new situation. It is a very complex situation.

We need to fight the pan Indian crimes such as terrorism, and that issue can be examined. But, in no way, it should undermine the federal character of our polity. There, I think, the Government will have to be very cautious and will have to be very reasonable. Unless we see the exact Bill or the framework of this National Investigation Agency, we will reserve our view. But we are willing to examine such a thing to set up the National Investigation Agency.

Then, Madam, the U.N. Security Council, today, we have heard, has banned the activities or has issued sanctions against a certain terrorist outfit. But we hope that the Pakistan Government will take it seriously and we expect the Pakistan Government to act upon as a follow-up. In this regard, Madam, I would like to bring it to the notice of the House that there are reports that during and after the terrorist attacks in Mumbai, the foreign forces like FBI, Israel Commandos and Mosad were given access to Indian intelligence. In fact, the Israeli Defence Minister, Mr. Barak, criticised the so-called delay in trying to free the Israeli hostages in Nariman House. It is true that several foreign citizens were killed in Mumbai, and it is necessary to share the concerns and intelligence inputs with these people, but, at the same time, I think, there must be a caution administered by the Government. The US and Israel intelligence agencies have a very long infamous, notorious record of interfering in the internal affairs of other countries, even in case of Pakistan, Afghanistan and Lebanon, in the recent past. There, I think, the Government should have given the warning. That, anyway, we, the CPI and the Left, have been fighting against or opposing the strategic alliance with the United States of America. It is extremely dangerous to permit foreign agencies like the FBI or Mosad to intervene in Indian affairs. This is an attack; what we witnessed in Mumbai or in other parts of the country is an attack on India's sovereignty, and India's intelligence and security forces, with some reorganisation and with adequate modernisation, are fully capable of defeating the terrorists and defending India's sovereignty and people. But what is happening after every attack? After every terrorist act, we come to know that there is a failure of intelligence agencies. I do not know the reasons. Now, it is time that we try to coordinate the various intelligence agencies and their work, and improve their capacity. And, here, I would like to underline the need for modernizing

the policing because policing is an important element in our entire mechanism of internal security. The police force needs to be properly equipped, modernised and trained. And, there, I think, it is time that the police reforms are taken up with all seriousness, and not delayed further.

Now, there are talks about protecting the coastal lines, the coastal guards and the coastal police stations. I understand that the money allotted to almost 75 coastal police stations is so inadequate that even the coastal guards, I think, cannot guard our coasts. In fact, the fishermen—I think, Mr. Sharad Yadav has also made this point—must be taken into confidence and, I think, our intelligence is obsessed with the Tamil Nadu Coastline. They are trying to harass the fishermen of Tamil Nadu under various names.

But what about other coasts in the country? Here I would like to mention the recent proposal on the Coastal Zone Management Notification. I don't think that there is any wide opposition to that Notification. Why is the Government spending its energy and time to consider that Notification?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Mr. Raja, you have to conclude now.

SHRI D. RAJA: I am concluding, Madam. Now the point here is, I think, that the fishermen are the most dependable intelligence source on the coasts. They are the people who love the sea, who love the coasts. Their livelihood is attached with the coasts. But we don't take care of the fishermen and we depend on some Coast Guards who are not being oriented or motivated to safeguard our coasts, take note of the concerns and take interest in how foreign forces operate. That is where, I think, we need to strengthen our intelligence agencies in a comprehensive manner and even the National Security Guards (NSG). Why doesn't the Union Government deploy them in various States? At least, you try, to begin with, to have some zonal centres of NSG so that if anything happens, they can rush immediately without any delay and take care of the situation. So, there is a need to improve our intelligence agencies; there is a need to modernise our policing; there is a need to really equip the Coast Guards and the Coastal Marine Police Stations, and to take the fishermen into confidence. There should not be any conflict between our own people like fishermen.

So, I think, Madam, this country, India as a nation, should stand united in the fight against terrorism. Terror does not have any religion; terror does not have any caste. It is not time to discuss how India can emerge as a nation in the true sociological and psychological sense. As long as castes are there, as Mr. Sharad Yadav was telling us, it is a separate issue and we can debate. But now in the fight against terror we all should unite together, we all should stand together and we should see to it that the terrorists take note that India can't be cowed down like this.

Finally, I end my intervention, Madam, quoting two great people. It was Subramanya Bharathi who said, "India is a good nation in the world and India is an ancient land. We are all sons and daughters of this country. If we can't defend the sovereignty of this country, there is no meaning in our life". That is what he meant when he said, "Parukkulle Nalla Nadu Bharata Nadu". In other words, the other person said, "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा". It was said by a Muslim poet. That is why terror doesn't have any religion and terrorists can belong to this religion or that religion. But here we are fighting against the terrorists operating from outside. There is clinching evidence and Pakistan is expected to act. This House, the Parliament and our nation should convey this message. It is time that Pakistan also understood it because it also claims that it is a victim of terrorism. If it is so, there is a need that we will have to fight terrorism collectively. I don't agree with war-mongering in this complicated situation. I have asked Mr. Arun Shourie: What is the meaning of "war cry"? Is it a war cry against terrorism? Or, is it a war cry against Pakistan? What do you mean? Does it mean two eyes for an eye or two teeth or the entire jaw for a tooth? I don't understand it. I asked him: What is the meaning of this "war cry"? I don't think that it is time to fall prey to war-mongering. If at all any military action is contemplated by the Union Government, I think, it will be a military misadventure. It is not the way of tackling the terrorist issue. **(Time-bell rings)** This is what, on behalf of the CPI, I want to say. Thank you.

श्री राजीव शुक्ल (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदया, अपनी बात शुरु करने से पहले, सबसे पहले मैं यह बात बड़े दुख और शिद्दत से कहना चाहता हूं कि इतनी बड़ी आतंकवादी घटना के लिए सदन कितना गंभीर है, यह सदन में आज की दोनों तरफ की उपस्थिति से नज़र आता है। ऐसा लग रहा है जैसे महंगाई पर जो बहस होती है और आखिर में कोरम पूरा करना मुश्किल हो जाता है, कमोबेश वही हाल इस समय सदन का लग रहा है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, सबसे पहले तो मैं उन शहीदों और innocent लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूं, जिनकी जान मुम्बई और असम की बम-विस्फोट की घटनाओं में गई है।

महोदया, मुझे एक-एक दिन में पांच-पांच सौ SMS आते हैं और ये सब SMS कहां से आते हैं, पता नहीं है, पूरे देश से - attack Pakistan, attack Pakistan, attack Pakistan. कहते हैं कि कुछ ग्रुप्स ने, जो aware citizens के citizens forum हैं, उन्होंने तमाम politicians के नम्बर उनको दिए हैं और वे कहते हैं कि इनको SMS करके pressurise करो कि ये पाकिस्तान पर अटैक करें। इस तरह के लगातार SMS आ रहे हैं। इससे कंट्री के माहौल को समझा जा सकता है कि इस घटनाक्रम के बारे में देश में लोगों में किस किस्म का आवेश है, किस किस्म का गुस्सा है। मेरे पास इस तरह के बहुत से SMS आ रहे हैं और इन SMS को डिलीट करते-करते मैं तंग आ गया हूं। अगर एक-एक दिन में पांच-पांच सौ SMS आएं तो क्या हाल हो सकता है, आप समझ सकती हैं। तो देश के इस माहौल को, देश के लोगों की भावनाओं को हमें बहुत गंभीरता से समझना होगा। भले ही हम यह कह दें कि पेज थ्री वाले निकल पड़े हैं या पाउडर लिप्स्टिक लगाकर महिलाएं निकलकर मोमबत्तियां जला रही हैं, मुझे नहीं लगता कि इससे कोई बात बनने वाली है। बात यह है कि हमें जनता का जो रिएक्शन है, उसको समझना पड़ेगा और उसी हिसाब से कदम उठाने पड़ेंगे और मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि हमारे विदेश मंत्री श्री प्रणब मुखर्जी के भाषण में वह भावना पूरी तरह से reflect होती है, वह भावना पूरी तरह से उभरकर आती है। उन्होंने जो आज आक्रोश और आवेश दिखाया, मुझे आज विपक्ष के भी एक

सम्मानित सदस्य ने बोला कि आज पाकिस्तान के विरुद्ध जिस तरह की भाषा का श्री प्रणब मुखर्जी ने इस्तेमाल किया है, बहुत दिन बाद किसी कांग्रेस के मंत्री से ऐसी कठोर और कड़ी भाषा सुनने को मिली है और यह बड़ी अच्छी बात है। तो प्रणब बाबू ने अपने आप देश की भावनाओं को समझकर जो यहां पर विचार व्यक्त किए हैं, मुझे लगता है कि भारत सरकार इस मामले में बहुत गंभीर है और कुछ न कुछ कड़े कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और वे कदम उठाए जाने के लिए सबसे पहले तो मैं यहां से यह कहता हूं कि पूरे देश का सरकार को समर्थन है। आज अच्छी बात है कि पूरा सदन एक दूसरे पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से बचकर एक स्वर से भारतीय होने के नाते अपनी बात कहकर इस आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई छेड़ने की बात कह रहा है या इस आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष करने की बात कह रहा है, इससे बढ़िया बात कोई नहीं हो सकती है।

महोदया, मैं पाकिस्तान काफी आता-जाता रहता हूं और वहां के हालात से मैं बखूबी वाकिफ हूं कि वहां क्या चल रहा है, यहां शायद बहुत लोगों को पता नहीं है। वहां जो मौजूदा हालात हैं, वे ये हैं, जो प्रणब बाबू की बात थी कि वहां की सरकार को हम दोषी नहीं ठहरा रहे हैं, अवाम को दोषी नहीं ठहरा रहे हैं, वह बात सही है। आज वहां की सरकार के हाथ में कुछ है ही नहीं। हम गलतफहमी में हैं कि वहां की जो चुनी हुई सरकार है, उसके हाथ में कुछ ताकत है। वहां पूरी तरह से कट्टरपंथियों का राज है और वह बढ़ता चला जा रहा है। ये सारे ग्रुप सरकार की परवाह करते ही नहीं हैं। अगर मैं आपको सही बताऊं तो वजीरिस्तान, स्वात और पेशावर तक अल-कायदा और तालिबान का पूरी तरह से प्रभाव बन चुका है और वे इस्लामाबाद में लाल मस्जिद तक आ चुके थे, उस वक्त मुशर्रफ साहब ने उनको उखाड़ दिया था, बाद में फिर से अब वे वहां पर पहुंचने की स्थिति में हैं। अभी एक तालिबान का बयान भी आया है कि जल्दी ही हम पाकिस्तान को टेक-ओवर कर लेंगे। इस बात को मज़ाक में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि अब तालिबान और अलकायदा को यह लगने लगा है कि अफगानिस्तान पर कब्ज़ा करने से क्या फायदा। अमरीकी सेनाओं से लड़ना पड़ेगा, नाटो फोर्सिस से लड़ना पड़ेगा, मिलेगा क्या? ऐसी उबड़-खाबड़ जमीन जहां न खेती होती है न कुछ और उस उबड़-खाबड़ जमीन को लेकर हम क्या करेंगे, इससे बढ़िया है कि हम पाकिस्तान पर कब्ज़ा करें। वहां बढ़िया इन्फ्रास्ट्रक्चर है, बढ़िया खाने-पीने को है, बढ़िया चिकित्सा सुविधाएं हैं, बढ़िया टेलिफोन की सुविधाएं हैं, सब चीजें हैं और यहां आतंकवाद से जमकर राज चलेगा, तो पाकिस्तान पर ही कब्ज़ा क्यों न कर लें।

तो वहां की सरकार में बैठे हुए लोगों को खुद पता नहीं है कि उनके साथ कब क्या हो जाए। जो ट्रक मैरियेट की तरफ चला गया था, वह कब पार्लियामेंट में घुस जाता, शायद इसका अंदाज़ा उन लोगों को नहीं था। वहां तो वे खुद ही डरे और सहमे हुए हैं तथा वे इस बात का ढोंग कर रहे हैं कि सभी चीजें उनके नियंत्रण में हैं, उनके नियंत्रण में कुछ भी नहीं है। इसलिए उनको यह बात खुलकर कहनी चाहिए कि आप आओ, हमारे साथ सहयोग करो। यदि वे हमसे सहयोग नहीं लेते हैं, तो दूसरे देशों से कहें, जिनको वे अपना मित्र समळाते हैं, उनके साथ वे सहयोग करें और इन कट्टरपंथियों पर काबू पाएं, क्योंकि कट्टरपंथी उनके वश में नहीं रह गए हैं। इस तरह वहां के ये हालात हैं और यदि आप वहां के टी.वी. चैनलों को देखें, तो आप देखेंगे कि वहां लगातार विस्फोट होते हैं, लोग मरते हैं और वहां अपीलें होती हैं, हम और आप नहीं बोलते, लेकिन वहां वे लोग खुलकर इसे Islamic terrorism बोलते हैं। मैंने उनसे कहा कि आप इसे Islamic terrorism बोलकर इस्लाम का नाम क्यों बदनाम करते हैं, आप इसे सिर्फ terrorism बोलिए, दहशतगर्दी बोलिए, क्योंकि इस्लाम यह सब कभी नहीं सिखाता है।

महोदया, हमारे मुंबई में जो अटैक हुआ, उसमें कौन मरा, वह किस धर्म का था, इसकी गणना नहीं की जानी चाहिए। हमें इसमें यह क्यों सोचना चाहिए कि इस अटैक में किस धर्म के लोग मरे, किस मज़हब के लोग मरे। उन्होंने तो अंधाधुंध गोलियां चलाईं और मैंने तकरीबन 68 नाम हिंदुस्तान टाइम्स में पढ़े, यानी करीब 70-80 मुस्लिम लोग मारे गए। उन्होंने यह नहीं देखा कि वे किसको मार रहे हैं, उन्होंने सबको मारा। कुछ लोगों

को यह गलतफहमी है कि पाकिस्तान को भारतीय मुसलमानों से हमदर्दी है या भारतीय मुसलमानों को पाकिस्तान से हमदर्दी है, उन्हें यह बात भूल जानी चाहिए, किसी को किसी किस्म की हमदर्दी नहीं है। जब यहां से कोई जाता है, तो इनके पीछे सबसे ज्यादा इंटेलिजेंस के लोग लगाए जाते हैं, इन पर उनको कतई विश्वास नहीं है। इसलिए हमें इस बात को उस चश्मे से नहीं देखना चाहिए। इन आतंकवादियों ने वहां सभी को मारा है। उनके लिए हर भारतीय दुश्मन है - चाहे वह हिंदू हो, चाहे मुसलमान हो, चाहे सिख हो, चाहे ईसाई हो, चाहे पारसी हो, सबको उन्होंने अपनी गोली का शिकार बनाया और सबको मारा। आज हमारे यहां भय के वातावरण का निर्माण हो गया है और यह भय का वातावरण यदि पूरी सोसायटी में आच्छादित हो गया, तो यह हमारे लिए ज्यादा खतरनाक बात है। इस भय के वातावरण को हमें दूर करना होगा। मुंबई में लोग कहते हैं कि हमें रात को नींद नहीं आती है, वे डरे रहते हैं, क्योंकि चार दिनों तक उन्होंने टी.वी. पर लगातार जो देखा है, उसका भारी असर उनके दिलो-दिमाग पर हुआ है। इसलिए आज हमें प्रभावी और कड़े कदमों की आवश्यकता है, जिससे लोगों और नागरिकों में एक विश्वास पैदा हो। हमें बड़ी खुशी है कि यह सरकार उस विश्वास को देने की कोशिश कर रही है। प्रणब बाबू की आवाज़ में जो सख्ती है, उन्होंने जिस तरह से बोला है और जिस विश्वास के साथ बोला है, मुझे लगता है कि जरूर कुछ न कुछ ऐसे कदम उठाए जाएंगे, जिनसे पाकिस्तान की सरकार को सबक मिले और यदि पाकिस्तान की सरकार इसे काबू कर पाने में असफल है, तो उनको बाकी लोगों की मदद लेनी चाहिए, उनको भारत सरकार की मदद लेने में शर्म क्यों आती है? अगर वे लोग उनके अड्डों को ध्वस्त नहीं कर पा रहे हैं, तो हमारे भारतीय कमांडोज़ को उन कैंपों को ध्वस्त करने में 10 मिनट भी नहीं लगेंगे। हम कोई युद्ध नहीं चाहते हैं, अपनी तरफ से जाने से युद्ध हो जाता है। उन लोगों को कहना चाहिए कि आप हमें सहयोग दीजिए। अगर वे उन आतंकवादियों को नहीं निपटा पा रहे हैं, तो दोनों फोर्सेज़ मिलकर उनसे निपट सकती हैं, लेकिन यह कहना कि वे अपने आप ये गतिविधियां कर रहे हैं, यह बात मुझे समझ में नहीं आती है।

महोदया, जो आतंकवादी पकड़ा गया है, उसने बताया है कि 6 महीनों तक उसकी 3 बार ट्रेनिंग हुई थी, उस ट्रेनिंग के अलग-अलग नाम थे, उनको स्विमिंग तक सिखाई गई और इंडियन सिक्योरिटी फोर्सेज़ के बारे में पूरे 15 दिनों तक ट्रेनिंग दी गई। अगर इंडियन सिक्योरिटी फोर्सेज़ के बारे में 15 दिनों तक बताने का मसाला उनके पास था, तो निश्चित रूप से किन्हीं experts ने उनको ट्रेनिंग दी होगी, चाहे वे ISI के हों, चाहे कोई और हों। जब मैं यहां ISI का नाम लेता हूं, तो मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि पाकिस्तान में जितनी भी लोकतांत्रिक सरकारें हुई हैं, किसी का भी ISI पर कंट्रोल नहीं रहा है और वे elected Prime Minister या President को कुछ मानते ही नहीं हैं। जब तक जनरल न हो, ISI सुनती नहीं है। यदि कुर्सी पर जनरल बैठा हो, चाहे वह President हो, चाहे Prime Minister हो, सिर्फ उसी की वे सुनते हैं, अगर कुर्सी पर जनरल नहीं बैठा है, तो पाकिस्तान की ISI और पाकिस्तान की सेना कुछ नहीं सुनती, क्योंकि उनकी जीभ में बहुत पहले से सत्ता का खून लग चुका है। इसलिए वे लोकतांत्रिक ढंग से, जम्हूरी ढंग से चुनी हुई सरकार को कुछ नहीं मानते हैं। इसलिए जब हम वहां की सरकार की बात करते हैं, तो ISI और सेना को अलग करके देखना चाहिए और यदि वे यह समळाते हैं कि ISI और सेना पर उनका कोई नियंत्रण है, तो मैं नहीं समझाता हूं कि उनको विश्व के सामने इस तरह का असत्य बोलना चाहिए।

महोदया, जिस तरह की एकता हमारे लोगों ने दिखाई है, मेरे हिसाब से उसका उदाहरण पूरे देश में अभी तक नहीं मिला है। मुंबई में इन घटनाओं के बाद पूरा देश एक हो गया, सारे समाज के लोग इकट्ठे हुए, लोगों ने कब्रिस्तान देने से मना कर दिया, हमारी फिल्मी दुनिया के लोगों ने बकरीद नहीं मनाई और सबने जिस तरह के संदेश दिए, उससे राष्ट्रीय एकता का एक अनूठा उदाहरण देश के सामने पेश हुआ है और मुळो लगता है कि इसी भावना से हम इस आतंकवाद की लड़ाई को जीतेंगे।

हमें कोई इस लड़ाई में हरा नहीं सकता है। उनके जमाने में क्या हुआ, हमारे जमाने में क्या हुआ, जैसे शौरी साहब ने कहा कि एनडीए versus यूपीए। हम यह बिल्कुल नहीं करना चाहते हैं, क्योंकि अगर हम इस चक्कर में पड़ेंगे कि आपके जमाने में क्या हुआ तो उनके जमाने में क्या हुआ। मैं तो यह कह सकता हूँ कि आज तक कोई सरकार यह दावा नहीं कर सकती है कि उसने आतंकवाद पर काबू पा लिया या उसके जमाने में आतंकवाद की घटनाएं नहीं हुईं। हर पार्टी, हर सरकार के जमाने में आतंकवाद की घटनाएं हुई हैं, इसलिए यह क्लेम करना कि हम आकर हर चीज को रोक देंगे या हम रोक सकते हैं या मैं क्लेम करुं कि मैं सब कुछ रोक दूंगा, यह मैं बिल्कुल नहीं समझता हूँ कि यह वाजिब बात है। हां, सबको मिल कर प्रयास करना चाहिए, क्योंकि राजनेता आता है और चला जाता है **(समय की घंटी)**। महोदया, हमारा 37 मिनट समय है, मैं अपनी घड़ी देख रहा हूँ। राजनेता आता है और चला जाता है, लेकिन नीचे का सेट-अप वही रहता है। आज तीन-तीन राजनेता इस घटना के बाद शहीद हो गए। माननीय पूर्व गृह मंत्री जी बैठे हैं, इनका इस्तीफा हो गया, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का इस्तीफा हो गया और वहां के गृह मंत्री का इस्तीफा हो गया। मेरी सरकार से आग्रह है कि थोड़ी सी जिम्मेदारी अफसरों को भी दी जाए। सारी गलती नेताओं की ही नहीं है, अफसरों की भी जिम्मेदारी बनती है। आखिर इंटेलीजेंस failure कैसे हुई। आज तो बिल्कुल साफ-साफ है कि किस तरह से coordinate तक दिए गए थे कि शिप का कहां-कहां मूवमेंट था, यह जिम्मेदारी किसकी बनती है। एनएसजी के चार सेंटर खोलने की बात थी, एक साल तक वह फाइल किस अधिकारी के पास दबी रही। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि हमारे जो लोग इन आतंकवादियों का मुकाबला करने जा रहे थे, वे जो हेलमेट लगाए हुए थे, वह Second World War के हेलमेट थे और जैकेट 1965 की थी। Equipment क्यों नहीं खरीदी जा रही है, इतनी सरकारें बीच में आईं और गईं। Equipment update करने की जिम्मेदारी इन सब सरकारों की बनती थी। ऐसे-ऐसे हेलमेट आ गए हैं कि उनके अंदर नाइट विजन कैमरा है, जो अंधेरे में बता दे कि टेरोरिस्ट कहां बैठा हुआ है। हमारे एनएसजी के डीजी साहब कह रहे थे कि वहां अंधेरा है, इसलिए समझ में नहीं आता है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि टेरोरिस्ट हॉस्टेज को भी पकड़े हुए हो, इसलिए हम एकदम से गोली नहीं छोड़ रहे हैं, क्योंकि हो सकता है उससे हॉस्टेज भी मारे जाएं, जो innocent लोग हैं। Equipment खरीदने संबंधी जो-जो फाइलें, चाहे वह रक्षा मंत्रालय में पड़ी हां‌े, चाहे गृह मंत्रालय में पड़ी हों, उनको priority basis पर क्लीयर कराना चाहिए, ताकि हमारी सेक्यूरिटी ऐजेंसी well equipped हों। इसमें कहीं कोई पार्टिजन या हम आए हैं तो हमारे ऊपर आरोप और आप आएं हैं तो आपके ऊपर आरोप, इसकी जांच, वह कमीशन, यह जो बोफोर्स के बाद इस देश में तमाशा शुरू किया, इससे भी बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, हर चीज में जो हम आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में पड़ते हैं तो आज सारी राजनीतक दल इस पर संकल्प करें कि जो देश हित में है, उसमें हम राजनीतिक फायदा नहीं लेंगे। तभी हमारी सेनाएं, हमारी सेक्यूरिटी एजेंसी, हमारी पुलिस मजबूत होगी। शौरी जी ने एक बात बहुत अच्छी कही कि जो पोपुलेशन पुलिस का रेशियो है, वह बहुत कम है और वह बढ़ना चाहिए। वह 200 के ऊपर होना चाहिए। यह कैसे होगा? इसमें राज्य सरकारों की महती भूमिका है। Recruitment का काम राज्य सरकारों को करना है। यह काम उन्हें तुरंत शुरू करना चाहिए। जो भी एक्सपर्ट एजेंसी हैं, उनमें qualified लोगों को लेना चाहिए, क्योंकि अगर हमारे लोगों को यह समझ नहीं है कि जीपीएस सिस्टम कैसे काम करता है, किस तरह से हम एके-47 का मुकाबला करें। आज इस देश के अस्सी प्रतिशत दारोगा को यह नहीं पता होगा कि गूगल क्या है। आप जो कहते हैं कि उन्होंने गूगल से मैपिंग की थी कि कहां विक्टोरिया टर्मिनल स्टेशन है, तो वह कैसे पता लगा सकते हैं, इसलिए हर लिहाज से हमें अपनी forces को चुस्त-मुस्तैद करना पड़ेगा। आज जिस फेडरल एजेंसी बनाने की बात हो रही है, मुझे सरकार से पूरी-पूरी आशा है कि उस फेडरल एजेंसी में ऐसे एक्सपर्ट लोगों को लिया जाएगा, जो इस चीज का मुकाबला बहुत मजबूती से और शिद्दत के साथ कर सकें।

माननीय महोदया, प्रणब बाबू ने एक बात और कही कि जो संभव है, वह कदम पाकिस्तान से कहा जाएगा कि वह उस कदम को उठाए। आज बड़ी खुशी की बात हुई कि संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में उन लोगों ने, जितने ये लश्कर-ए-तैयबा के संगठन के लोग थे, सबको ब्लैक लिस्ट किया है और इस संगठन को प्रतिबंधित किया है। सबसे बड़ी बात यह है कि उनके लिए जो financial route है, उसको कट करना चाहिए। ये भोले-भाले नौजवान और गरीब लड़कों को पकड़ते हैं, उनको पैसे का लालच देते हैं, उनको ट्रेनिंग देते हैं और फिर उनको इस्तेमाल करते हैं। उनको ह्यूमन बम बनाते हैं। अगर इनकी financial assistance रुक जाएगी तो बहुत फर्क पड़ेगा और हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि हम इसके लिए ऐसे सारे उपाय करें। युद्ध तो एक ऐसी चीज है, तीन मिलियन डॉलर पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार है, अगर एक दिन युद्ध हो गया तो तीसरे दिन उसकी कमर टूट जाएगी। और भारत के पास ढाई सौ बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। भारत को बहुत फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन युद्ध एक अंतिम उपाय होता है। उसके पहले वे सारे उपाय करने चाहिए, जो उन लोगों को, जो इसमें शामिल हैं, उनको सबक भी सिखा दें कि वे दोबारा ऐसी कोई हरकत न करें। उसमें चाहे कूटनीतिक दबाव हो, चाहे ऐसे दबाव हों, जिनसे कंट्री में ऐसा माहौल बने। आखिर वे कहते हैं कि हमारे काबू में नहीं है, ये सब कुछ भी करते रहते हैं लश्करे-तैयबा वाले या जैशे-मोहम्मद वाले ! हमारे यहां भी पंजाब का कोई संगठन उठकर खड़ा होकर कह दे कि साहब, जितनी नदियां हैं, सब हिंदुस्तान से जाती हैं, हम इन नदियों का पानी रोक देंगे या पानी में कुछ ऐसा मिला देंगे कि पाकिस्तान के लोगों की दुर्गति हो जाए, तो सोचो, क्या माहोल बने? सारी नदियों का पानी, पाकिस्तान में जितना पानी है, सब हिंदुस्तान से जाता है, लेकिन हमारे यहां से ऐसा कोई नहीं सोचता। इसलिए उनको यह बताना चाहिए कि हमारे यहां भी यह भावना हो सकती है लोगों की और वही काफी होगा वहां के लोगों को सबक सिखाने के लिए। ऐसे दसियों उपाय हैं कि अगर उनको उन चीज़ों के बारे में बताया जाए, तो मुझे लगता है कि उनकी अक्ल पर कुछ पड़ेगा, उनको कुछ समझ आएगा।

महोदया, कुछ सुझाव मैं निश्चित रूप से सरकार को देना चाहूंगा कि Federal Agency बनाने का सबका पूरी तरह से समर्थन है। जिन राज्य सरकारों को आपत्ति है, जिन राजनीतिक दलों को आपत्ति है, उनसे बात करके, मुळो लगता है कि उनको समझाकर इस Federal Agency का गठन तत्काल प्रभाव से करना चाहिए। जो अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार हैं, मुझे लगता है कि आप अगर उनको उनके पदों से हटाकर दूसरे कंपीटेंट अफसर लाएंगे, तो उसका असर पड़ेगा, एक मैसेज जाएगा। Latest equipments खरीदे जाने चाहिए, ताकि बिलकुल आधुनिक उपकरणों के साथ अपनी सेनाओं को हम लैस करें। पुलिस बल की संख्या बढ़ानी चाहिए और कानून सख्त करने की बात जो कही गई है, पोटा वाली बात को लेकर, मुझे लगता है कि मैं भी इस बात से सहमत हूं कि सिर्फ पोटा बना देने से आतंकवाद नहीं रुक जाएगा, जैसे 302 बना देने से देश में मर्डर नहीं रुके, बशर्ते कि प्रभावी कानून प्रभावी ढंग से लागू हो, लेकिन मौजूदा कानून में जो खामियां हैं, उनको अगर हम और सुधार सकें और कड़ाई से लागू कर सकें, उनमें और सुधार करके तमाम चीज़ें जोड़ सकें, तो मेरे ख्याल से उसका बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा।

अब मैं रॉ की बात करता हूं। इंदिरा जी के ज़माने में किसी ने आई.एस.आई. का नाम भी सुना था, जब इंदिरा गांधी थीं? पाकिस्तान की हिम्मत ही नहीं होती थी कि आई.एस.आई. बनाए। आज मैं यह सुन-सुन कर तंग होता हूं कि आई.एस.आई. ने यह कर दिया, आई.एस.आई. ने वह कर दिया, तो फिर हम क्या करें? यह पिछले एक साल की नहीं, तीस सालों की कहानी है, जो मैं बता रहा हूं, इसलिए हमारी रॉ को पुनर्गठित करके और मजबूत किया जाए। वहां पाकिस्तान में हर बात रॉ पर डाल दी जाती है। मेरी Go TV पर डिबेट हो रही थी, वे वहां से बोल रहे थे कि आपकी रॉ भी तो बलूचिस्तान में सब कुछ करा रही है ! मैंने कहा कि यह आपकी गलतफहमी है। मैं नहीं मानता हूं कि रॉ पाकिस्तान में इतनी कुछ सक्रिय भी हो सकती है या सक्रिय है। तो कहने लगे कि हमारे यहां रोज़ जो विस्फोट हो रहे हैं, वह रॉ करा रही है। मैंने कहा कि यह आपकी गलतफहमी है और वहां के टी.वी. चैनल भी इन मौलानाओं के, कट्टरपंथियों के खिलाफ बोलने से डरते हैं, हिचकते हैं।

आप दो सेंटेंस बोलिए, वे कहते हैं कि अच्छा, धन्यवाद, आपका शुक्रिया, आपका शुक्रिया। तो इस तरह का माहौल जिस मुल्क में हो, वहां सरकार का बहुत बड़ा वजूद नहीं रह गया है, इसलिए हमें वह बात ध्यान में रखकर ही कोई कार्यवाही करनी होगी।

इसके साथ-साथ बंगलादेश बॉर्डर को भी, हमें लगता है कि जिस तरह से पाकिस्तान बॉर्डर को हमने सील किया, बंगलादेश बॉर्डर में भी फेंसिंग का काम शुरू करना चाहिए, हालांकि वहां की टोपोग्राफी ऐसी नहीं है, वहां पर यह काम मुश्किल है, लेकिन जितना भी पैसा लगता है, वह लगे, लेकिन बंगलादेश बॉर्डर को भी सुरक्षित करना चाहिए। यह काम भी हमें करना चाहिए, ताकि असम में भी हमारी जो राष्ट्रीय एकता है, वह बरकरार रह सके और जो हमें चुनौती है, पाकिस्तानी तत्वों से, जिन elements का नाम प्रणब बाबू ने लिया है, तो उनसे हमें निजात मिल सके, एक सबक उन लोगों को मिल सके और युनाइटेड नेशन्स में भी हम उनके खिलाफ सख्ती करें। राजाजी ने हमें कहा था कि "सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्तां हमारा" - एक गीत था, जिसे सब लोग गाते थे। इनको मैं बताना चाहता हूं कि जिन्होंने वह गीत लिखा था - वे अल्लामा इकबाल थे। उन्होंने लिखा था "सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्तां हमारा" और "मज़हब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना, हिंदी हैं हम वतन है, हिंदोस्तां हमारा" - वे अल्लामा इकबाल पाकिस्तान के राष्ट्रपिता माने जाते हैं, Father of the Nation. जिन्ना साहब के बाद उन्हीं का नाम आता है।

लाहौर के किले में उनकी मज़ार है। क्योंकि टू-नेशन थ्योरी उन्होंने रखी थी तो मुल्क जब तक़सीम हुआ तब अल्लामा इकबाल का उसमें बहुत बड़ा किरदार था। मीनारा-ए-पाकिस्तान के नीचे मुस्लिम लीग का रेज़ोल्यूशन जब ड्राफ्ट हुआ था, उन अल्लामा इकबाल के इस गीत को, इस शेर को गाने पर पाकिस्तान में पाबंदी है। जिस अल्लामा इकबाल को लोग पूजते हैं, मानते हैं, उनके इस गीत को कोई गा नहीं सकता है, वह तुरंत बंद कर दिया जाता है, अगर कोई कह दे:

सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्ता हमारा, हम बुलबुलें हैं इसकी, ये गुलिस्तां हमारा।

इस तरह का जो तालिबानी माहौल वहां पैदा हो गया है, उस माहौल से निज़ात पाने की जरूरत है। सरकार से ज्यादा वहां के इन संगठनों को हमें निशाना बनाना चाहिए। अगर वहां की सरकार यह नहीं कर सकती है तो उनको सीधे-सीधे, अमेरिका के ज़रिए या फिर यूनाइटेड नेशंस की फोर्सेज़ जाकर वहां पर जितने अड्डे हैं, जहां उनके ट्रेनिंग कैम्प चलते हैं, उनको तोड़ दें, ध्वस्त कर दें। इस तरह की कोई डिप्लोमैटिक पहल हमें करनी चाहिए। इन्हीं शब्दों के बाद मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

सरदार तरलोचन सिंह (हरियाणा): धन्यवाद मैडम, वैसे आम डिबेट में देखा गया है कि इंडीपेंडेंट या जो नॉमिनेटिड मैंबर्स हैं, इनकी किसी डिबेट में बारी आती ही नहीं है। चाहे इनमें इंडिया के बड़े टॉप लोग बैठे होते हैं लेकिन ऐसा बिज़िनेस ऐडवाइज़री कमेटी का प्रोसीजर बना है कि इनकी बारी नहीं आती है। फिर भी मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का टाइम दिया। मैडम, सुबह से हम यह Debate सुन रहे हैं और बहुत अच्छे-अच्छे विचार तमाम पार्टियों के लीडर्स की तरफ से आए हैं। जो मैं समझा हूं, वह यह है कि reality से हम बहुत दूर हैं और असल बात कहने को हम तैयार नहीं हैं। अभी माननीय फॉरेन मिनिस्टर साहब ने यह कह दिया कि डिबेट करते वक्त यह ध्यान रखना कि पाकिस्तान सुन रहा है। अब इस बात से भी डरते हैं कि हमारी डिबेट को पाकिस्तान सुनकर नाराज़ न हो या कुछ सीक्रेट आउट हो रहा है। ....**(व्यवधान)**.... बात बड़ी क्लीयर है। मैं उनको terrorists नहीं कहता, उनको तो invadors कहना चाहिए। टेररिस्ट तो within country होता है। दूसरे मुल्क से दस लोग आए, चाहे समुद्र से आए चाहे बाय land आए और दस लोगों ने तीन दिन तक सारे हिन्दुस्तान को फेल कर दिया। हमारी सारी ताकत, इनक्लूडिंग आर्मी, नेवी, कमांडोज़ - ये सब क्या करते रहे? हम कहते हैं कि उनको education ऐसी है कि वे सुसाइडर हैं, वे मरने के लिए आते हैं, उनकी ट्रेनिंग ऐसी है। क्या हमारी सारी कमांडो फोर्स में एक भी ऐसा नहीं निकला जो उस कमरे में जाए जहां वे बैठे हैं

7.00 P.M.

और उनको फेस करे? एक तो equipments की कमी है। सब जगह आ गया कि हमारे पास वे बुलेटप्रूफ सेट ही नहीं हैं जिनको रियल बुलेटप्रूफ कहते हैं जिसमें वे गोली लगने पर बच जाएं। उनके पास ऐसी कैप नहीं है जैसी अफगानिस्तान में अमेरिकन्स के पास है। यह जो failure of our agency है, अगर दस लोगों के आने पर यह हालत है तो कल को अगर कोई और इससे बड़ी ताकत आ गयी तब हम क्या करेंगे? इसलिए रिएलिटी को फेस कीजिए कि will to fight, servival कैसे हो, देश में कैसी भावना हो, वह लाने के लिए क्या किया जाए। मैं दो बातें याद करवाता हूं। 1962 में चीन ने भारत पर हमला किया था। सारे देश में यह हो गया कि हम पर क्या विपत्ति आयी है। उस वक्त पंडित जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थे और सरदार प्रताप सिंह कैरों पंजाब के चीफ मिनिस्टर थे। पंडित जी को अमृतसर बुलाया गया। एक हफ्ता अभी जंग का हुआ था। वे अमृतसर आए। तब सरदार प्रताप सिंह केरों ने फौजी वर्दी डाली और जब तक यह लड़ायी चली, वह फौजी वर्दी में रहा। पांच लाख लोग जो थे, उन सबकी पगड़ियां वैसी थीं, जैसे अहलुवालिया साहब, आज मेरी है। पांच लाख लोग वहां गोलबाग में खड़े हुए तो प्रताप सिंह कैरों ने दो दोहे पढ़े जो मैं यहां पढ़कर सुनाता हूं। पहला, "बल छुटकयो, बंधन पड़े, कछु न होत उपाय।" इसका अर्थ है कि अगर ताकत नहीं है, बल नहीं है तो फिर आपके ऊपर बंधन पड़ेंगे और कुछ नहीं हो पाएगा। क्योंकि जो इंडियन आर्मी थी, वह तो घर बनाती थी। उस वक्त सरदार प्रताप सिंह कैरों ने दोहा पढ़ा, जो गुरू गोबिंद सिंह जी का है : "बल होवे, बंधन छुटै, सब किछु होत उपाय।" अगर ताकत है तो बंधन भी हटेंगे और दुनिया में सब कुछ होगा। आज उस बात को देखने की जरूरत है कि हमारी ताकत क्या है? हम कहते हैं कि मुल्क महान है। सब कुछ है लेकिन जब कोई क्राइसेस आता है तो पिक्चर हमारे सामने है।

[उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) पीठासीन हुए।]

आज सारा देश इस बात में शर्म में बैठा है कि हमसे क्या हुआ है। यह बात कह कर कि होम मिनिस्टर साहब इस्तीफा दे गए, सारी सरकार, लोग कह रहे हैं कि why not the entire Government अगर इसकी रेस्पांसेबिलिटी है, तो वह अकेले होम मिनिस्टर पर नहीं है, इसकी रेस्पांसेबिलिटी सारी सरकार पर है, सारे देश पर है। यह जो सिचुएशन आज है कि पाकिस्तान से दस आतंकवादी आए और यह कर गए। यह जो ruling पार्टी है, यह रोज श्रीमती इंदिरा गांधी के नाम पर बड़े-बड़े विज्ञापन निकालती है, उनके नाम पर करते हो, याद करो कि इंदिरा गांधी जी ने 1972 में क्या किया था। इंदिरा गांधी जी का पांच परसेंट ही कर लो कि वह देश को किस लेवल पर ले गईं। इसी सेंट्रल हाल में सारी पॉलिटिकल पार्टीज ने उनको ऑनर दिया। इंदिरा गांधी ने सारे देश को एक जगह लगाकर जब वह स्टैंड लिया तो सारा अमेरिका, सारी दुनिया ने उसको रोकना चाहा, लेकिन वह नहीं रुकीं और वह स्टैंड लेकर सारे देश की लीडर बनीं। आप उसको तो याद करते नहीं, सारे दिन और बातें करते हैं। यह इंदिरा गांधी का एक्शन था, लेकिन जिस हालत में आज देश है। सारी डिबेट में बड़े सजेशन आए। मैं तो अरुण शौरी जी को धन्यवाद देता हूं कि जिस तरह से आज सारे इश्यु को उन्होंने हमारे सामने रखा है, हम उसको उस स्पिरिट में लें। आज उन्होंने ओपन में कहा कि हम सरकार के साथ हैं, इससे बढ़िया बात और क्या हो सकती है। लेकिन उन्होंने जो इश्युज़ रेज किए, उनमें से एक का भी जबाव नहीं आया। जितनी यहां पर डिबेट हो रही है, उसको hypothetical way में तो कह रहे हैं, असल पर नहीं आ रहे हैं। भाइयों, बात बड़ी clear है, मैं तो उस इलाके से हूं या उस कौम से हूं जिन्होंने survival को सीखा है। हमारा तो 300 साल का इतिहास इसी आतंकवाद से लड़ते-लड़ते आया है। हमारे पास तो कई ऐसी गाथाएं हैं कि एक-एक आदमी कैसे उठकर लड़ता है, इसीलिए तो हम अपने आप को एक को सवा लाख कहते हैं। जिस situation में हम आ चुके हैं, मैं फिर एक दोहा गुरू गोबिन्द सिंह जी का पढ़ता हूं:-

"क्यूं कर अल हमे हीलते दर गुज़श्त,
हलाल अस्त बुरदन बा शमशीर दस्त।"

जब सारी दुनिया के हथियार फेल हो जाएं, when all peace efforts नहीं बनती, तो उस वक्त तलवार को म्यान से निकालना हलाल है। वह एक्शन लेना आपके लिए जरूरी है। ये बातें हमारे पास हैं, लेकिन मुश्किल क्या है। मुझे माफ करेंगे, मुझसे बहुत लायक सदस्य यहां पर बैठे हैं, किसी स्कूल, कालेज के सिलेबस में कोई ऐसी पढ़ाई है कि जो बच्चों को शेर बनाएं, जो बच्चों को अपनी गाथाएं पढ़ाए, बस सिर्फ टेक्नालाजी और साइन्स। आज किस स्कूल, कालेज में ऐसी गाथाएं पढ़ते हैं, जिन्हें सुनकर हमारे बच्चे भी शेर बनें। अभी इन्होंने बताया था कि पाकिस्तान में तो पहली जमात से बच्चों को क्या ट्रेनिंग दी जाती है और उसके मुकाबले में हमारे एजुकेशन क्या है। हमारी एजुकेशन में जो अच्छी बातें थीं, वे निकाल दीं। हर एजुकेशन पॉलिसी में है कि सेक्युलरिज्म करना है। भाइयों, सेक्युलर तो हमारे से बड़ा कौन है। मैं तो इस बात में जाना नहीं चाहता हूं, अगर कोई सेक्युलरिज्म लाया है, तो उसकी मिसाल भी हम हैं और सबके सामने हैं। जितना अल्लाह को हम मानते हैं, शायद कोई मुसलमान भी नहीं मानता हो, लेकिन जो सच्चाई है, उससे क्यों दूर भागते हैं। सच्चाई को देखते हुए कि आज जिस सिचुएशन में इंडिया है, उसके लिए क्या करना है। ये बातें करना कि यूएनओ कर देगा, ये बातें कि हमारे यहां Emissary आएंगे, इन बातों से पहले कुछ नहीं हुआ, इतने अटैक हुए, कमेटियां बन गईं, इसी डिबेट के बाद रिजोल्युशन पास हुआ और घर में बैठ गए। आज जितने हम बैठे हैं irrespective of political affiliations हमारी क्या हो, कोई ऐसा कंक्रीट प्रोग्राम हो, जो कंट्री के लोगों को Enthuse करे। बाकी रही बात, नजमा जी, बहुत अच्छा बोलीं, इसके लिए मेरा सुझाव है कि देश में बहुत अच्छी बात हुई है कि तमाम मुस्लिम उलेमाओं ने बड़े अच्छे बयान दिए, उनके बहुत अच्छे बयान आए, मैं उनका वेलकम करता हूं। लेकिन उसका एक नेक्स्ट स्टेप लीजिए कि जितनी इफेक्टिव मुस्लिम लीडरशिप है, उसको एक डेलिगेशन बने और वह डेलिगेशन हिन्दुस्तान से बाहर जाए और जाकर बताए कि पाकिस्तान ने हमारे यहां पर क्या किया है। वह डेलिगेशन ज्यादा इफेक्टिव होगा, बजाय इसके कि हम और Emissary भेजें। सेक्योरिटी के बारे में बहुत सजेशन्स आए हैं, बड़े लीडर्स बोले, लेकिन अभी तक जो हमारे कमान्डोज़ हैं, इनको माडर्नाइज करने की स्कीम का कोई प्रोपर सुझाव न सरकार की तरफ से जो बोलने वाले हैं, उनकी तरफ से आया है कि उसके लिए हमारे पास क्या उपाय हैं ।

इस वक्त अटैक में जो वीकनेसेज़ हैं, अभी तक No officer has been named, चाहे वह कमांडोज का है, चाहे पुलिस का है, चाहे नेवी का है। इसमें किसकी गलती है, इंटेलिजेंसी की है, रॉ की है या जो हमारे सिक्योरिटी एडवाइजर्स हैं, उनकी हैं, कोई name नहीं किया। हम यही कहते जा रहे हैं कि बड़ी हैं, सिर्फ होम मिनिस्टर, After all जो एजेंसीज जिम्मेवार थी, **(समय की घंटी)**.. उन्होंने क्या किया? उसके लिए अभी तक हमने किसी को name नहीं किया है। उसके लिए सरकार should s come out कि क्या हुआ है? जैसे अभी पूछा गया कि क्या दस लोग थे या ज्यादा थे और लोकल मुम्बई के उनके कौन सपोर्टर थे। अभी सरकार ने रिवील नहीं किया कि इसमें क्या करना चाहिए। अभी यहां एक सुझाव आया कि एक नैशनल लेवल पर एक फैडरल एजेंसी बनाई जाए। इसके बारे में जो हमारी ला एंड जस्टिस की कमेटी है और नच्चीयप्पन जी उसके चेयरमैन हैं, उनकी एक एक रिपोर्ट 11 मार्च, 2008 को इसी सदन में रखी गई है। उसे पढ़िए, कि तमाम पार्टीज की unanimous report हमने इस इश्यु पर क्या दी है ? इसके पढ़ने से पता चलेगा कि that this Committee has already dealt with this issue. मैं समझता हूं क ऐसी फैडरल एजेंसी स्टेटों से पूछकर बननी चाहिए। यह फैडरल स्ट्रक्चर है। हर चीज सैंटर लेता रहेगा तो स्टेट्स क्या करेंगी? Police और investigation अभी स्टेट के पास है। In many States there are regional parties in power. They may not agree to this. So, we should not rush through and consult our States whether they want a federal agency or they want more power and more money to strengthen their own forces. मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि हम सब इक्टठे होकर, एक जुबान होकर, जो स्थिति देश में है, इससे कैसे निकलें, इसके लिए काम करें, मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

SHRIMATI KANIMOZHI (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise here to express my solidarity with the Government and the country in paying its homage to the brave ones who have laid down their lives while protecting this country and it's people. I also condemn the terror attacks on this country.

Sir, it has been noted here by many speakers that the country and its people are angry. Their anger is completely justified. We all emotionally feel that we have to retaliate, we have to rise together to give an answer to these terror attacks on our country. But, we also have to understand, as the hon. External Affairs Minister also observed, that an eye-for-an-eye will leave the whole world blind. And, for an Indian, I think, the second part of that saying is more important than anything else. We cannot afford to think that destabilising a neighbour would solve the problem or creating civil problems will sort our problems out. Also, it is not easy to wage war on Pakistan because we have to keep in mind that both the countries are nuclear weapon countries. We know what can happen if a nuclear warfare is declared; what will happen to the generations to come? We have to keep all this in mind before we make speeches like this or make points like this. Moreover a weak democracy, especially Pakistan, can cause a great threat to our own country because in the past when this happened the Taliban got an upper hand it did come into Pakistan and till today we are reaping the problems caused by them.

After this, I would like to come to an important point. The Home Minister has also observed that we have to close all the loopholes in the system. Our seacoast is around 7,500 kms. long. We have to protect it. It has been said that many times warnings had been given that terrorists could attack this country through the seacoast. But somehow all these warnings had been ignored and had not been taken seriously.

I think, the coastal police stations can play a very important part here. The Central Government should take up the matter of giving permissions to coastal police stations with utmost urgency. It should give permissions, licences and also financial support to equip these police stations because our constables and police personnel there cannot fight these terrorists with the guns or *lathis* which they have. Terrorists come with AK-47s and RDX. So, definitely, they have to be well-equipped to fight against these terrorist attacks. The police stations and the machinery set up there should be friendly to local people. We have heard that fisheries organisations have given reports that RDX is being brought into the country; into Maharashtra. But, these reports were ignored. So, in a way, the whole system has to become friendly towards the people. In case they want to give information, they should not be turned down. That is the fear which stops people from coming and sharing information with the police. If they see something which is not ordinary, they are afraid to come and report to the authorities. This attitude has to change.

The DMK party has always condemned draconian laws, like POTA which can be very easily misused. We have so many examples where it has been misused. It should be made certain that the existing laws are implemented properly. That is more important than bringing in laws like POTA which will turn out to be against human rights.

We have different agencies to protect the country against terror and civil problems. There seems to be a large gap between these agencies, and, that is why, we are not able to follow up the information. When information is given to one agency, it is not passed on to another agency. There is no information-sharing between the State and Central agencies. Among Central agencies also, there seems to be a big gap in information-sharing. So, it becomes very complicated and difficult to follow up these things. It should become a seamless process. If money is being laundered and if money is being brought in, that information should be shared with the agencies. If something unnatural is noticed, that information should be shared among the agencies. If people think that some terrorist organisations are working somewhere or they have infiltrated into the country, that information should be shared between the Central and State agencies. If the Centre gets the information that a particular State is going to be targeted, that information should be shared with that State. They have to work together. These agencies should work together. It should not be just for namesake. They have to really come together in every sense and work together. That is a very, very important thing.

It is very important that all the agencies are well-prepared. It is just not enough if the information is received. We have to be prepared to face the situation. It is very sad that in Mumbai when the hotel went up in fire, the fire brigade was not well-equipped. We did not have enough fire engines and they were not well-equipped. We could all see on the television that water pipes could not even reach the floors which were caught in fire. This was the sad condition in which things were going on. And, this was the kind of equipment with which they had to fight this problem.

The police officials and the people who have the responsibility to take care of these things have to be sensitised because a few days after these incidents, a bag of RDX was found at the CST Station. It was just lying there. It could have gone off at any particular point of time. But, nobody even noticed it. So, we have to become more sensitive. We have to understand the danger of these things. We have to understand what these terrorists are capable of. We have to really take care of these things. We can't leave things unattended. We can't continue with the same kind of attitude.

The face of terrorism has changed. When we used to talk about guerrilla attacks, it used to be away from the cities and it used to be on the war fields. But, now, it has become urbanised. It has changed with time in cities. Even these terrorists, who came to Mumbai I am sure, had the hope of getting back. There are so many things pointing towards this that they were planning to go back. So, these modern ways with which they operate and the new places they attack have

to be taken into consideration. I think it is very important that we have to have imagination in understanding. We know that this country is under threat, but we lack the imagination to understand or maybe we have just closed our minds to understand what these terrorists are capable of. Most of the terrorists were between the age of 21 and 24. They were completely well equipped and up-to-date with new technologies. I think our security advisory system has to update itself to understand what the modern technologies are, what the modern methods are which can be brought in into these terror attacks.

Sir, the last point I would like to make is this. Terrorism has become international. It no longer pertains to one particular country, or one particular State, or a place. It has become international. Money laundering, drug trafficking, human trafficking, everything has become international. Somebody plans it in one country, in another country their training takes place, money comes from so many different countries in the world, and finally, the attack happens in a completely unconnected country. So, it has become global. It think it is very important that we understand that. After the terror attacks, there is no point in asking for help from other nations and asking other countries to come and voice their opinions. I think it is important that we should reach out, we should form a global network to share information so that we can fight against terrorism globally. Thank you.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, before making a speech, I, on behalf of my Party, would like to pay homage to those who were killed in Assam and also in Mumbai serial blasts. I would also like to salute those military, para-military and police officials who sacrificed their lives in the interest of our motherland, our country. Sir, today, since morning, by suspending the Question Hour, we have been discussing a very, very serious topic which is related to security and sovereignty of our country. Sir, terrorists have no religion, nor do they belong to any caste. Terrorist is a terrorist. Every action of terrorists is condemnable. These activities, may be in Assam, may be in Mumbai, or every action of the terrorists must be condemned and we want strongest action against the terrorists. But, Sir, I am very sorry to say that it is quite unfortunate that most of us including the Government, today, have forgotten about the serial bomb blasts which took place in different parts of Assam on 30th October in which more than 100 people were killed and hundreds of people injured. It is quite unfortunate that we are feeling neglected like anything. I am expressing these things from the depth of my heart. From the activities of the Government, be it from the Home Minister side, be it from the External Affairs Minister side, it is clear that Assam affairs have been totally neglected. Sir, recently, the Secretary of State of the United States of America, Ms. Rice, was here. After meeting her, our External Affairs Minister, Shri Pranab Mukherjee, gave a statement. In front of electronic media and Press media, he categorically said 'we have informed Madam Rice about the serial blasts of Jaipur, about the serial blasts of Bangalore and about the serial blasts of Mumbai.' But he forgot

to mention about the Assam blasts. Today also, Sir, by suspending the Question Hour, since morning, we are discussing the Mumbai blasts. We are very much concerned about it. Sir, we are equally concerned about the Mumbai incidents. But, Sir, kindly don't forget us. Kindly remember the situation of Assam also because Assam too is a part of India. ...*(Interruptions)*... Again, the hon. Home Minister in his statement has not given single information about Assam. ...*(Interruptions)*... I am discussing about the statement. But taking this opportunity, I would like to discuss the incident of recent serial killings in Assam. Sir, the incident of recent serial blasts in different parts of Assam has clearly indicated that Jehadi groups are very much active in Assam. The magnitude of blasts and time precision device used prove beyond doubt that these groups are highly professional and operating with the definite backing of the international terrorist agencies. But I am very, very sorry to say, Sir, that the Government of Assam by their activity has clearly indicated that they have given safeguard to the Jehadi group, they have given safeguard to the Huji. I would like to give only two-three examples. By these examples, it would be clearly known to everybody why they are going to safeguard these Jehadi groups. On 2nd of October, Pakistani National Flag was hoisted in Darang and Udalgiri districts of Assam. Sir, in Mohanpur village of Udalgiri district, the Pakistani flag was hoisted and it was telecast by national and regional electronic media as well. It was published in the newspapers also. This matter was discussed on the floor of the Lok Sabha also. Then, the hon. Home Minister by a statement categorically said that the Government is examining the matter. The Government may examine it. But the Assam Government, very next day issued a statement and said that 'that was not a Pakistani flag. That was the flag of Eid festival.' Sir, it is known to everybody which one is Pakistani National Flag and which one is Eid Festival flag. Sir, we cannot compare the relation of Hindu and Muslim in other parts of the country with that of Assam because after demolition of Babri Masjid, there were incidents of clash of Hindu Muslim in several parts of India but, Sir, not a single incident occurred in Assam because Assam is the place of Shankar Dev. Assam is the place of Mahapurush Shrimant Shankar Dev. In Assam, there is a place known as Haju. Sir, I am very proud to say that in Haju, temple and Masjid are situated in one complex. This is the integrity of Assam, Sir. Hindus and Muslims observe the Bihu festival together in Assam; they observe the Eid festival together too. So, we know what the Eid flag is and what the Pakistan National Flag looks like.

Sir, I shall cite another example, a very serious one, which is related to the security of our country. I shall be quoting from the statement of Indian Defence Ministry. According to a recent statement, seven Huji terrorists were killed in an operation that was based on specific Intelligence Report. Indian soldiers claimed to have foiled a major terror strike in Assam, in the major city of Guwahati, by killing seven Huji terrorists during the gun battle, according to a Defence official. This was published in the national newspapers on 26th September. According

to this statement of the Defence Ministry, seven Huji terrorists were killed in an operation based on specific Intelligence reports. The statement said, "Huji terrorists from Bangladesh were on their way to the Guwahati through Dhuburi. They (the seven terrorists killed) were to meet with another group of Huji which is already stationed in Guwahati, planning several blasts. This information was collected by the mobile intration. The Army soldiers recovered seven automatic pistols, three radio sets and a large quantity of explosives besides Bangladeshi, Indian and Chinese currency notes from the dead terrorists. Captain Kuldeep Singh of 21 Jat Regiment, who conducted the operation, received two bullets but survived as he was wearing a bullet proof jacket. The Huji is a Pakistan-based terrorist organisation affiliated with Bangladesh. Sir, this is the statement of the Indian Defence official. But Sir, there is a contradiction between the State Government and the Indian Defence Ministry. According to an Indian Defence official, according to PIB's information, those who were killed by the Indian Army belonged to the Huji, but according to the Government of Assam, they were not Huji.

Sir, I would like to tell you about another sensitive piece of news and it is very important. Ten persons who were arrested by the Assam Police on charges of being agents of Pakistan Intelligence Agency, ISI, detained in jail for nine years were acquitted by the court of District and Sessions Judge, Kamrup on 13th June, 2008.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Baishya ji.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: This is very important, Sir. I am about to conclude. Please allow me only a few more minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You shall be allowed two more minutes.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: Sir, the District and Sessions Judge, Chayarani Goswami, acquitted all the ten accused persons, including a Pakistani and Bangladeshi national, as there was no material to prosecute them on charges framed against them.

Then, Sir, Pakistani national, Fasiullah and Bangladeshi national, Bilal Mian, was sentenced to five years' imprisonment under Section 14 of the Foreigners' Act, entering India without valid documents. However, as they had already spent nine years in jail, the court ordered their release. Sir, this is the scenario in Assam. Everything is happening in Assam today only due to the slackness of the State Government and the softness of the Assam Government towards the Jehadi and Huji. Please, take it very seriously. Sir, it is known to everybody that Assam is a transit camp of terrorists. Generally, terrorists get training and shelter either in Pakistan, or in Pak-Occupied Kashmir, or in Bangladesh. Assam border is open; the Indo-Bangladesh border is open. These terrorists, who take shelter in Bangladesh and take training there, come to

Assam is a sort of transit camp, disturb peace in Assam, do their unfair activities in Assam, and then go to other parts of the country. So, Assam is the transit camp of these extremists. Sir, to save India tomorrow, kindly save Assam today from terrorists.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, please conclude.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: Sir, without sealing the Indo- Bangladesh border, it will not be possible at all to stop terrorist activities in Assam, North-Eastern Region and in other parts of India. I would like to request the Government to please try to understand the sentiment of Assam. We are good Indians, Sir. When Sachin Tendulkar hits a century, like crores of Indian people, we say, "Very good, Tendulkar has hit a century.", and when Virendra Sehwag gets out, then, like crores of Indian people, we say, "Oh my God, Virendra Sehwag is out.". This is our sentiment. Please, try to understand our sentiment. Sir, save us from Jehadis. Don't think about vote bank. Everything is being done from the point of view of vote bank. Think about the future of Assam. Think about the future generation of Assam. I would like to request the Government of India to take it very seriously and seal the Indo- Bangladesh border immediately without further delay. Otherwise, it will not be possible at all to stop terrorist activities in the North-Eastern Region and in other parts of India. **(Time-bell)**. Sir, today, everybody is speaking of the security of the coastal areas. Today, when we speak about coastal areas, we forget the security of the rivers in different parts of our country*...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): The time allotted to you was seven minutes and you have taken fourteen minutes.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA: Our new Home Minister is here. I would request him to kindly visit Indo-Bangladesh border, and in the interest of the sovereignty and security of the country, kindly seal Indo- Bangladesh border immediately. Thank you.

SHRIMATI SUPRIYA SULE (Maharashtra): In the bloodstained aftermath of the terrorist attacks in Mumbai and Assam, India picks itself of counting in lives lost in a sacred, scared psyche of a very raged nation. This pain, terror, anger which is ignited, unfortunately, no citizen, amongst any of us, today feels safe. While I was a part of that 60-hour situation in Mumbai, I saw people raging and rightly so. I think, even today, as a Mumbaiite, I am also angry. I appreciate every point that Mr. Arun Shourie has made. I really appreciate his entire sentiment and everything that he has put forward, but I am a bit scared of that anger being channelised into something. I think, most of my colleagues have covered every point that I would have liked to make today. But, the only thing, which I have objection in Mr. Arun Shourie's speech is the 'war'. For one tooth, you cannot take the jaw. Only for the interest of the next generation, I do not want my children and the children of this nation to have a nuclear war and see it in my generation for sure.

SHRI ARUN SHOURIE: Somehow, I have not made myself understood. I argued against a war and said that actually, we should learn from Pakistan and just do a Kashmir to them. That means, we should use situations, like Baluchistan, not a war like people understand.

SHRIMATI SUPRIYA SULE: I appreciate the clarification because I think you really put forward the emotion of every Mumbaikar who has really suffered. The other thing is about the police reforms. As we are all aware, we have lost a great team in Maharashtra. I think, that was the biggest loss, whether it was Mr. Karkare, Ashok Kamte, who was a personal friend, Mr. Salaskar, Mr. Ombale, Major Sandeep. We have lost all these people to this awful thing that has happened. Even about the Fire Brigade, my colleague Kanimozhi, has talked. However, Sir, I won't take too much time. But there are four things that we, as citizens, are expecting from the hon. Home Minister, and, these are, we want better intelligence, we want stronger border defence, we want more responsive emergency service, and, we want tightened security. Today's debate has been exemplary and the UPA-NDA divide is also not seen. Sir, people are outraged with all of us. Today, in Bombay, I don't think any of us would really be wanted in any debate because people are angry with us. Today, people think that we are not accountable. I think, we really need to become accountable. As far as the anger, which people have shown towards all of us, and, which most of you have not experienced, I have seen it very closely. I have seen what my colleague, Milind Deora, had been through. And, I morally feel that we are responsible for the deaths of these 180 people, and we have blood in our hands. So, time has come to change and give India a new direction security and safety. That is all that our people are asking for. If need be, let's hold on to some rod, but, let us make every mother feel safe when her kid goes to school. Every mother today is shaken till the bus comes home and her kid gets off the bus. I am one of those mothers and so are some others sitting here.

So, I appeal to all of you, wisemen, who are part of this — maybe its my experience — but I look at you hopefully to find some solution to make India progress, surely at a growth rate, which does not matter much to me, but security of my family, friends and colleague matters much more. Thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Thank you, Supriya. It was really a brief, short but very pointed and focussed speech. I think, other can emulate this.

श्री कलराज मिश्र (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज प्रश्नकाल समाप्त करने के बाद आतंकवाद पर, विशेषकर मुम्बई में जिस तरीके से हमला हुआ, उसको संदर्भित करते हुए चर्चा हो रही है और यह बात सही है कि मुम्बई हिन्दुस्तान की आर्थिक राजधानी है और आतंकवादियों ने प्रत्यक्ष रूप से वहां पर हमला इसीलिए किया कि एक बार अनुभव करा दिया जाए कि हम पूरे सन्नद्ध हैं, अत्याधुनिक हथियारों से सन्नद्ध हैं, हर प्रकार की तकनीक का उपयोग करते हुए हम किसी भी प्रकार का विस्फोट कर सकते हैं और

हमारा सामना कोई सशक्त देश भी कर सकेगा या नहीं कर सकेगा। यह एक प्रकार की चुनौती दी थी उन्होंने। प्रत्यक्ष रूप से हमला करके उन्होंने यह चुनौती दी है। इससे पहले जितने भी विस्फोट हुए, जगह-जगह सीरियल ब्लास्ट किए गए, वे इस तरह से प्रत्यक्ष रूप से नहीं हुए थे। इससे पहले जितने भी विस्फोट हुए, किसी न किसी रूप से परोक्ष रूप से, अप्रत्यक्ष रूप से कहीं न कहीं विस्फोटक रखकर विस्फोट किए गए, चाहे वह 13 मार्च, 2003 का मुम्बई का ट्रेन धमाका हो, चाहे 25 अगस्त, 2003 को मुम्बई में दो बार हुए बम धमाके हों, जिनमें 60 लोग मरे, चाहे 15 अगस्त 2004 को असम में बम फटने की घटना हो, जिसमें 16 लोग मारे गए, चाहे 29 अक्तूबर, 2005 को सरोजनी नगर, नई दिल्ली में बम फटने की घटना हो, जिसमें 66 लोग मारे गए, चाहे 07 मार्च, 2006 को बनारस में हुए धमाके हों, जिनमें 15 लोग मरे, चाहे 11 जुलाई, 2006 को मुम्बई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में हुए धमाके हों, जिनमें 180 लोग मरे, चाहे 08 सितम्बर, 2007 को महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए धमाके हों, जिनमें 32 लोग मरे, चाहे 18 मई, 2007 को हैदराबाद की मक्का मस्जिद में हुए धमाके हों, जिनमें 11 लोग मरे, चाहे 25 अगस्त, 2007 को हैदराबाद में हुए तीन धमाके हों, जिनमें 40 लोग मरे, चाहे 13 मई, 2008 को जयपुर में हुए सात धमाके हों, जिनमें 63 लोग मरे। 25 जुलाई, 2008 को बैंगलुरू में 8 धमाके हुए, जिनमें एक व्यक्ति मरा, 27 जुलाई, 2008 को अहमदाबाद में 16 धमाके हुए, जिनमें 45 व्यक्ति मरे, 13 सितंबर, 2008 को दिल्ली में धमाके हुए, जिनमें 18 लोग मरे, 30 अक्टूबर, 2008 को असम में 11 बम फटे, सीरियल ब्लास्ट हुए। इस तरह लगातार ये धमाके किए गए, इनमें परोक्ष रूप से विस्फोटक रखकर मारा गया या किसी न किसी और चीज का उपयोग करके धमाके किए गए, जिसके कारण काफी जानें गईं। यह पहला अटैक है, सीधे तौर पर चुनौतीपूर्ण आक्रमण है, जिसमें यह दर्शाने का प्रयत्न किया गया है कि अब भारत हमारा कुछ नहीं कर सकता। जिस तरीके से 9 सितंबर का हमला अमरीका में हुआ और अमरीका ने जिस तरीके से कार्य किया, आज यह स्थिति बन गई है कि किसी की अमरीका में इस प्रकार की हरकत करने की हिम्मत नहीं होती है, क्योंकि अमरीकी सरकार ने अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति के आधार पर इस तरीके से व्यवस्था स्थापित की कि आज किसी आतंकी की वहां कुछ करने की हिम्मत नहीं हो सकती है।

महोदय, ओसामा बिन लादेन ने 1988 में यह identify किया था कि अमरीका, इजराइल और भारत, इस्लाम के कट्टर दुश्मन हैं, इसलिए ये देश सबसे पहले हमारे निशाने पर रहेंगे। इसलिए 1999 में पेशावर की एक रैली में लश्करे-तैयबा के संरक्षकों ने साफ तौर पर भारत को विशेष तौर पर निशाना बनाया था और 2007 में श्रीनगर में अल-कायदा ने बाकायदा सी.डी. बांटकर यह कहा था कि भारत के कुछ प्रदेश हैं जो हमारे निशाने पर हैं - उन प्रदेशों में महाराष्ट्र है, उत्तर प्रदेश है, आंध्र प्रदेश है, कर्नाटक है, तमिलनाडु है - इन सारे प्रदेशों का नाम उन्होंने लिया और वहां के कुछ प्रमुख शहरों का नाम लिया। ये सारे शहर निशाने पर थे और उस निशाने के आधार पर ये घटनाएं घटित हुई हैं। अगर हम इसको केवल इस रूप में लेंगे कि मुंबई पर हमला हो गया, तो मैं समझता हूं कि हम इस पर संपूर्णता में विचार नहीं कर पाएंगे। हमें इस पर संपूर्णता में इस ढंग से विचार करना चाहिए कि पहले तो बगैर प्रत्यक्ष रूप से आए हुए, proxy war के रूप में उन्होंने हमला किया और उस समय हमारी जो तैयारी होनी चाहिए थी, उस प्रकार की तैयारी का अभाव उनको दिखा और आज उस अभाव का लाभ उठाकर उन्होंने समुद्री मार्ग का फायदा उठाया। इस बात की जानकारी हमारे सभी लोगों को थी, स्वयं भूतपूर्व गृह मंत्री जी ने उसका उल्लेख किया था और कई एजेंसियों को भी पता था कि समुद्री मार्ग से हमला हो सकता है। 1993 में मुंबई में जो सिलसिलेवार धमाके हुए थे, उनमें जो RDX आया था, वह समुद्री मार्ग से आया था और भारी मात्रा में आया था। समुद्री मार्ग से ये चीजें आ सकती हैं, यह बात हमारी जानकारी में थी, समुद्री मार्ग से हमला हो सकता है, यह बात जानकारी में थी, यह इंटेलिजेंस ने बताया, सूचना भी मिली, लेकिन इंटेलिजेंस एजेंसियों का आपस में समन्वय नहीं था, उस समन्वय के अभाव के कारण

इस प्रकार मुंबई में यह भयंकर घटना घटी है। यह केवल एक दिन में हो गया है, ऐसा नहीं है, इसके लिए महीनों लगे हैं। जब महीनों लगे हैं, तो हमारी ये एजेंसियां क्या काम करती रहीं या लोकल पुलिस क्या काम करती रही? इतना ही नहीं, श्री रतन टाटा ने स्वयं कहा कि चाहे ताज होटल हो, चाहे ओबेरॉय होटल हो, चाहे नरीमन हाउस हो, उन आतंकवादियों को इन सभी जगहों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी थी। जब उनको अच्छी तरह से जानकारी थी, तो स्थानीय लोगों के सहयोग के बगैर यह हो नहीं सकता है। महीनों तैयारी रही होगी, लेकिन हमारी एजेंसियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं हो पाई?

यह दुर्भाग्य है कि कुछ राजनेताओं के वक्तव्य आए हैं, मैं उल्लेख नहीं करना चाहता हूं, आप लोगों ने इसके बारे में पढ़ा होगा, उसमें उन्होंने सीधे-सीधे कहा कि कुछ लोगों के बारे में जानकारी हो जाने के बावजूद भी कि होटल में काम करने वाला अमुक व्यक्ति किसी न किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ा हुआ है, उसको किसी न किसी रूप से बचाने का प्रयत्न किया गया है। अब किसने उसे बचाया, यह कौन था, इसकी जानकारी कब हुई, यह सरकार को संज्ञान में रखना चाहिए और अभी भी यह बात आ रही है कि 22 लोग थे, 22 आतंकवादी थे, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री का कहना है कि 22 आतंकवादी थे और आज वक्तव्य में दिया गया है कि दस आतंकवादी थे। ये जो सारी बातें हैं, इनके बारे में बड़ी गंभीरता से विचार होना चाहिए और इनके बारे में सदन को सही तौर पर सूचना होनी चाहिए। अभी हमारे माननीय गृह राज्य मंत्री श्रीप्रकाश जी ने अपने इस वक्तव्य में बताया है कि कॉस्टल की उनकी पूरी तैयारी है और उन्होंने बाकायदा दिया है कि 7500 किलोमीटर लंबी तटीय सीमा की सुरक्षा तथा समुद्री और तटीय सुरक्षा बढ़ाने के लिए अनिवार्य आवश्यकता का स्पष्ट पता चला है, इसके बारे में उसने अपने वक्तव्य में दिया है। हमारी जानकारी के अनुसार गुजरात में वहां के गृह मंत्री ने केन्द्र सरकार को बार-बार स्मरण दिलाने के बाद, जो उसके लिए पहले पैकेज तय किए गए थे, जो वहां की तैयारी के लिए हमें चाहिए, उसको नहीं दिया जा सका। उसको बार-बार टालने की कोशिश की गई। सन् 2003 में 371 करोड़ रुपए की प्रस्तावित पंचवर्षीय योजना में राज्य के समुद्र तट के साथ-साथ 51 थानों, 70 चौकियां, 90 निगरानी टावरों, द्रुत गति से चलने वाली 32 नावें, 03 इन्टर-सेप्टर नावों की व्यवस्था करना तथा तटवर्ती गांवों के मछुआरों को, अभी मछुआरों का जिक्र हुआ था, पहचान पत्र ....**(व्यवधान)**.... ।

श्री राजीव शुक्ल: इस मुद्दे को गुजरात को लेकर politicise मत कीजिए, गुजरात सरकार को दस पुलिस स्टेशन का पैसा दिया गया था, वह नहीं कर पाई। अगर हम गुजरात सरकार की जिम्मेदारी की बात शुरू करेंगे तो फिर उसमें बहुत सवाल खड़े हो जाएंगे ....**(व्यवधान)**.... ।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): राजीव जी, there is no time for this. Please don't disturb. ...**(व्यवधान)**.... ।

श्री कलराज मिश्र: राजीव जी, मैंने आपके बोलते समय ....**(व्यवधान)**.... ।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): मिश्रा जी, आप जल्दी conclude कीजिए ....**(व्यवधान)**.... ।

श्री कलराज मिश्र: उपसभाध्यक्ष जी, मैं conclude करता हूँ। मैंने बोलते समय राजीव जी को कुछ नहीं कहा, मेरे पास स्टेंडिंग कमेटी की रिपोर्ट है ....**(व्यवधान)**.... ।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: राजीव जी, आपको अल्प ज्ञान है ....**(व्यवधान)**.... ।

श्री राजीव शुक्ल: महोदय, सबसे पहले गुजरात सरकार की ही जिम्मेदारी बनती थी ...**(व्यवधान)**... ।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): मिश्रा जी, आप जल्दी conclude कीजिए ...**(व्यवधान)**... ।

श्री कलराज मिश्र: उपसभाध्यक्ष जी, मैं इसको बिल्कुल politicise नहीं कर रहा हूँ। मान्यवर, मैं इसको कोई राजनीति का मुद्दा नहीं बना रहा हूँ, लेकिन धैर्यपूर्वक जहां कमियां हैं, उनकी समीक्षा कर रहा हूँ। हम किसी के ऊपर आरोप नहीं लगा रहे हैं....(व्यवधान)....।

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, Mr. Rajeev Shukla has said something. I would like to draw the attention of the Prime Minister and the Home Minister towards this issue. Sir, the Coastal Security Scheme was launched by this Government in 2005. It was decided to provide speed boats for *chauksi*. It was decided to provide these speed boats in nine coastal States, and the technology was provided by the Goa Shipyard and the Garden Reach Shipyard. The designs of the machinery were finalised. The MHA has been sitting on the Price Negotiation Committee since 2006. Till today, the Price Negotiation Committee has not finalised the rate of boats. The boats could not be acquired. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Ahluwaliaji, please. *...(Interruptions)...*

SHRI S.S. AHLUWALIA: Sir, the Action Taken Report was laid on the Table of the House. *...(Interruptions)...* I am quoting from that Report.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Ahluwaliaji, please take your seat. *...(Interruptions)...*

SHRI S.S. AHLUWALIA: That is why I am telling you, Mr. Shuklaji, you don't know many things. *...(Interruptions)...*

SHRI RAJEEV SHUKLA: That is not correct.

श्री कलराज मिश्र : मान्यवर, मैंने कहा कि ...**(व्यवधान)**... बाकायदा स्टेंडिंग कमिटी की रिपोर्ट मेरे पास है ...**(व्यवधान)**... । राजीव शुक्ल जी, आप बड़े विद्वान हैं, लेखक हैं, लेकिन मेरा आग्रह केवल इतना है ...**(व्यवधान)**... ।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mishraji, you had only ten minutes. मिश्रा जी, सुनिए, सुनिए, your party's time was over. *...(Interruptions)...* Please don't interfere. *...(Interruptions)...* Your party's time was over. Even then I gave you ten minutes. Please conclude.

श्री कलराज मिश्र : उपसभाध्यक्ष जी, अगर मैं किसी प्रकार की आलोचना करता, तब तो इस प्रकार की बात कही जाती। मैं तो जो तथ्य हैं, उनको सामने रखते हुए आग्रह कर रहा हूँ कि इन सारी चीजों को अगर तुरंत करते तो ज्यादा उपयुक्त होता। मैं तो वही पढ़ रहा था और तो मैं कुछ नहीं पढ़ रहा था। मैं गुजरात के बारे में कह रहा था, चूंकि वहां के गृह मंत्री ने 21 नवंबर को स्वयं मुझे बताया कि हमने अभी remind किया है, तो भी उनको नहीं प्राप्त हुआ। मैं इसकी जानकारी दे रहा था।

उसमें जो उन्होंने कहा था, यह कहा था कि मछुआरों के लिए पहचान-पत्र जारी करना और उनके लिए बाकायदा एक मछुआरा निगरानी समूह बनाकर सबकी गतिविधि को देखना, अगर यह रहा होता, तो मैं समझता हूं कि काफी चीज़ें आपके सामने आ गई होतीं, इसलिए मैं इसको बताने का प्रयत्न कर रहा था। मान्यवर, इसीलिए मैं कह रहा हूं कि ये सारी चीज़ें इसलिए घटित हुईं कि हमारी कहीं न कहीं त्रुटि रही या जो भी हमने कुछ घोषणाएं कीं ...**(समय की घंटी)**... बस दो मिनट में मैं खत्म करूंगा। कहीं न कहीं घटित हुई हैं, अगर उसको हमने कर लिया होता, तो ज्यादा ठीक रहा होता।

दूसरा, मैं यह कहना चाहता था कि इंटैलिजेंस में आपस का जो समन्वय है, सामंजस्य है, आपकी जो तीनों एजेंसियां हैं - चाहे आई.बी. हो, चाहे रॉ हो, चाहे डी.आई.ए. हो, तीनों स्वतंत्र एजेंसियां हैं और अपने-

अपने तरीके से वे काम करती हैं, लेकिन उनमें आपस का समन्वय नहीं बैठ पाता है, तो इनमें समन्वय बैठाने के लिए एक समिति बनाई गई थी और वह समिति, जो ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स हैं, उनके पास रखा गया था, उसको उन्होंने स्वीकार भी कर लिया था, लेकिन वह इंप्लिमेंट नहीं हुआ। इतना ही नहीं, उत्तर प्रदेश, कर्णाटक, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा - इन सारे प्रदेशों की एक जांच समिति के लिए बना था, जो वहां के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस थे, वे मैम्बर्स थे, तो इनकी दो साल में एक बार भी मीटिंग नहीं हुई। तो ये जो सारी चीज़ें हुई हैं, जो lacuna हुए हैं, जो सारी चीज़ें की गई थीं कि पहले स्वीकार कर लिया था, उसको होना चाहिए था, लेकिन वह नहीं हो पाया - इसकी तरफ मैं आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

महोदय, कारगिल लड़ाई के बाद यह अनुभव किया गया कि सुरक्षा की दृष्टि से चार बल बनाए जाएं, चार बलों को बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने उसको accept किया, लेकिन उसका क्या हुआ, इसका भी पता नहीं लगा, इसलिए इन सारी चीज़ों की कमी के कारण इस प्रकार की घटनाएं हुईं और जैसा मैंने प्रारंभ में कहा कि इसको केवल सामान्य मत लीजिए, यह बड़ा गंभीर मसला है। सीधा-सीधा आक्रमण है। पहले तो प्रॉक्सी वॉर के रूप में वह चल रहा था, सीधे इन्होंने हमला कर दिया, ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए जो पाया गया है, मैं श्रीमान प्रणब मुखर्जी की तारीफ करता हूं कि उन्होंने बड़ी कड़ाई के साथ कहा है, लेकिन मैं यह भी बताना चाहता हूं कि पाकिस्तान में जिस तरह से लश्करे तैयबा का संबंध है, वह सभी लोगों से है। आई.एस.आई. सभी के नेटवर्क के रूप में काम कर रहा है। अभी इन्होंने बंगलादेश के बारे में बात बताई, वे चले गए, लेकिन वहां जो अभी कहा जा रहा है कि पाकिस्तान सरकार इसके लिए दोषी नहीं है, वहां के आतंकवादी हैं। राजीव जी, मैं आपको बताना चाहता हूं कि लश्करे तैयबा का संबंध वहां के राजनेताओं से है। राजनेताओं द्वारा उनको संरक्षण प्राप्त है और इतना ही नहीं, लश्करे तैयबा का जो parental organisation है, जो मरकज़...(व्यवधान).....

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): मिश्र जी, खत्म कीजिए।

श्री कलराज मिश्र: यह बाकायदा सारे इंस्टीट्यूशन्स चलाता है और सारे इंस्टीट्यूशन्स चलाकर इनको मजबूत करता है। मेरा कहना है कि इन सबने यह सारी हरकत की है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Yes....it's okay.

श्री कलराज मिश्र : पाकिस्तान इसमें भागीदार है, प्रभावी तौर पर सभी लोग कड़ाई करें, यह सत्ता में .....(व्यवधान).....

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): बस, आप समाप्त कीजिए। खत्म कीजिए।

श्री कलराज मिश्र : जिस प्रकार की बहस आज हुई है, बड़ी सार्थक बहस हुई है। उस सार्थक बहस के साथ मैं अपने को सहभागी मानता हूं और जितनी सारी चीज़ें पेंडिंग हैं, आज भी जो सारी चीज़ें आप बनाने जा रहे हैं, Federal Agency बनाने जा रहे हैं, उसको कानूनी स्वरूप प्रदान करना चाहिए। बगैर कानूनी स्वरूप प्रदान किए हुए उसका प्रभाव नहीं होगा। प्रभावी कानून आना चाहिए, आतंकवाद को रोकने के लिए। महोदय, राष्ट्र की एकता, अखंडता, इन आक्रमणों के कारण खंडित नहीं हो सकती, तो सामूहिक रूप से सभी लोग मिलकर सबका समुचित तौर पर इन्वॉल्वमेंट करते हुए केवल मात्र ...**(समय की घंटी)**... राजनीतिज्ञ ही responsible न हों, बाकी के लोग भी responsible हों...(व्यवधान)....

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, you please take your seat.

श्री कलराज मिश्र : आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Honourable Members, dinner has been arranged in Room No.70. Those who wish to have dinner can go and have. For staff, it is in Room No.74.

Now, there are nine more speakers. So, I will appreciate if every Member speaks only for five minutes. Each Member will take only five minutes. Please cooperate. Now, Shri Mahendra Mohan.

श्री महेन्द्र मोहन (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद महोदय, आपने समय भी सीमित कर दिया है। मैं तो केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि जो बहस प्रारम्भ हुई, जिसे शौरी जी ने प्रारम्भ किया और उन्होंने बहुत ही अच्छी बातें कहीं। अब मैं अपने नेता श्री जनेश्वर मिश्र जी की कही हुई बात पर आता हूं। जिस समय यह हमला हुआ, जिस समय यह आतंकवादी घटना हुई, अगर उसी समय इसका मुंह तोड़ जवाब दे दिया गया होता तो जैसा जनेश्वर जी ने कहा था कि उसी वक्त अगर उन आतंकवादी अड्डों को, जिनकी हमें जानकारी है, जो पाकिस्तान में हैं और पाकिस्तान आकुपाइड कश्मीर में हैं, अगर उनको नेस्तनाबूद करने का कार्य कर दिया गया होता तो शायद आज यहां पर हम इस बहस के साथ-साथ इस खुशी को भी मना सकते कि आतंकवाद को समाप्त किया जा रहा है। यह बात सही है कि आतंकवादियों का न कोई धर्म होता है न कोई जाति होती है, लेकिन पाकिस्तान जिस प्रकार का व्यवहार कर रहा है, वह बिल्कुल उचित नहीं है। आतंकवाद के प्रारम्भ को अगर हम देखें तो जिया उल हक के समय से आतंकवाद पर कार्यवाही शुरू हुई थी। उनके समय में एक कैम्पेन चलाया गया था, "ब्लीड इंडिया" और इस "ब्लीड इंडिया" की नींव जनरल जिया के ज़माने में पाकिस्तान में जब शुरू हुई तो भारत के ऊपर सबसे लम्बा एक अघोषित युद्ध प्रारम्भ किया गया था। लेकिन उस समय राजीव गांधी की प्रो एक्टिव विदेश नीति के सामने जनरल जिया कुछ नहीं कर पाए थे। लेकिन इसी ब्लीड इंडिया ग्रुप ने पाकिस्तान के अंदर जितने इस तरह के सक्रिय आईएसआई के तहत आतंकवादी ग्रुप थे, उन्हें इकट्ठा किया और इन जेहादी ग्रुपों के द्वारा भारतवर्ष के अंदर आतंकवाद को फैलाने का पूरा प्रयास किया। इस प्रकार की चीज़ें "डॉन" में भी छपीं, आईएसआई मुखिया हामिद गुल, जिसको अमेरिका ने बहुत पहले से आतंकवादी घोषित किया था, उसने भी यही सारी बातें कही थीं। महोदय, समय कम है इसलिए मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि हम लोगों को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए न केवल आपस में एकजुट होना चाहिए बल्कि इसे उस प्रकार से लेना चाहिए जैसे घर पर आक्रमण होता है। अगर आप कमजोर हैं तो निश्चित रूप से आतंकवाद आपके ऊपर चढ़ता चला जाएगा। आपको अपनी कमजोरी को दूर करना चाहिए, आपको आतंकवाद का मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। जिस प्रकार की कार्यवाही पाकिस्तान में भारत के खिलाफ चल रही है, अभी राजीव शुक्ल जी कह रहे थे कि वहां पर उनके पास एसएमएस आते हैं। आज वहां पर जो आतंकवाद है, वह आतंकवाद आईएसआई से ही सपोर्टिड है। पाकिस्तान के अंदर जो लोग हैं, जितने कट्टरपंथी हैं, वही गवर्नमेंट को चला रहे हैं। पाकिस्तान की जो चुनी हुई सरकार है, उसका कोई कंट्रोल वहां पर आतंकवादियों पर और इनके ऊपर नहीं है। वहां पर किस प्रकार की शिक्षा इन कट्टरपंथियों के द्वारा दी जा रही है। पाकिस्तान के अंदर कहा जा रहा है कि बीई का अर्थ है, बॉम्ब इंजीनियरिंग, एमबीबीएस का मतलब है, मैंबर ऑफ बॉम्ब ब्लास्टिंग सोसायटी। राजीव शुक्ल जी जिसका जिक्र कर रहे थे, वही मैं आपको बता रहा हूं। इसी प्रकार आईआईटी का मतलब है इस्लामिक इंस्टीट्यूट ऑफ टेररिज्म, कैट का अर्थ है कैरियर इन अलकायदा ऐंड तालिबान, एमटेक का मतलब है मास्टर इन टैरर टेक्नोलॉजी, एलएलबी का मतलब है लर्निंग लाइसेंस ऑफ बॉम्ब ब्लास्टिंग, बीएससी यानी बायो वेपन साइंस। हम सब इससे बहुत डरे हुए हैं। जैसा सुप्रिया जी ने कहा कि हम सबको अपनी सुरक्षा की चिंता है, परिवारों की सुरक्षा की चिंता है, देश की जनता की सुरक्षा की चिंता है लेकिन इन आतंकवादियों को यदि मुंहतोड़ जवाब नहीं दिया गया, अगर हम ढुलमुल की नीति में रहे, अगर हम केवल यही प्रतीक्षा करते रहे कि आतंकवाद को पाकिस्तान समाप्त कर देगा तो विश्वास मानिए, यह आतंकवाद कभी समाप्त नहीं होगा। इस आतंकवाद के लिए जिस प्रकार से आज यहां पर पूरी पार्लियामेंट आपके साथ, सरकार के साथ खड़ी हुई है, हम चाहते हैं कि सरकार उसी सक्रियता के साथ कड़े कदम उठाए

8.00 P.M.

और देखे आतंकवाद कैसे पैदा होता है, उसको कैसे समाप्त किया जाए। इसके अलावा ये जो लैप्सिज़ हैं, उन्हें दूर करे। हमारी सरकार ने तुरंत कार्यवाही की, पॉलिटिशियंस की तो हम लोगों ने गर्दन काट दी और एक्शन लिया लेकिन वास्तव में जो गलतियां हैं, जिन लोगों की गलतियां हैं, जो एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर्स हैं, जो लोग इस कार्य को देख रहे थे, उनमें से किसी के ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। यह आश्चर्य की बात है। उनके खिलाफ एक्शन होना चाहिए। जो लोग इन औहदों पर बैठे हुए हैं, जिन्हें देखना था कि इंटेलीजेंस की सारी रिपोर्ट्स सही रूप से पहुंचें और सही कार्य किए जाएं उन्होंने अपने उत्तरदायित्व को पूरा नहीं किया है। उनके खिलाफ एक्शन होना बहुत जरूरी है। इससे एक सही संदेश जाएगा और लोगों के अंदर कार्य करने की जागरुकता आएगी। यह जरूरी है कि हम यह चीज़ स्थापित करें, अकाउंटेबिलिटी के लिए यह बहुत आवश्यक है। हम केवल अकाउंटेबिलिटी को पॉलिटिशियंस की जिम्मेदारी न मानें। पॉलिटिशियंस के पास तो फाइलें बहुत बाद में आती हैं। उनका निस्तारण सही समय पर नहीं किया जा रहा है। जिस प्रकार की सुरक्षा हमें दी जानी चाहिए, हमारे पुलिस बल को, हमारी मिलिट्री को, हमारी इंटेलीजेंस को, उन सबको ये सारी सुविधाएं प्रदान की जाएं। इसके साथ-साथ हमारे लिए यह भी आवश्यक है कि हम यह भी देखें कि हमारे पास जितनी फोर्स होनी चाहिए, वह नहीं है। बताया गया है कि एक लाख आदमियों के पीछे 225 आदमी सुरक्षा के लिए होने चाहिए। हमारे यहां बहुत कम हैं। जो सैंक्शंड हैं, उनकी भी अप्वाइंमेंट्स नहीं हुई हैं। उसके कारण हमारे यहां बहुत सारी दिक्कतें आ रही हैं।

मैं इस संबंध में यह भी जानना चाहूंगा कि आतंकवाद की गतिविधियों को हमेशा पैसा देकर मजबूत किया जाता है..।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Okay, you wind up now, please.

श्री महेन्द्र मोहन : मैंने स्वयं एक प्रश्न पूछा था कि आतंकवादियों के पास पैसा कहां से आता है, तो उस वक्त इसी सरकार ने हमें जबाव दिया था कि आतंकवादियों का पैसा कमोडिटी एक्सचेंज में भी लगता है, स्टाक एक्सचेंज में भी लगता है और वाशिंगटन पोस्ट ने भी खबर दी थी कि जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन भारी मात्रा में इंडियन स्टाक मार्केट में पैसा लगाते हैं। किस तरह से हम इसको रोके, किस तरह से हम इस पर अंकुश लगाएं, यह बहुत आवश्यक है। माननीय प्रधान मंत्री जी, यहां पर बैठे हैं, गृह मंत्री जी यहां पर बैठे हैं, मेरा उनसे अनुरोध है कि एक कड़ा कदम उठाया जाना चाहिए। हमें केवल प्रार्थना नहीं करनी है। हम कभी अमेरिका से कह रहे हैं कि वह कदम उठाएं, कभी हम पाकिस्तान से कह रहे हैं । निश्चित रूप से जब सही मौका आए, तो हमें आतंकवाद की जड़ को नेस्तनाबूद करना चाहिए, जहां पर इनके आतंकी ठिकाने हैं, जहां पर इसकी शिक्षा दी जा रही है, जहां से ये आतंकवादी पैदा किए जा रहे हैं, उन जगहों को हमें समाप्त करना चाहिए। इसके लिए हमको पाकिस्तान सरकार से सहायता लेनी चाहिए कि अगर वह उनको समाप्त नहीं कर पा रहे हैं, तो हम उनको नेस्तनाबूद करेंगे, हम उन आतंकवादियों को खत्म करेंगे। मुझे विश्वास है कि यहां जो भावना है, उस जनभावना के साथ पूरा देश चलेगा। हम सब मिल- जुलकर अपने देश से आतंकवाद को समाप्त करने में सफल होंगे। मैं इन शब्दों के साथ एक चीज़ और कहना चाहता हूं कि पाकिस्तानी जो हमसे हमेशा कहते हैं कि हमें आप सबूत दीजिए तो हम एक्शन लेंगे। सबूत तो हमारे पास सारे हैं ही। मैं दो लाइनें बोलना चाहता हूं।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): No, no. Take your seat. You were concluding.

श्री महेन्द्र मोहन : सर, मुझे सबूत के ऊपर अली सरदार जाफरी का एक शेर याद आता है:-

'आस्तीन खून से तर प्यार जताते हो मगर,
क्या गजब करते हो खंजर छुपाए बैठे हैं साहिब।'

खुद खंजर चला रहे हैं और हमसे कहते हैं कि सबूत दो, सबूत दो। सब लोग तो सबूत देख चुके हैं। कृपया कड़ी कार्यवाही करें, एक्शन लें, मैं इसका ही अनुरोध करता हूं। धन्यवाद।

श्री अहमद सईद मलीहाबादी (पश्चिमी बंगाल): सर, आजादी के बाद हमारे मुल्क के ऊपर चार बार हमला हुआ। फौजी हमले हुए, उनका हमने सामना किया। अब एक नये किस्म का हमला शुरू हुआ है और यह आज से नहीं शुरू हुआ है, 20 साल से ज्यादा वक्त गुजर चुका है। मुम्बई में जो वारदात हुई, उसके लिए पूरा देश गम में डूबा हुआ है और आज सुबह से हम पार्लियामेंट के दोनों हाउस में इसके ऊपर चर्चा कर रहे हैं। यहां सवाल यह पैदा होता है, मैं पूरी बहस सुबह से सुन रहा हूं कि हमारे मुल्क पर जो आतंकवाद का हमला हो रहा है, मुसलसल हो रहा है, इसको कैसे रोका जाए, अब बुनियादी सवाल यह है। जो हो गया सो हो गया, हम उसका बखान कर रहे हैं, उसकी डिटेल में जा रहे हैं, बहुत डिटेल में जा रहे हैं। हमारे फॉरेन मिनिस्टर श्री प्रणब मुखर्जी ने जो इसका फॉरेन एंगल था उसके ऊपर सुबह भाषण दिया। फिर हमारे होम मिनिस्टर साहब का जो स्टेटमेंट यहां पर पढ़कर सुनाया गया, वह हमने सुना। उसमें उन्होंने जो कुछ कहा है हम उससे इत्तेफाक करते हैं और हम यह जरूरी समझते हैं कि हुकूमत इसको रोकने के लिए जो कदम उठाना चाहती है, उसको जरूर उठाया जाए और जल्द से जल्द उठाया जाए। यह बात इसलिए जरूरी है कि आज पूरे मुल्क के अंदर एक ऐसी हवा बन गई है, जैसे कि हमारे एक दोस्त कह रहे थे, उनके मोबाइल में एसएमएस आ रहे हैं - अटैक, अटैक, हमला। हमले की बात हम सुबह से सुन रहे थे। एक आंख के बदले दो आंख, एक दांत के बदले पूरा जबड़ा, इन बातों से मामला हल नहीं होने वाला है। जिस मुल्क ने आतंकवाद के खिलाफ यह ग्लोबल वार शुरू की थी, उसने इस लड़ाई को कहां से कहां पहुंचा दिया है। उनके ऊपर हमला हुआ था, वहां नहीं हो रहा है, लेकिन उन्होंने जिन मुल्कों पर हमला किया था, उन मुल्कों के अंदर से इस कदर दहशतगर्दी सारी दुनिया के अंदर फैल रही है और वह लड़ाई हमारे दरवाजे तक पहुंच गई, हमारे घर के अंदर तक दाखिल हो गई। अब इस लड़ाई को और कितना आगे बढ़ाएंगे, कहां तक आगे ले जाएंगे, यह तो बहुत बड़ा सवाल हमारे सामने है। इस पर हमें गौर करना होगा क्योंकि जो ताकतें इस रिजन के अंदर हमारे साउथ एशिया के अंदर जो अपनी स्ट्रेटजी, जो अपना प्लान चला रही हैं, उसमें हमको किस तरह से वे लोग इन्वाल्व करना चाहते हैं, इस पर हमको बहुत ज्यादा ध्यान देना होगा क्योंकि यह लड़ाई, जो अफगानिस्तान से शुरू हुई थी, पाकिस्तान में दाखिल हो गई और अब उस लड़ाई को हमारे यहां दाखिल किया जा रहा है।

मोहतरम चेयरमैन साहब से मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की सबसे पहले लड़ाई 1947 में शुरू हुई थी । उस लड़ाई में हमारे ऊपर हमला कराया गया था पाकिस्तान के आजाद कबाइल के इलाके से उस लड़ाई में सबसे पहले जिसने मुकाबला किया था, वह कश्मीर का मुसलमान था।

शेख अब्दुल्लाह की कियादत में उन लोगों ने मुकाबला किया था। वह मुकाबला उस वक्त हुआ था जब हमारी फौज़ वहां नहीं पहुंची थी, लेकिन वहां के मुसलमानों ने उसका मुकाबला किया था। उन मुसलमानों को सज़ा देने के लिए गुज़िश्ता बीस साल से जो वहां हमले हो रहे हैं, वे हमला होते-होते अब हमारे मुल्क के अंदर भी दाखिल हो गए हैं। हमारे वजीरे आज़म साहब यहां तशरीफ रखते हैं, मैं उनके सामने यह बात कहना चाहता हूं कि जब वे 2005 में अमेरीका तशरीफ ले गए थे, तब उन्होंने वहां पर हमारी बड़ी सराहना की थी। उन्होंने अलकायदा के हवाले से कहा था कि हिन्दुस्तान का एक भी मुसलमान, टेरेरिज्म में इन्वॉलव नहीं है। शायद यह बात उन लोगों को बहुत नापसंद हुई थी। मैं यहां पर एक बात का और ज़िक्र करना चाहता हूं कि हमारे साबिक वजीरे आज़म आई.के. गुजराल साहब ने मुझको यह बात बताई थी कि अमेरिका के एक बहुत बड़े नेता जब यहां तशरीफ लाए थे, तो उन्होंने गुजराल साहब से सवाल किया था कि आपके हिन्दुस्तान में

15-20 करोड़ मुसलमान रहते हैं, अफगानिस्तान में इतने दिनों से जिहाद चल रहा है, तो क्या हिन्दुस्तान के मुसलमानों पर जिहाद का असर नही है। दुनिया के सारे मुसलमान मुल्कों से अफगानिस्तान में लड़ने के लिए आ रहे थे, लेकिन हिन्दुस्तान से एक भी मुसलमान अफगानिस्तान में लड़ने के लिए नहीं जा रहा है, इसका सबब क्या है? गुजराल साहब ने उसका जवाब यह दिया था कि हिन्दुस्तान के मुसलमान इसको जिहाद नहीं समझते हैं, वह वहां की अपनी लोकल लड़ाई है। हमारा चूंकि एक सिस्टम है, हम एक डेमोक्रेटिक सेकुलर सिस्टम में रहते हैं। यहां के मुसलमान को ऐसा जिहाद करने की जरूरत नहीं है, जिस तरह का वहां पर जिहाद हो रहा है। कश्मीर में जो बीस साल से हो रहा है, इसको जिहाद का नाम दिया गया, हिन्दुस्तान से एक भी मुसलमान लड़ने के लिए, उस जिहाद में शरीक होने के लिए नहीं पहुंचा। हमको इस बात को देखना होगा। आज हम यह बात बड़े फख्र के साथ कह सकते हैं और हमारे वजीरे आज़म साहब ने भी कही थी और आज भी कह सकते हैं कि अभी हमारे मुल्क में जो दहशतगर्दी हो रही है, उसके खिलाफ हिन्दुस्तान के मुसलमानों ने जितने जलसे किए हैं, देवबंद से लेकर दिल्ली और दिल्ली से लेकर कोलकाता, कोलकाता से लेकर मुम्बई, हैदराबाद, बंगलौर, हर जगह मुसलमान जलसे कर रहे हैं। उनमें बड़े-बड़े उल्मा शरीक हैं। अभी हैदराबाद में छः छः हजार उल्माओं ने फतवा दिया है कि यह जिहाद नहीं है, यह इंसानियत के खिलाफ संगीनतरीन जुर्म है। मैं यहां पर अपनी बात खत्म करने से पहले एक आखिरी बात यह कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान के बारे में हम लोग जो गुफ़्तगुह कर रहे हैं, यह मामला बहुत ही पेचीदा है। मैं बहुत ही मुख़्तसर बात कर रहा हूं, ज्यादा टाइम नहीं लूंगा। यह इत्तिफाक की बात है, आप सभी हज़रात के, सब लोगों के सुनने की बात है कि 26 नवम्बर को जब रात में हमारे ऊपर यह हमला हो रहा था, हम हिन्दुस्तान के चार-पांच जर्नलिस्ट पाकिस्तान में इंवाइटेड थे और हम वहां 26 नवम्बर को शाम के वक्त पहुंचे थे। हमको क्या मालूम था कि हम इतना अच्छा ज़ज्बा लेकर वहां जा रहे हैं। वहां पर इंडिया और पाकिस्तान के जर्नलिस्टों की कांफ्रेस हो रही थी। हमको इंडिया और पाकिस्तान से उस कांफ्रेंस में बुलाया गया था। हमें वहां के मीडिया रिसोर्स सैंटर ने बुलाया था। हमारे यहां रात में हमला शुरू हो गया। हम लोग वहां पर फंस गए कि अब किस तरह से वापस जाएंगे और वहां से कोई फ्लाइट भी नहीं थी, ताकि हम वापस आ सकें। हमने पाकिस्तान में जो कुछ देखा है, मैं शुक्ल जी की बात को ही दोहराऊंगा और वही बात उन्होंने सही कही है, हम पाकिस्तान में तीन दिन से थे, जब हमारे यहां हमला हो रहा था। मैं आपको वहां के कराची शहर की हालत बता रहा हूं कि वहां पर मुम्बई के इन वाकयात से हर आदमी इतना परेशान था, मैं आम आदमी की बात कर रहा हूं, वहां के पॉलिटिशयन्स की बात कर रहा हूं। वहां के गवर्नर साहब से हमारी मुलाकात हुई, उन्होंने भी उसी का इज़हार किया, लेकिन बात वही है कि हम आज यह महसूस करते हैं कि पाकिस्तान में आज जो गर्वनमेंट बनी है या इससे पहले जब भी कोई सिविलियन गवर्नमेंट बनी है, वह अपने बस में नहीं थी। उसका अख्तियार उस पर नहीं था। वहां पर जो ISI का नाम लेते हैं, वह कोई सिविलियन इंटेलिजेंसी नहीं है, वह वहां की मिलिट्री की इंटेलिजेंसी है। वहां पर वह मिलिट्री की सर्विस है। हमारे वजीरे आजम साहब और हमारे यहां के फॉरेन मिनिस्टर साहब ने जब उनको मदऊ किया कि आप अपने ISI के डायरेक्टर जनरल को भेजिए, हम लोग मिलकर बात करेंगे कि आखिर यह क्या हो रहा है, क्यों हो रहा है और कौन कर रहा है? यह बिल्कुल अब्तिदाई बात थी। हम लोग पाकिस्तान में थे, वहां पर इतना जबर्दस्त रिएक्शन हो गया और वहां के जनरलों ने अपने वजीरे आजम और सदर को आंखें दिखाईं कि आपको किसने यह अख्तियार दिया था कि आप हमसे बगैर पूछे इस तरह की आफर वहां कर देंगे। यह तो वहां की हालत हो गई है। हम आप से एक बात यह कहना चाहते हैं कि हमने जिस हालत में पाकिस्तान को देखा है, मेरा अपना इम्प्रेशन यह है कि वहां की हुकूमत बिल्कुल बेबस हो चुकी है। मैं वहाँ के नए सदर आसिफ अली

